WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, रविवार, 22 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2081 वर्ष-10 अंक- 249 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

लगता है माननीयों ने इसे अपना मूल मंत्र बना लिया है कि अपना काम बनता भाड़ में जाये जनता। संसद के शीतकालीन सत्र का हंगामों की भेंट चढऩा और करोड़ो के खर्च के बाद भी कोड़ी भर का काम न होना यही साबित करता है की संसद का कामकाज सुचारू रूप से चलना अब असंभव की हद तक कठिन काम सिद्ध होने वाला है। पिछले अन्य सत्रों की तरह ही संसद के शीतकालीन सत्र में भी खाये पीये कुछ नहीं गिलास फोड़ा डेढ़ रूपया। वाली बात हो गई। हंगामें से शुरू सत्र हंगामें पर हुआ खत्म। याने खेल खत्म पैसा हजम।

नान घोटाला : सीबीआई करेगी जांच, साय सरकार ने जारी की अधिसूचना

- स्टॉक वैरिफिकेशन के नाम पर एक-एक राशन दुकान से 10-10 लाख लिए
- महाधिवक्ता रहे सतीश चंद्र इस मामले में जांच के दायरे में

रायपुर/नवप्रदेश। ईओडब्ल्यू में पद का दुरुपयोग करने के मामले में दर्ज एफआईआर की अब सीबीआई जांच करेगी। इस मामले में पूर्व महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा, पूर्व आईएएस आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को आरोपी बनाया गया है। यह मामला छत्तीसगढ़ के नान घोटाले से जुड़ा है। इसकी अधिसूचना राज्य सरकार ने जारी कर दिया है। आरोप है कि राज्य में 13 हजार 301 दुकानों में राशन बांटने में गड़बड़ी की गई है। अकेले चावल में ही 600 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है।

कुल घोटाला एक हजार करोड़ से ज्यादा का बताया जा रहा है। बीजेपी का आरोप है कि स्टॉक वैरिफिकेशन नहीं करने के बदले में एक-एक राशन दुकान वाले से 10-10 लाख रुपए लिया गया था। कांग्रेस सरकार में महाधिवक्ता रहे सतीश चंद्र वर्मा इस मामले में जांच के दायरे में हैं। उन पर और उनके साथ अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला पर आरोप है कि उन्होंने गवाहों पर दबाव डाला और उनके बयान बदलवाए। 4 नवंबर को ईओडब्ल्यू ने नान घोटाले में एक नई एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रिटायर्ड आईएएस आलोक शुक्ला और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर किया याद

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 22 दिसंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने रामानुजन को याद करते हुए कहा कि रामानुजन आधुनिक काल में न केवल भारत बल्कि विश्व के महानतम गणितज्ञों में से एक थे, जिन्होंने गणित के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। साय ने कहा कि गणित के महान जादूगर श्रीनिवास रामानुजन को गणित के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा ।

न्याय परिषद के अध्यक्ष बने मदन

सुप्रीम कोर्ट से साल 2018 में हुए थे रिटायर

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी लोकुर को संयुक्त राष्ट्र की आंतरिक न्याय परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने जस्टिस लोकुर को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी। पत्र में बताया गया है कि जस्टिस लोकुर का कार्यकाल 12 नवंबर, 2028 तक रहेगा। यूएन की आंतरिक न्याय परिषद में दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित जज सदस्य हैं। ऐसे में जस्टिस लोकुर को परिषद का अध्यक्ष बनाया जाना, पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

भीषण आग : चार लोगों की मौत

देवास (वार्ता)। मध्यप्रदेश के देवास जिले में एक मकान में लगी भीषण आग से एक दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। नाहर दरवाजा पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात नयापुरा के एक डेयरी संचालक में आग लग गई। उनकी नीचे डेयरी थी और ऊपर पूरा परिवार रहता था। देर रात मकान में अचानक आग भड़क गई। मौके पर अग्निशमन पहुंची और आग को बुझाया। हादसे में डेयरी संचालक और उनके पूरे परिवार की दम घुटने से मौत हो गई। आग के कारणों की जांच की जा रही है।

सड़क दुर्घटना : 4 की मौत, 9 घायल

अनंतपुर (वार्ता)। आंध्र प्रदेश में अनंतपुर जिले के मदकासिरा मंडल के बुल्ला समुद्रम गांव में शनिवार तड़के एक मिनी बस और लॉरी के बीच टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना शनिवार को तब हुई, जब अमरपुरम मंडल के केएस पल्ली गांव के 13 लोग एक मिनी बस में सवार होकर तीर्थयात्रा के लिए गए और तिरुमाला से अपने पैतृक गांव वापस लौट रहे थे। तभी उनकी बस अनियंत्रित होकर एक लॉरी से टकरा गई। इसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और मिनी बस चालक सहित नौ लोग घायल हो गए।

धान खरीदी केंद्र में घुसा भालू, मजदूर जख्मी

कांकेर/नवप्रदेश। शहर के एक धान खरीदी केंद्र में भालू के घुस आने से हड़कंप मच गया। यहां भालू ने एक मजदूर पर हमला करके घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया है। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद भालू को खरीदी केंद्र से खदेड़ा है। वहीं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। पूरा मामला अल्नियापारा धान खरीदी केंद्र का है। जहां अचानक भालू घुस आया। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान भालू ने एक व्यक्ति पर हमला भी कर दिया।

कुवैत पहुंचे पीएम मोदी, भारतीय मूल के लोगों से की मुलाकात

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोदिवसीय दौरे पर कुवैत पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री कुवैत के शेख मेशाल अल अहमद अल जबार अल सबाह के बुलावे पर कुवैत पहुंच गए हैं। यह बीते 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला कुवैत दौरा है। प्रधानमंत्री ने कुवैत सिटी में भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। हाथों में तिरंगा थामे भारतीय मूल के लोगों का उत्साह भी इस दौरान देखने लायक रहा। प्रधानमंत्री से मिलकर भारतीय समुदाय के लोग बेहद खुश दिखाई दिए।

कुवैत में करीब 10 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो वहां का सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। ये समुदाय कुवैत की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देता है। कुवैत के स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में भारतीयों की अहम भूमिका है।

कुवैत की आजादी को मान्यता देने वाले शुरुआती देशों में भारत भी शामिल

भारत और कुवैत के बीच राजनयिक संबंध 1961 में स्थापित हुए थे। कुवैत की आजादी को सबसे पहले मान्यता देने वाले देशों में भारत भी एक था। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार और सांस्कृतिक क्षेत्रों में लंबे समय से सहयोग रहा है। कुवैत भारत के लिए तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और 1961 तक भारतीय रुपया कुवैत में ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ध्यान व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है। उन्होंने लिखा,आज, विश्व ध्यान दिवस पर, मैं सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव करने का आह्वान करता हूं। ध्यान एक व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती

कजान में 9/11 जैसा हमला कई इमारतों से टकराए ड्रोन

कजान(ए.)। रूस के कजान शहर में बड़ा ड्रोन हमला हुआ है। रूसी मीडिया के अनुसार, कजान में कई बहुमंजिला इमारतों से ड्रोंस टकराए हैं। यह हमला अमेरिका में साल 2001 में हुए 11 सितंबर जैसे हमले की तरह किया गया है। इस हमले में हुए नुकसान की अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन जिस तरह से ड्रोन्स रिहायशी इमारतों से टकराए हैं और इमारतों में धमाके हुए और आग लगी, उससे बड़े नुकसान की आशंका है। हमले के वीडियो भी सामने आए हैं। वहीं रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रिलस्क शहर में यूक्रेन के मिसाइल हमले में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत की खबर है। हमले में 10 अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

यूक्रेन पर लगे ड्रोन हमले के आरोप : मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये हमले यूक्रेन की तरफ से किए गए हैं। ड्रोन्स हमलों के बाद कजान एयरपोर्ट पर हवाई सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 800 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। कजान की छह रिहायशी इमारतों पर ये ड्रोन हमले हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कजान शहर यूक्रेन की सीमा से करीब 900 किलोमीटर पूर्व में स्थित है और पूर्व में भी यूक्रेन की तरफ से ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

अब पूर्वोत्तर में पुलिस के दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत : अमित शाह

अगरतला (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर में उग्रवाद समाप्त हो गया है और अब पूर्वोत्तर राज्यों की पुलिस को अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि अब पुलिस को लोगों को जल्द न्याय सुनिश्चित कराने पर फोकस करना चाहिए। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

उग्रवाद का दौर समाप्त हुआ

शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में 20 शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे पूर्वोत्तर के राज्यों में शांति आई है। इन शांति समझौतों के चलते 9,000 सशस्त्र उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। शाह ने कहा कि, पुलिस ने चार दशकों तक पूर्वोत्तर में उग्रवाद से लड़ाई लड़ी। चूंकि अब उग्रवाद समाप्त हो गया है, इसलिए अब पुलिस बल को लोगों की एफआईआर दर्ज करने के तीन साल के भीतर न्याय दिलाने के दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है।

आप का दलित छात्रों को छात्रवृत्ति देने का एलान

नई दिल्ली(ए।)। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दलित समाज के लिए बड़ी घोषणा की है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान किया है। इससे पहले भी आप कई लोकलुभावन योजना की घोषणा कर चुकी है। जिसमें बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना और ऑटोवालों को पांच बड़ी गारंटी, महिला सम्मान योजना आदि शामिल हैं। दिल्ली में जनता ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रक पलटने से 4 लोगों की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। दरभा इलाके में ट्रक पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं 40 लोग घायल हैं। यह हादसा दोपहर चांदामेटा और कोलेंग गांव के बीच हुआ। घटना स्थल के पास ही सीआरपीएफ कैंप है। हादसे की सूचना पर सीआरपीएफ के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा कि मिनी ट्रक में करीब 45 लोग सवार थे। सभी ग्रामीण स्थानीय बाजार गए हुए थे। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं 40 ग्रामीण घायल हैं। पास ही के सीआरपीएफ कैंप से तुरंत सहायता प्रदान की जा रही है।

माओवादियों को बड़ा झटका... *पोटाश बम की चपेट में आया था शावक*

6 लाख के इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

गढ़चिरौली (ए.)। महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को बताया कि गढ़चिरौली जिले में 8 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों पर हत्या, लूट, अपहरण समेत कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस की ओर जारी जानकारी में मुताबिक, गढ़चिरौली निवासी रामासु पोयम उर्फ नरसिंह (55) और पड़ोसी छत्तीसगढ़ के नारायणपुर निवासी रमेश कुंजाम उर्फ गोविंद (25) ने शुक्रवार को गढ़चिरौली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि 6 लाख रुपये के इनाम वाले पोयम को 1992 में टिपागढ़ एलओएस के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया था और वह 2010 से कुतुल और नेलनार एलओएस में क्षेत्र समिति सदस्य (एसीएम) के रूप में कार्यरत था।

पुलिस ने बताया कि, पोयम के नाम 12 मामले दर्ज हैं, जिनमें छह मुठभेड़, पांच हत्याएं और डकैती का एक अपराध शामिल हैं। कुंजाम, जिस पर 2 लाख रुपये का इनाम था। 2019 में संगठन में सदस्य के रूप में शामिल हुआ था। उसे 2020 में चेतना नाट्य मंच (सीएनएम) के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया और 2021 में वह कुतुल एलओएस का सदस्य बन गया।

बम ब्लास्ट : 3 नक्सली गिरफ्तार, डेटोनेटर, पावर बैटरी भी बरामद

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश । सर्चिंग के दौरान पुलिस ने मुलेर मार्ग के पास आईईडी बम ब्लास्ट के 3 आरोपी नक्सली को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नक्सलियों से इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, पावर बैटरी भी बरामद की गई है। गिरफ्तार नक्सलियों में कोवासी देवा (डीकेएमएस अध्यक्ष) एक लाख का ईनामी, पांडू मुचाकी, जोगा कवासी को डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, सीएएफ और अरनपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया।

2024 के भीषण हादसे: भूस्खलन, भगदड़, कंचनजंगा रेल हादसे और जयपुर अग्निकांड

नई दिल्ली/ए.। 2024 सिर्फ अन्य देशों के लिए ही नहीं, बल्कि, देश के लिए भी हादसों और दुर्घटनाओं की डरावनी यादों से भरा रहा। इस साल की शुरुआत टोक्यो में 7.8 तीव्रता की भूकंप के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई। भारत में भी कुछ ऐसी घटनाएं घटी, जिन्होंने दिल दहला दिया। जहां केरल के वायनाड में भूस्खलन से जानमाल का भारी नुकसान हुआ तो वहीं कंचनजंगा रेल हादसे ने एक बार फिर भारतीय रेलवे की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए। जाते-जाते साल के अंत में मुंबई के पास नौसेना के पोत ने एक पर्यटक नाव को टक्कर मार दी, जिससे वजह डूब गई। इसके बाद जयपुर में गैस भरे ट्रक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे धमाका हुआ और देखते ही देखते आसपास का इलाका आग के गोले में तब्दील हो गया। आइए इस साल की इन दुर्घटनाओं के बारे में यहां विस्तार से जानेंगे।

कंचनजंगा रेल हादसा: हादसे में घायलों को अस्पताल ले जाया गया था। पहली वजह तो यह रही कि सिग्नल खराब होने के बाद भी सेक्शन में मालगाड़ी और कंचनजंगा एक्सप्रेस के अलावा पांच अन्य ट्रेनों ने भी प्रवेश किया था। वहीं कंचनजंगा एक्सप्रेस के लोको पायलट को छोड़कर किसी भी ट्रेन के लोको पायलट ने सिग्नल खराब होने के दौरान ट्रेन को 15 किमी प्रतिघंटा की गति से चलाने और खराब सिग्नल पर रुकने के रेलवे के नियम का पालन नहीं किया।

दूसरी वजह सामने आई कि खराब सिग्निलंग को लेकर मालगाड़ी के चालक को जो टी/ए 912 फॉर्म जारी किया गया था, उसमें स्पीड का जिक्र नहीं था। तीसरी वजह मानी गई है कि ऑटोमैटिक सिग्नल फेल होने के बाद भी अफसरों ने सेक्शन में ब्लॉक नहीं लिया। इस नियम के तहत दो स्टेशनों के बीच एक ट्रेन दौड़ती है और जब तक आगे वाली ट्रेन अगले स्टेशन को पार नहीं कर लेती तब किसी दूसरी ट्रेन को पहले स्टेशन में प्रवेश नहीं दिया जाता है।

वायनाड भूस्खलन

केरल के वायनाड में 30 जुलाई को मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी थी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई। राज्य के तीन जिलों के लोगों के लिए जीवन रेखा रही चलियार नदी भूस्खलन के बाद से विनाश का प्रतीक बन गई है। सीएम विजयन ने इसे अकल्पनीय और दर्दनाक आपदा करार दिया।

कंचनजंगा रेल हादसा

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास भयानक रेल हादसा हुआ, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में यात्री ट्रेन का गार्ड और मालगाड़ी का चालक भी शामिल था। हादसे में कंचनजंगा एक्सप्रेस से एक मालगाड़ी भिड़ गई। यह टक्कर इतना भयानक था कि इंजन पर बोगियां चढ़ गई। कई बोगियां पटरी से भी उतर गई थी। घटना की जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

हाथरस भगदड़

इस साल की सबसे बड़ी घटनाओं में हाथरस भगदड़ भी शामिल है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में भगड़द मच गई। इसमें करीब 116 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लिया था। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।

मुंबई तट के समीप डूबी नौका

महाराष्ट्र में मुंबई तट के समीप 18 दिसंबर को नौसेना के एक पोत के एक नौका से टकराने के कारण 13 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 101 अन्य लोगों को बचा भी लिया गया। हादसे में जीवित बचे लोगों ने बताया कि उनके पास लाइफजैकेट नहीं थी। मामले में नौसेना के नाव चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बुधवार को मुंबई तट पर नौसेना की नाव से टकराने वाली निजी नौका पर सवार यात्रियों को लाइफ जैकेट नहीं दी गई थी। पुलिस ने मुंबई के साकीनाका निवासी नाथाराम चौधरी की शिकायत पर नौसेना की स्पीडबोट के चालक के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की है।

राजस्थान में भीषण अग्निकांड

इस बीच 20 दिसंबर को जयपुर के पास एलपीजी टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस वजह से लगी आग ने 30 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया और इस दुर्घटना में 14 लोग जिंदा जल गए। आग ने 30 अन्य लोगों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक, 14 लोगों की मौत हो चुकी है और आग में झुलसे लगभग 30 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से कुछ वेंटिलेटर पर हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे के बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा व गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम घटनास्थल पहुंचे।

न्यूज गैलरी

जयपुर गैस टैंकर हादसे में मृतकों की संख्या 14 हुई

जयपुर(वार्ता)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में अजमेर-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक गैस टैंकर में आग लगने के बाद हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मृत्यु हो जाने से इसमें मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई जबकि करीब 35 लोग घायल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गंभीर रूप से घायल राजकुमार और गोविंद ने शुक्रवार रात दम तोड़ दिया जिससे इसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 पहुंच गई। हादसे में पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी जबकि गंभीर रूप से घायलों में नौ लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा। घायलों का सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज चल रहा जहां कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा में एक पेट्रोल पंप के पास एक गैस टैंकर से अन्य वाहन के टकराने पर लगी आग से यह हादसा हुआ जिसमें आसपास के क्षेत्र एवं कई वाहनों में आग लग गई थी।

मुंबई नौका हादसा , मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई

मुंबई(वार्ता)। गत 18 दिसंबर को मुंबई तट पर पर्यटक नौका-भारतीय नौसेना की नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लापता सात वर्षीय लड़के का शव शनिवार को मिला और मृतकों की संख्या 15 हो गयी। लड़के की पहचान गोवा निवासी जोहान पठान के रूप में हुई है, जिसकी मां की इस हादसे में मौत हो गयी थी।

जयपुर में यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पुलिस-कार्यकर्ताओं में झड़प लाठीचार्ज और गिरफ्तारी

जयपुर(ए.)। राजस्थान यूथ कांग्रेस ने आज डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के उद्देश्य से बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक से मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच किया लेकिन पहले से तैयार पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक अभिमन्यु पूनिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को पार करने का प्रयास किया। जैसे ही पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों ने इसका विरोध किया। इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और प्रदर्शनकारियों ने जबरन सुरक्षा घेरा तोड़ने का प्रयास किया।

स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की तेज धार के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीछे हटने से इंकार कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने जवाब में पुलिस पर कुर्सियां फेंकीं, जिससे माहौल और गरमा गया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें कई कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी डटे रहे और गिरफ्तारी देने का निर्णय लिया। पुलिस ने गिरफ्तार कार्यकर्ताओं को शहर के दूरस्थ थानों में ले जाकर छोड़ा। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है और सरकार जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। पूनिया ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेशभर में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। पुलिस ने अपनी कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने कानून हाथ में लेने की कोशिश की, जिसके चलते मजबूरी में वॉटर कैनन और लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। बहरहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन इस घटना के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस और सरकार के बीच टकराव के चलते आगामी दिनों में और भी प्रदर्शन देखने को मिल सकते हैं।

'विश्वगुरु भारत' के व्याख्यान में बोले आरएसएस प्रमुख

राम मंदिर बनाने से कोई हिंदू नेता नहीं बन सकता: भागवत

पुणे (वार्ता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि राम मंदिर बनाने से कोई हिंदू नेता नहीं बन सकता। श्री भागवत ने शुक्रवार को पुणे में 'विश्वगुरु भारत' के व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा , धर्म प्राचीन है और धर्म की पहचान से ही राम मंदिर बनाया गया है। यह सही है, लेकिन सिर्फ मंदिर बन जाने से कोई हिंदुओं का नेता नहीं बन सकता। हिंदू धर्म सनातन धर्म है और इस सनातन और सनातन धर्म के आचार्य सेवाधर्म का पालन करते हैं। यह मानव धर्म की तरह सेवा धर्म है। सेवा करते समय हमेशा चर्चा से दूर रहना हमारा स्वभाव है। उन्होंने आगे कहा, जो लोग बिना दिखावे के लगातार सेवा करते हैं, वे सेवा की इच्छा रखते हैं। सेवा धर्म का पालन करते हुए हमें अतिवादी नहीं होना चाहिए और देश की परिस्थिति के अनुसार मध्यम मार्ग



अपनाना चाहिए।

मानव धर्म ब्रह्मांड का धर्म है और इसे सेवा के माध्यम से प्रकट किया जाना चाहिए। हम विश्व शांति की घोषणा करते हैं , लेकिन अन्य जगहों पर अल्पसंख्यकों की क्या स्थिति है? इस पर ध्यान देना जरूरी है। पेट भरने के लिए जो जरुरी है, वह करना चाहिए , लेकिन घर-गृहस्थी से परे जो कुछ भी हमें मिला है, उसका दोगुना सेवा के रूप में देना चाहिए।

मुश्किल में सांसद बर्क, बिन नक्शा पास निर्माण पर चला बुलडोजर

लखनऊ(ए.)। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उनके खिलाफ एक के बाद एक कार्रवाई हो रही है। बृहस्पतिवार को बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उन पर 1.19 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके बाद शुक्रवार को उनके घर के बाहर प्रशासन का बुलडोजर चला। घर के बाहर नाली पर बनीं सीढियां और स्लैब तोड़ दिए गए। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था खड़ी रही। ड्रोन से निगरानी की गई। 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। पुलिस की ओर से हिंसा करने के लिए सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को आरोपी बनाया गया है। उनपर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। इसके बाद से सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

बने हुए घर को जेसीबी से किया ध्वस्त

प्रशासन में बीते मंगलवार को बिजली चोरी का शक जताते हुए उनके घर पर डिजिटल मीटर लगाया। उसके बाद बृहस्पतिवार को बिजली विभाग की टीम ने उनके घर पर बिजली उपकरणों की जांच की। बिजली एसई विजय कुमार गुप्ता ने दावा किया कि उनके घर पर दो-दो किलोवाट के दो मीटर लगे हैं। जबकि उनके घर में मौजूद बिजली उपकरणों की क्षमता 16 किलोवाट से अधिक है। इस मामले में बिजली विभाग की ओर से सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं, उनके पिता ममलुकूर्रहमान बर्क पर बिजली अधिकारी-कर्मचारियों को धमकाने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और अभद्रता करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लेकिन, शुक्रवार को फिर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस फोर्स के साथ पहुंची प्रशासनिक टीम ने उनके घर के बाहर अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान नाली पर बनी सीढ़ियां और स्लैब को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन का दावा है कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के बाहर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण किया गया है। लगातार हो रही कार्रवाई में से स्पष्ट है कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क प्रशासन के निशाने पर है। उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं।

शाह के खिलाफ सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

देवरिया(वार्ता)। यूपी के देवरिया में सपा के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डा.भीम राव अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह के बयान देने का आरोप लगाकर शनिवार को सड़क पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन किये। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान किया है और इसके विरोध में सड़क पर उतर कर आज सपा कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध प्रदर्शन कर गृहमंत्री के इस्तीफा की मांग की है।

मानव अन्वेषण और अनुसंधान में सहयोग के लिए इसरो-ईएसए के बीच समझौता

अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण पर मिलकर सहयोग करेंगी दोनों एजेंसियां

बंगलूरू। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, मिशन क्रियान्वयन और अनुसंधान प्रयोगों से जुड़ी गतिविधियों पर सहयोग किया जाएगा। समझौते पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ और ईएसए के निदेशक जोसफ एशबैचर ने हस्ताक्षर किए। इसरो ने एक बयान में कहा, इस समझौते के तहत दोनों एजेंसियां मानव अन्वेषण और अनुसंधान में सहयोग करेंगी। खासकर अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, प्रयोग, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष

स्टेशन (आईएसएस) पर ईएसए की सुविधाओं का उपयोग, मानव और जैव चिकित्सा अनुसंधान प्रयोगों का क्रियान्वयन, साथ ही शिक्षा और जन जागरूकता की गतिविधियों पर मिलकर काम किया जाएगा। बयान में आगे कहा गया कि एक्सिओम-4 मिशन में इसरो के गगनयात्री और ईएसए के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। इस मिशन में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कुछ अन्वेषण का प्रयोग अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए जाएंगे। इस मौके पर सोमनाथ ने कहा कि इसरो ने मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत भारत अपने स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन बीएएस (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) भी बनाने जा रहा है और इससे ईएसए के साथ सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। वहीं, ईएसए के प्रमुख एशबैचनर ने इस समझौते को दोनों एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया और इसरो की सराहना की।

धरना स्थल पर ही क्लास चलाने की तैयारी, दंडवत यात्रा से पहले छात्र बेहोश

इंदौर। MPPSC छात्रों के आंदोलन का शनिवार को चौथा दिन था। छात्रों ने टीचरों से मांग की है कि अब धरना स्थल पर ही क्लास चलाई जाए। टीचरों ने सहमति भी दे दी है। दंडवत यात्रा निकालने से पहले ही एक छात्र बेहोश हो गया। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों का आंदोलन चौथे दिन भी जारी है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और खंडवा सहित विभिन्न जिलों से करीब 20,000 छात्रों के आंदोलन स्थल पर पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। अभ्यर्थियों की तैयारी बाधित न हो, इसलिए शिक्षकों ने प्रदर्शन स्थल

पर ही छात्रों को पढ़ाने का निर्णय लिया है। वहीं अरविंद सिंह भदौरिया नाम का एक छात्र बेहोश हो गया। आयोग की सद्बुद्धि के लिए अभ्यर्थी सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। दोपहर 3:00 बजे के बाद दंडवत परिक्रमा करने की प्लानिंग थी लेकिन उसे निरस्त कर दिया गया है। अब यह कल निकाली जाएगी। छात्रों की प्रमुख मांग है कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और परीक्षा प्रणाली में सुधार हो।

कमलनाथ ने सीएम से की अपील

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'ख्वक्कस्ष्ट के अभ्यर्थियों का आंदोलन तीन दिन से जारी है, लेकिन सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। मध्य प्रदेश में सरकारी भर्ती प्रक्रिया संदिग्ध हो चुकी है। दलालों का रैकेट सक्रिय है, और परीक्षाओं की प्रक्रिया बार-बार विवादों में फंसती है। मैं मुख्यमंत्री से अपील करता हूं कि छात्रों की समस्याओं का समाधान जल्द निकाला जाए।

20 हजार युवाओं के पहुंचने की संभावना-नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के सदस्य राधे जाट ने कहा कि अनशन के दौरान कुछ समस्याएं आ रही हैं, लेकिन प्रदेश के युवाओं से आग्रह है कि आपका कल का उत्साह प्रेरणादायक था। आपसे अनुरोध है कि जल्द से जल्द धरना स्थल पर पहुंचें।

बीएमसी चुनाव | इस चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या लोकसभा और विधानसभा चुनावों से ज्यादा

महाविकास अघाड़ी में आई दरार! संजय राउत का बड़ा संकेत- पार्टी अकेले लड़ सकती है बीएमसी चुनाव

मुंबई। महाराष्ट्र में सियासी गलियारों में लगातार हलचल मची हुई है। इस बीच, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने संकेत दिया कि उनकी पार्टी मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में अकेले उतर सकती है, हालांकि वे महा विकास आघाड़ी (एमवीए) का साथ नहीं छोड़ रहे हैं।

इस मुद्दे पर चल रही बातचीत

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बीएमसी चुनाव में अकेले उतरने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इस चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या लोकसभा और विधानसभा चुनावों से ज्यादा है। उन्होंने आगे कहा, 'उद्धव ठाकरे और अन्य पार्टी नेताओं के बीच इस बारे में बातचीत चल रही है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि हम अकेले चुनाव लड़ें।'

2022 के बाद अबतक नहीं हुए चुनाव

शिवसेना ने 1997 से 2022 तक लगातार बीएमसी पर अपना नियंत्रण बनाए रखा था।

पिछला मुंबई नगर निगम चुनाव मार्च 2022 में समाप्त हुआ था और अब तक नए चुनाव नहीं हुए हैं।

पहले भी लड़ते थे अकेल और अब भी...

राउत ने कहा कि मुंबई में शिवसेना की शक्ति अप्रतिबंधित है और अगर उन्हें विधानसभा चुनावों में अधिक सीटें मिलतीं तो वे जीत सकते थे। उन्होंने कहा कि जब अविभाजित शिवसेना भाजपा के साथ गठबंधन में थी, तब भी वे बीएमसी और अन्य स्थानीय चुनावों में अकेले चुनाव लड़ते थे और अब भी इसी तरह से चुनाव लड़ने की कोशिश की जा रही है।

पिछले सप्ताह, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि शिवसेना बीएमसी चुनाव महायुति (गठबंधन) के तहत लड़ेगी, जिसमें भाजपा, शिवसेना और एनसीपी शामिल हैं।

राम मंदिर आंदोलन में उद्धव शिवसेना, कांग्रेस ने भी योगदान दिया: राउत

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि राम मंदिर देश के इतिहास में एक आंदोलन था और न केवल भाजपा और पीएम मोदी ने इसमें योगदान दिया, बल्कि आरएसएस, शिवसेना, वीएचपी और यहां तक कि कांग्रेस सहित सभी ने इस आंदोलन में योगदान दिया।

राउत ने भागवत पर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने ही ऐसे लोगों को सत्ता में लाया और अब उन्हें इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'राम मंदिर इस देश के इतिहास में एक आंदोलन था। मेरा मानना है कि सभी ने उस आंदोलन में योगदान दिया। न केवल भाजपा और पीएम मोदी ने इसमें योगदान दिया, बल्कि आरएसएस, भाजपा, शिवसेना, वीएचपी, बजरंग दल और कांग्रेस ने भी इस आंदोलन में योगदान दिया।

यह सही है कि कोई भी व्यक्ति केवल मंदिर बनाकर नेता नहीं बन सकता। यह देश एक मंदिर है, आपको इसे बनाना चाहिएज्मोहन भागवत, आप ही ऐसे लोगों को सत्ता में लाए। इसलिए अब आप जिम्मेदारी लें।'

जिले को अपराध मुक्त जिला बनाने के लक्ष्य पर पुलिस कर रही कामः एसपी रजनेश सिंह

अपराधियों की अर्जित संपत्तियां होंगी कुर्क, पुलिस और जिला प्रशासन की चल रही तैयारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले को अपराध मुक्त बनाने पुलिस ने अपनी कमर कस ली है और जिले के गुंडा, बदमाश, हिस्ट्री शीटर, गुर्गे द्वारा गैर कानूनी ढंग से अर्जित संपत्ति को ध्वस्त करने सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन अनुसार जिला प्रशासन से मिलकर टीम तैयार कर रही है और ऐसे अपराधियों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है जो अपराध की दुनिया में रहकर संपत्ति अर्जित किए हैं।

पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ जबरदस्त योजना बनाई जा रही है। पुलिस कप्तान रजनेश सिंह ने एक एक कर अपराध के बूते जुटाई गई काली कमाई को नेस्तनाबूद करने का प्लान बनाया है। बीते शुक्रवार को लालखदान क्षेत्र के आदतन बदमाश रंजन गर्ग के ढेंका स्थित एक एकड़ जमीन पर अवैध निर्माण और घेरे को पुलिस ने जिला प्रशासन की टीम के साथ मिलकर जमींदोज किए जाने की चर्चा शहर में जोरों पर है। इधर इस कारवाई से जिले के गुंडा, बदमाश, हिस्ट्री शीटर, गुर्गों के अलावा अपराध की दुनियां से जुड़े क्राइम मास्टरों के रिकॉर्ड पर पुलिस कप्तान सिंह ने नजर दौड़ना शुरू कर दिया है। एसपी रजनेश सिंह ने अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने का प्लान बनाया है। एसपी ने इस काम का जिम्मा एडिशनल एसपी सिटी राजेंद्र जायसवाल को सौंपा है जो शहर के थानेदारों से कोऑर्डिनेशन कर गुंडा, बदमाश, हिस्ट्री शीटर, गुर्गे और पुलिस की डायरी ने दर्ज अन्य तरह के अपराधियों का डिटेल निकाल करेंगे। जिसके बाद बीएनएसएस की धारा 107 के तहत कारवाई की जाएगी। पुलिस ने इन अपराधियों के चंगुल से अवैध तरीके से कब्जाई गई संपत्तियों को जब्त करने की तैयारी कर दी है। जिला प्रशासन के सहयोग से सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने का अभियान तेज किया जाएगा। इसके तहत, अपराधियों की चल-अचल संपत्तियों की सूची बनाकर उन्हें जब्त किया जाएगा।

पुलिस कप्तान ने कहा कि मौके की नजाकत को देखते हुए शातिर और कुख्यात अपराधियों का एनकाउंटर करना एक अलग चीज है लेकिन अपराध जगत में रह कर जुटाई गई चल, अचल संपत्ति को खत्म करना मतलब अपराध और अपराधियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ने से भी बड़ा है। उन्होंने कहा कि अब गुंडे, बदमाश व अन्य अपराधियों द्वारा गैर कानूनी काम करके अर्जित की गई संपत्ति को कानून के अनुसार जब्त करेंगे। इससे अपराधियों का कमर टूटेगी और समाज अपराध मुक्त होगा। इसके लिए पूरी टीम तैयार की जा रही है और यह योजना जल्दी ही धरातल पर आएगी।

जिला प्रशासन के समन्वय से होगा कार्रवाई

एसपी सिंह ने ओएजी न्यूज नेटवर्क से (ऑफ कैमरा) चर्चा के दौरान क्राइम मास्टरों से क्लीन बिलासपुर को लेकर अपना प्लान साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बड़ी तैयारी की जा रही है। राजस्व विभाग की हेल्प लेकर खास कर जिला रजिस्टार से बात कर गुंडा, बदमाश, हिस्ट्री शीटर, गुर्गे और पुलिस की डायरी ने दर्ज अन्य तरह के अपराधियों का डिटेल निकाल कार्रवाई की जाएगी। जिसकी शुरुआत हो चुकी है। जरूरत पड़ी तो राजधानी में बैठे अफसरों से भी अपराधियों के काले खाके की पातासाजी के लिए फोन घुमाया जाएगा और सारा ऑडिट कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने 20 से अधिक कुख्यात अपराधियों की सूची बनाई है। इनमें रंजन गर्ग समेत अन्य नाम प्रमुख हैं। ये अपराधी अवैध कब्जा, संपत्ति विवाद और अन्य गंभीर मामलों में शामिल हैं। पुलिस ने इनकी संपत्ति और अवैध धंधों की भी जांच शुरू कर दी है। एसपी का कहना है कि जिन अपराधियों ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है, उनके खिलाफ जिला प्रशासन के साथ मिलकर युद्धस्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार होगी कार्रवाई

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति जब्ती के मामलों में यह स्पष्ट किया है कि अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति की जब्ती के लिए ठोस प्रमाण जरूरी हैं। जब्ती की प्रक्रिया में संबंधित व्यक्ति को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। कार्रवाई के दौरान किसी निर्दोष को परेशान नहीं किया जाएगा। पुलिस विभाग ने अपराधियों की संपत्ति जब्ती को लेकर कदम उठाए हैं। अपराधियों की संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना। स्थानीय प्रशासन और राजस्व विभाग की मदद से अवैध कब्जे चिन्हित करना। जब्ती के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। बीएनएस की धारा 107 जप्त कर कुर्की की तैयारी।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी चुनाव कोर कमेटी के अध्यक्ष बने नीलेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार गुट के कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष और सीनियर लीडर की अगुवाई में बैठक में नगर निगम, नगर पंचायत, जिला पंचायत और पंचायत चुनावों को लेकर अहम निर्णय लिए गए। कोर कमेटी का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नीलेश बिस्वास को सौंपी गई। इसके साथ ही, रामेश्वर केंवट, रमेश कुमार पाण्डेय, सी. देव कुमार, राहुल नरवानी, मनोज तेजवानी, वंदना नंदनवार, अलीशा बेगम और सैयद आमीन जैसे प्रमुख नेता भी इस कमेटी का हिस्सा बने। चुनावों की पूरी जिम्मेदारी इस कोर कमेटी को सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने इसके संचालन का जिम्मा लिया है, जिससे यह चुनावी युद्ध और भी तीव्र और निर्णायक बनता नजर आएगा।

संयुक्त टीम ने 42 लाख का धान पकड़ा

बिचौलियों ने खपाने की कर रखी थी तैयारी, 1112 बोरी धान जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर बिचौलियों और दलालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। राजस्व और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आधा दर्जन दुकानों पर दबिश दी। छापे में 1112 कट्टी धान जब्त की गई। जिसकी कीमत लगभग 14 लाख रूपए आंकी गई है। सोसाइटियों में खपाने की नीयत से धान का अवैध भंडारण किया गया था। कलेक्टर ने जब्त धान पर नजर रखने को कहा है ताकि केंद्रों पर वह बिकने ना पाए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि आज एसडीएम बिल्हा के मार्गदर्शन में चकरभाठा में जय श्री कृष्ण ट्रेडर्स के यहां 370 बोरी (148 क्विंटल) धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार खाद्य एवं मण्डी विभाग द्वारा सीपत निवासी फुटकर व्यापारी इंद्र वर्मा के दुकान माँ प्रॉविजन स्टोर्स से 73 कट्टी × शिवगोपाल साहू के प्रतिष्ठान से 69 कट्टी कुल 142 कट्टी लगभग 56.80 क्विंटल धान मण्डी अधिनियम के अंतर्गत जप्त किया गया। चकरभाठा में सुरेश धान भंडार के यहां 150 बोरी (60 क्विंटल) धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।

तहसील कोटा में ग्राम गोबरिपाट में फर्म सत्यप्रकाश दुबे में 450 कट्टी (180 क्विंटल) धान के संबंध में मौके पर किसी प्रकार का मंडी शुल्क रशीद और स्टॉक पंजी उपलब्ध नहीं किया गया। जिसके कारण धान जप्त किया गया तथा मंडी अधिनियम के तहत मंडी शुल्क में 5 गुना चार्ज लगाए जाने हेतु पंचनामा तैयार किया गया। इस तरह आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

धान परिवहन की गति बढ़ाएं: संभागायुक्त

■ माइक्रो एटीएम का अधिक उपयोग करने निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने कोरबा जिले के पाली धान ख़रीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने माइक्रो एटीएम का अधिक से अधिक उपयोग हेतु प्रचार करने कहा ताकि लोगों की भीड़ बैंकों में ज़्यादा ना लगे। संभागायुक्त ने मॉइस्चर मीटर से धान का मॉइस्चर नपवाया, साथ ही धान को अपने समक्ष तौलवाया, सीसीटीवी बैकअप भी चेक किया। अभी इस केंद्र में 53 हज़ार बारदाने उपलब्ध हैं, 13 हज़ार 753 क्विंटल धान में से 6672 क्विंटल धान परिवहन किया गया। संभागायुक्त ने धान परिवहन की गति बढ़ाने एसडीएम को निर्देश दिए7 निरीक्षण दौरान एसडीएम पाली, तहसीलदार एवं प्रबंधक भी उपस्थित थे।

एनएसएस युवाओं को राष्ट्र सेवा में जोड़ने का बड़ा साधनः दिलेन्द्र

सीपत/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत ऊनी में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय का एनएसएस शिविर प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम माता सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के तेल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। ग्राम के सरपंच रमेश साहू ने स्वागत भाषण दिया और सभी अतिथियों को अपने ग्राम पंचायत में आने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए बीजेपी नेता दिलेंद्र कौशिल ने कहा कि एनएसएस सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवाओं राष्ट्र सेवा में जोड़ने का सबसे बड़ा साधन है। श्री कौशिल ने बताया कि महात्मा गांधी के जन्मशती वर्ष 1969 में एनएसएस की स्थापना हुई तथा एनएसएस में स्वामी विवेकानंद को आदर्श माना जाता है। इस तरह से दो महापुरुषों से प्रेरणा लेकर एनएसएस की स्थापना की गई। इस सात दिवसीय शिविर में बच्चे जो सीखेंगे वो पूरे जीवन में काम आयेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीपत के तहसीलदार श्री सोनू अग्रवाल ने कहा कि एनएसएस का ध्येय वाक्य है मैं नहीं आप अर्थात खुद से पहले दूसरों को प्राथमिकता देना है। उन्होंने न्यायपालिका विधायिका और कार्यपालिका के संबंध में भी विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार देशकुमार कुर्रे ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य प्रतिनिधि अंजनी लक्ष्मी साहू ने कहा कि आप अभी युवा है बड़े सपने देखिए और उसे पूरा करने के लक्ष्य की और अग्रसर होइए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय यादव, नीलकंठ यादव, अर्जुन वस्त्राकर, श्रवण वस्त्रकार, केतकी यादव, लतेल यादव, देव ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना के तहत 9वीं कक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना के तहत वर्ष 2024-25 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 20 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन इस लिंक के माध्यम से कर सकते है https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार 21 से 27 जनवरी 2025 एवं दस्तावेजों का परीक्षण 28 जनवरी से 7 फरवरी 2025 तक किया जाएगा।

महिला समूहों को दिए 78 लाख के ऋण स्वीकृति आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के 1 साल पूर्ण होने और सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय मस्तुरी में विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का किसानों के नाम पाती को पढ़कर सुनाया गया। कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित किसानों का सम्मान किया गया। पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति बांधी समारोह के मुख्य अतिथि थे। सम्मेलन में कृषक संगोष्ठी और प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण मूर्ति बांधी ने अपने उद्बोधन में राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना महतारी वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,कृषक उन्नति योजना

तेंदूपत्ता संग्राहण, रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, महतारी सदन योजना आदि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कृषि विभाग की ओर से पांच किसानों को लपेटा पाइप एवं चार किसानों को नेपसेक स्प्रेयर प्रदान किया। तेरह महिला स्व सहायता समूहों 6- 6 लाख रुपए स्वीकृति होने पर कुल 78 लाख रुपए रूपए भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक मस्तूरी सुमंत कुमार चौधरी द्वारा स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रितेश सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत सभापति दामोदर कांत, एसडीएम प्रवेश पैकरा।

बिजली की अनाप-शनाप बिलिंग, मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव करेगा नागरिक सुरक्षा मंच

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिजली विभाग की मनमानी से बिलासपुर के नागरिक बेहद त्रस्त हैं। विद्युत उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर के नाम पर दुगनी-तिगुनी रकम वसूली जा रही है,जिसके चलते लोग बिजली विभाग के चक्कर काट रहे हैं। बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए नागरिक सुरक्षा मंच के संयोजक अमित तिवारी ने कहा कि सीएसपीडीसीएल की इस मनमानी के खिलाफ़ नागरिक सुरक्षा मंच ने मोर्चा खोलने का निर्णय लिया है, जिसके तहत्त 23 दिसम्बर सोमवार को मुख्य अभियन्ता कार्यालय का घेराव किया जायेगा । नागरिक

स्मार्ट मीटर के नाम पर वसूली जा रही अनाप-शनाप राशि, उपभोक्ताओं में नाराजगी

सुरक्षा मंच के संयोजक अमित तिवारी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा आम जनता के साथ लूट की जा रही है लोगों से अनाप-शनाप वसूली की जा रही है जिसके चलते लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसी षड़यंत्र के तहत आनन-फानन में लोगों के घरों में लगे सामान्य मीटर को निकाल कर उनके गैर जानकारी में स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है और इस आड़ में दुगनी तिगुनी रकम वसूल की जा रही है जो कि आम जनता की जेब में डाका डाले जाने की कार्यवाही है। बिजली विभाग के इस जन विरोधी कार्यवाही का कड़ा विरोध किया जायेगा। श्री तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी अगर उनकी भावनाओं को नहीं समझा उनकी बातें नहीं मानी गई तो वह खुद नागरिकों के साथ मिलकर स्मार्ट मीटर को उखाड़ कर फेंक देंगे। सोमवार 23 दिसंबर को अपरान्ह 12 बजे से तिफरा स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव कर मुख्य अभियंता को चेतावनी देकर ज्ञापन सौंपा जायेगा।

सट्टी-पट्टी लिखते युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सट्टा खिलाते एक युवक को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी से 4 हजार रुपए जब्त की है।

पुलिस के अनुसार एसपी रजनेश सिंह द्वारा जिले मे ''ऑपरेशन प्रहार'' अभियान के तहत् सटोरियो को पकड़ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) अक्षय प्रमोद सबद्रा द्वारा निर्देश पर थाना प्रभारी तोरवा निरीक्षक अभय सिंह बैस द्वारा टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी क्रम मे मजबूत मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर सट्टा खिलाने वाले आरोपी नाजिर उर्फ सोनू खान पिता स्व. नासिर खान उम्र 26 साल पता गणेश नगर सिरगिट्टी को पकड़ा गया जिसके कब्जे से नकदी रकम 4050 रुपए और सट्टा-पट्टी जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 112(2) बीएनएस 6 क, 6 ख छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 कायम कर आरोपी के कब्जे के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आयोजन

सीवीआरयू में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद दिल्ली के सहयोग से उद्यमिता विकास, कुशल और विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

आदिवासी संस्कृति को अक्षुण्य रखते हुए विकास व उद्यमिता से जोड़ना जरूरी-सोनमणी बोरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय में उद्यमिता विकास, कुशल और विकसित भारत के लिए एक जनजातीय परिप्रेक्ष्य विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ के प्रमुख सचिव आदिवासी एवं जनजाति विकास ने कहा कि बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। हमें इस दिशा में भी षोध की जरूरत है, कि कौन सी कम्युनिटी है,जहां सबसे अधिक उद्यमिता है, और वह कौन सी कम्युनिटी है जहां सबसे कम उद्यमिता है। उद्यमिता की कमी के क्या कारण हैं, जिस कम्युनिटी के लोग अधिक उद्यमी हैं वह क्यों हैं। उन्होंने बताया कि पूरे देश में 10 करोड़ आदिवासी हैं। जिसका एक प्रतिशत छत्तीसगढ़ में हैं। छत्तीसगढ़ में 43 जनजातियां

हैं और 162 उप जनजातीय है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को उन्हें मूल धारा से जोड़ने की जरूरत है। उन्हें बाजार से जोड़ने की जरूरत है। इस अवसर पर उन्होंने वन अधिकार से संबंधित जानकारियां भी सभी से साझा की। उन्होने बताया कि वन अधिकार अधिनियम में उन्हें कितने अधिकार प्रदान किया गया है। सोनमणी बोरा ने कहा कि आदिवासी ,संस्कृति, परंपराओं और जीवन षैली को अक्षुण्य बनाए रखते हुए हमें विकास और उद्यमिता से समन्वय करना है। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने बताया कि आदिवासियों के विकास के लिए हमें एक समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी करनी होगी, जो वन आधारित अर्थव्यवस्था होगी। जिससे उनके उत्पादों को बाजार मिल सके और सही मूल्य मिल सके। इसके साथ-साथ जिस ग्रामीण शैली में हुए जीवन जीना चाहते हैं।

संजोही और ग्रामीण प्रौद्योगिकी के उत्पाद को सराहा

श्री बोरा ने छत्तीसगढ़ी जीवन शैली, कला, संस्कृति, साहित्य को सुरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए विश्वविद्यालय में स्थापित किए गए उत्कृष्टता केंद्रों का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ी संजोही, छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संस्कृति केंद्र का भ्रमण किया। उन्होंने विवि के इस प्रयास को सराहा। साथ ही साथ उन्होंने ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग में तैयार किए हर्बल उत्पादों को भी देखा और सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में केंद्र सरकार और डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर में उद्यमिता के बारे में जानकारी ली।

सुनो भाई उधो

कागज, कलम अउ गरीब

परमानंद वर्मा

उपहास, मजाक और खिल्ली उड़ाना नितांत हानिकारक व जीवलेवा होता है। यह बहुत बड़ा मानसिक विकार है। इससे बचकर रहना चाहिए। कई लोग इसे मनोरंजन का शक्ल देते हैं लेकिन इसके दूरगामी परिणाम अंततोगत्वा घातक ही होते हैं। इसी संदर्भ में पढ़िए यह छत्तीसगढ़ी आलेख...

बइला गरियार, गतउतार होगे अउ नांगर (हल) रेचका होगे तब नंगरिहा के तो मरे बिहान हे। फेर ओहर कहूं होसलगहा हे, तब कइसनो करके दूनो ला सजोर कर डरथे अउ एकड़, दू एकड़ जमीन ला जोत के सिधिया डरथे।

कोनो-कोनो अइसन नंगरिहा देख के ओकर मजाक, हंसी उड़ाथे अउ कहिथे- पहिली बइला अउ नांगर के गत ला तो देख ले फेर खेती करे के बात ला सोचबे।

ओकर जवाब देवत नंगरिहा कहिथे- भइया जेकर मं कूबत हे ओहर बइला अउ नांगर कइसनो राहय, ओमन ला सोझ करके अपन काम ला सिध पार डरथे। काम करइवा मनखे के मन मं सिरिफहौसला चाही। ककरो हंसी, मजाक उड़ाके मन ला कमजोर नइ करना चाही?

अइसने कस घटना ओ दिन मोर संग होगे। कभू सोचे नइ रेहेंव के मितान मोर हंसी, मजाक उड़ाही, फेर का करबे कभू-कभू बात अइसन आ परथे के जेला नइ कहना अउ करना चाही तउन हो जथे। कहिथे- तोर करा अतेक चीज-बस हावय तेकर रहिते कइसे तंय अतेक कंजूसी अउ गरीबी मं जीथस, मोर समझ नइ आवय, कइसे-कइसे होगे हस।

काकर बर अतेक जोरत-बटोरत हस, मरबे तब का ले के जाबे, सब इंहे धरे के धरे रहि जाही। बने जी-खा ले, दान-पुन्न कर ले। मितान हर अइसन कभू कहइया नोहय, फेर ओ दिन कहि परिस। तब ओला ओकर सवाल के जवाब देवत केहेंव- अइसे का देख डरेस ते मोला गरीब, कंजूस अउ का-का नइ कहि डरेस। अइसन मजाक नइ उड़ावय मितान। मान ले मंय गरीब हौं, तब तो गरीब मनखे मन के तो हंसी अउ मजाक बिल्कुल नइ उड़ाना चाही।

कोनो गरीब के मजाक उड़ाना अच्छा नइ होवय। अउ पहली बात, मजाक तो ककरो उड़ाना ही नइ चाही।

मितान ला सुरता करावत बताथौं तोला तुरसा हे मितान- द्रौपदी एक घौं दुर्योधन के मजाक उड़ाय रिहिसे। बात ला तो ओहर ठठ्ठा-मसखरी समझिन अउ कहि परिस- अंधरा के बेटा अंधरा होथे का? नानमुन, छोटकिन बात नइ केहे रिहिसे। ओ बात छाती मं बान मारे कस लगगे दुर्योधन ला। हांस के ओ दिन तो टार दिस।

फेर बाद मं का हाल होइस ओ मजाक के, तेला सब जानत अउ समझत हौ। द्रौपदी के चीरहरन के घटना होगे। बात इही तीर नइ सिरइस, अतेक बड़े महाभारत होगे जइसन आज तक दुनिया के इतिहास मं नइ सुने, पढ़े ले मिलय।

अइसने कस एक गरीब ब्राम्हन सुदामा रिहिसे। ओकर गोसइन ओला अपन मितान भगवान कृष्ण करा जाय के सलाह देथे। तब ओला बरजत सुदामा कहिथे- मोर मितान मथुरा के राजा हे, अउ मंय कहां गरीब ब्राम्हन, ओकर मोर तुलना कहां। द्वारपाल मन मोला देखते साठ हटकार के भगा दिही, मंय नइ जांव ओकर करा। अउ फेर मितान करा कहूं जाबे तब भेंट करे बर तो कुछु नइ हे।

तब सुशीला कहिथे- ओकर चिंता मत कर, मंय सब बेवस्था कर दे हौं। कहिथे नहीं जउन डौकी मन के बात मानथे तउन धारे-धार बोहाथे, वइसने कस किस्सा होगे सुदामा के।

चांवुर के पोटली धर के मथुरा के दरबार मं कइसने करके पहुंचगे लजावत, शरमावत अउ सकुचावत। जउन गरीब रहिथे तेकर मन के अइसने हाल होथे।

भगवान सुदामा के मन के बात जानगे अउ बगल मं दबाय चांवुर के पोटली ला खोलके ओकर गरीबी के मजाक उड़ा देथे। अइसन नइ करना रिहिसे, फेर कर दिस। सुदामा मारे लाज के पानी-पानी होगे। मने-मन अपन गोसइन ला जइसने पइस तइसने गारी-गुप्तार देइस। फेर करतिस का, जउन होना रिहिसे तउन तो होगे।

गरीब के ये दुनिया मं कोनो नइ होवय तइसे लागथे। सब हिनमान करत रहिथे, कुकुर सही दुतकारत रिहिथे। अइसन नइ करना चाही। मनखे-मनखे एक समान होथे, हमर गुरु घासीदास बबा घला इही बात ला केहे हे फेर मानथे कोन।

कतेक छुआछूत, भेदभाव, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब के खेला होवत रहिथे। ये सब इंहे मनखे के रचे रचना हे, उही मन सब अइसन बेवस्था बनाय हे जेकर से ओकर मन के काम मं कोनो परकार के बाधा झन आवय।

नइतो भगवान हा तो सब ला मनुज शरीर के रचना करके भेजथे। कतको मन करम अउ भाग ला दोस देथे। जेकर जइसे करम अउ भाग तइसन फल पाथे। ये सब बेफालतू बात हे, मंय तो नइ मानव भई ये बात ला।

अब काला का कहिबे, हमरे मितान के मति छरियागे हे तब दूसर ला का कहिबे। हांसी आथे ओकर ऊपर का बात ला देखके मोला ओहर उठेंवा मारिस तउन ला समझगेंव, फेर ओ बात ये तीर फेर के बतावौं नहीं, जानिहौं तब सबो झन खिलखिला के हांस परिहौ।

वइसे बात लुकाय-छिपाय के लइक नइहे। कागज अउ कलम ला लेके अतेक बड़े बात उठाइस। किहिस- जब लिखथस तब बने कागज अउ कलम लेके बइठे कर, एकरो बर गरीबी अउ कंजूसी बने नइ होवय। जेकर भरोसे रोजी-रोटी चलथे, तेला तो बने संजो के रखे कर। चुप रहिगेंव, ओला कुछु नइ केहेंव।

धर्म ध्वजाएं : अखाड़ों की आन-बान-शान का प्रतीक

राजेश श्रीवास्तव

प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में आस्था की अलौकिक दुनिया साकार होने के साथ ही अखाड़ों के धर्मध्वजा महाकुंभ का आकर्षण का केन्द्र बन चुके हैं। धर्मध्वज संस्कृत शब्द है, धर्म और ध्वज से बना है। कुंभ में अलग-अलग अखाड़ों की धर्मध्वजाएं होती है। दरअसल धर्मध्वजाएं अखाड़ों की आन, बान और शान का प्रतीक हैं. अखाड़ों में लहराती धर्म ध्वजाएं महाकुंभ क्षेत्र में सहज ही आकर्षित कर लेती हैं. यही वजह है कि अखाड़े किसी भी परिस्थिति में धर्मध्वजा के झुकने को स्वीकार नहीं करते. यह सनातन का अभिमान है और पुण्य उदय से ही धर्म ध्वजा को फहराने की परंपरा है। कुंभ मेले का शुभारंभ होने पर सभी अखाड़ों की तरफ से धर्म ध्वजा की स्थापना की जाती है. धर्म ध्वजा के नीचे ही सन्यासियों को दीक्षा देने की परंपरा है. वैसे भी धर्म ध्वजा स्थापित होने के बाद ही अखाड़ों में मेले की शुरुआत होती है. धर्म ध्वजा अखाड़ों की धार्मिक पहचान है, जो दूर से दिखाई देती है. माना जाता है कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए आदि शंकराचार्य ने इन अखाड़ों की स्थापना की थी. ÷भूमि पूजन और धर्म ध्वजा कुम्भ की भूमि में स्थापित करने के पीछे हमारी पुरानी मान्यता है. कुम्भ क्षेत्र में जाने के बाद हम सबसे पहले भूमि पूजन करके धर्म ध्वजा लगाते है. ध्वजा का जो दंड होता है वो बावन हाथ का होता है जिसमे जनेऊ की बावन गांठे होती है जो प्रतीक होती है अखाड़ों की बावन मडियों की।

महाकुंभ 2025 में आस्था और सनातन धर्म के विविध रंग निखरने लगे हैं। सनातन धर्म के शिखर संन्यासियों के अखाड़ों की धर्म ध्वजा एक-एक कर स्थापित होने से दिव्य और भव्य कुंभ की अनुभूति जीवंत हो चली है। महाकुम्भ में सनातन धर्म की भव्यता और परंपरा की झलक दिखाई दे रही है. महांकुभ में अखाड़े अपनी आध्यात्मिकता, साधना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होते है। उनकी उपस्थिति हिदू धर्म की समावेशीता और विविधता को प्रदर्शित करेगी, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्योंकि धर्म की रक्षा अखाड़े ही करते हैं और उसको साथ लिए बिना कोई भी धार्मिक लक्ष्य प्राप्त करना मुश्किल है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा और उसके भ्राता अखाड़े कहे जाने वाले श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े और अग्नि अखाड़े के संन्यासियों ने पूरे विधि विधान के साथ अपने अपने अखाड़ों के इष्ट का आवाहन कर अपनी धर्म ध्वजा महाकुंभ क्षेत्र में फहरा दी है। धर्म ध्वजा की स्थापना अखाड़ों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होती है। कुंभ मेले का शुभारंभ होने पर सभी अखाड़ों की तरफसे धर्म ध्वजा की स्थापना की जाती है। बता दें, सनातन में धार्मिक चिन्ह और उनसे जुड़ी कई मान्यताएं प्रचलित हैं. इन्हीं में से एक है भगवा ध्वज, जिसकी सनातन धर्म में विशेष मान्यताएं हैं. भगवा त्रिकोण ध्वज होता है. इसके साथ पौराणिक और प्राचीन काल में युद्ध के दौरान ध्वज को विशेष महत्व दिया जाता है. सनातन धर्म में भगवा रंग का विशेष महत्व है, क्योंकि इस रंग को अग्नि और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है. अग्नि अंधकार को नष्ट करता और ज्ञान व्यक्ति के व्यवहार को विनम्र बनाता है. मान्यता है भगवा ध्वज ईश्वर के संप्रभुता का प्रतिनिधित्व करते हैं और त्रिकोण आकर का ध्वज तीनों लोक-स्वर्ग, धरती और पाताल को दर्शाते हैं. साथ ही यह तीन कोने तीनों काल भूत, वर्तमान और भविष्य के भी संकेतक माने जाते हैं. हालांकि सनातन में तीन रंगों के ध्वज को प्रमुख मान्यता दी गई है. वह तीन रंग हैं- गेरुआ, भगवा और केसरी. लेकिन विशेष अवसरों पर अन्य रंगों का भी प्रयोग किया जाता है. वहीं विविध संप्रदायों के अपने-अपने ध्वज भी होते हैं. ध्वज पर बने पताका भी विशेष महत्व रखते हैं, जैसे शैव संप्रदाय में नंदी ध्वज को मान्यता दी जाती है. वैष्णव धर्म में गरुड़ ध्वज को प्रमुख माना जाता है. इनके साथ सिह ध्वज और चंद्र ध्वज का हिन्दू धर्म में विशेष मान्यता है. त्रिभुजाकार ध्वज में दो त्रिकोण मिलाकर ध्वज का निर्माण होता है. ऊपर वाला त्रिकोण नीचे वाले से छोटा होता है. जबकि प्राचीन काल में युद्धभूमि में 08 प्रकार के पताकाओं का विशेष महत्व दिया गया है. वह मुख्य ध्वज थे- विजय, भीम, चपल, जय, वैजयंतिक, विशाल, दीर्घ और लोल. जिनके अपने विशेष प्रतीक हैं।

धर्म ध्वजा के नीचे ही सन्यासियों को दीक्षा देने की परंपरा है. कुंभ मेला समाप्त होने के बाद धर्म ध्वजा को पूरे विधि विधान के साथ उतारा जाता है. इस मौके पर कढ़ी पकौड़े का भोजन किया जाता है. अखाड़ों में लहराती धर्म ध्वजाएं महाकुंभ क्षेत्र में सहज ही आकर्षित कर लेती हैं. धर्म ध्वजा अखाड़ों की आन, बान और शान का प्रतीक हैं. अखाड़े किसी भी कीमत पर धर्म ध्वजा का झुकना स्वीकार नहीं करते हैं. अखाड़ों के साधु-संन्यासी महाकुंभ के अभिन्न अंग होते हैं. कोई साधु कई दशकों से एक पैर पर खड़ा है तो कोई सिर्फ जल पीकर ही जिदा रहता है. धूनी रमाए, घनी जटाओं वाले ये साधु अपनी वेश-भूषा की वजह से लोगों को आकर्षित भी करते हैं. इनका मूल धर्म की रक्षा में ही निहित है. इसके साथ ही धर्म ध्वजा इनकी पहचान होते है, जो दूर से दिखाई देती है. कुंभ शुरू होने से पहले अखाड़े अपनी धर्म ध्वजा लहराते हैं. जिसके लिए एक विशेष कद-काठी के पेड़ के तने को जंगल से काटकर लाया जाता रहा है. अखाड़ों की छावनियों में स्थापित होने वाली धर्म ध्वजाओं को लगाने के लिए 52 हाथ की लकड़ी का प्रयोग किया जाता रहा है या यूं कहे धर्म ध्वजाओं को लगाने के लिए 108 फीट से 151 फीट तक की लकड़ी का प्रयोग किया जाता रहा है। हालांकि कछ अखाड़े छोटी लकड़ी पर भी धर्म ध्वजा स्थापित करते है। अलग-अलग अखाड़ों की धर्म ध्वजा अलग होती है. जैसे महानिर्वाणी अखाड़े की ध्वजा लाल रंग की होती है। वहीं दिगंबर अखाड़े की ध्वजा में पांच रंग होते हैं, जहां सबसे ऊपर लाल, फिर केसरिया, सफेद, हरा और सबसे नीचे काला रंग होता है. निर्मोही अखाड़े की ध्वजा केसरिया रंग की होती है. हर अखाड़े की ध्वजा का रंग ही उसकी पहचान है. कुंभ के मेले में सूर्योदय के साथ यह ध्वजा फहराई जाती है और शाम को सूर्यास्त के साथ इसे उतार दिया जाता है. निरंजनी अखाड़े की धर्मध्वजा में 52 बंध लगाए गए हैं, जो 52 मढ़ियों का प्रतीक हैं. इन बंधों में एक हाथ का अंतर होता है. शैव अखाड़ों की धर्मध्वजाओं का रंग भगवा होता है. शिव भक्त इन अखाड़ों ने अपनी धर्मध्वजा को चारों दिशाओं से बांध रखा है. शैव अखाड़ों जैसे महानिर्वाणी, निरंजनी, जूना, अग्नि, आनंद, आवाहन, और अटल अखाड़े में स्थापित धर्मध्वजाओं का रंग भगवा है. जूना अखाड़े की धर्मध्वजा 52 हाथ ऊंची है और यह मढ़ियों का प्रतीक है। यह अखाड़ा चार मढ़ियों में विभाजित है, जो चारों दिशाओं का संकेत देती हैं. धर्मध्वजा का हर कोना किसी दिशा से जुड़ा हुआ है. धर्मध्वजा के पास भगवान दत्तात्रेय की मूर्ति स्थापित है. निरंजनी अखाड़े की धर्मध्वजा में 52 बंध हैं, जो दशनामी मढ़ियों का प्रतीक हैं. हालांकि, वर्तमान में इनमें से केवल 18 मढ़ियां शेष हैं. वैष्णव अनी अखाड़ों की धर्मध्वजाओं के रंग अलग-अलग हैं, लेकिन सभी के इष्टदेव हनुमान जी हैं. निर्वाणी

अनी अखाड़े की लाल रंग की धर्मध्वजा पश्चिम दिशा का संकेत करती है और हनुमान जी का प्रतीक है. निर्मोही अनी की सुनहली धर्मध्वजा शांति और शुभता का प्रतीक है, जो पूरब दिशा का संकेत करती है. दिगंबर अनी अखाड़े की पंचरंगी ध्वजा अंगद का प्रतीक है और दक्षिण दिशा का संकेत देती है. उदासीन अखाड़ों की धर्मध्वजाओं में हनुमान जी और पंचदेव अंकित हैं।

नया पंचायती उदासीन अखाड़े की धर्मध्वजा में भगवान विष्णु का मोरपंख लगाया गया है. मोरपंख भगवान विष्णु के दर्शन कराने का प्रतीक है, जिसमें सभी रंग समाहित होते हैं. निर्मल अखाड़े की धर्मध्वजा का रंग पीला है और यहां के कार्य पंजाबी पद्धति से संपन्न किए जाते हैं. श्रद्धालु विशाल मेला क्षेत्र में अपने तीर्थ पुरोहितों के शिविर की पहचान उनके झंडे को देखकर करते हैंऔर फिर वहां पहुंचते हैं। देश-विदेश से यहां पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालु पूजा-पाठ और दान-पुण्य के लिएअपने पुरोहितों के पास जाते हैं। पुराहितों के पास पहुंचने के लिए न तो उन्हें फोन करते हैं और न ही किसी से पूछते हैं। श्रद्धालु अपने धर्म पुरोहितों के शिविर के झंडे को पहचान कर आसानी से वहां पहुंच जातेहैं। श्रद्धालुओं के लिए नाम या मोबाइल नम्बर का खास महत्व नहीं है। वे अपने-अपने पुरोहितों के शिविर के झंडे पहचानते हैं और उसी को देखकर इस भव्य मेला क्षेत्र में अपने पुरोहित को आसानी से ढूंढ लेते हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में एक हजार से अधिक धर्म पुरोहितों के शिविर हैं। लेकिन सभी के झंडे अलग-अलग हैंऔर श्रद्धालु उन्हीं के जरिए उनकी पहचान करते हैं। किसी पुरोहित के झंडे का निशान राधा-कृष्ण, किसी का मर्यादा पुरुषोत्तम राम, किसी का हाथी-घोड़ा, किसी का शेर, किसी का त्रिशूल, किसी का सूर्य, किसी का कलश, किसी का सिपाही है। हर श्रद्धालु को अपने धर्म पुरोहित के झंडे का निशान पता है। धर्म पुरोहितों के झंडे के निशान वर्षो पुराने हैं और वे उसे कभी बदलनेका जोखिम नहीं उठाते, क्योंकि इससे उनके जजमानों को उन तक पहुंचने में मुश्किल होगी।

धर्म के संदर्भ में, सर्वमान्य कथन है- 'धर्मो रक्षति रक्षतः'। धर्म उसकी रक्षा करता है, जो धर्म की रक्षा करते हैं। यह सजग समाज के संदर्भ में और भी सटीक है। समाज की उन्नति तभी है, जब वह विधिमान्य नीतियों का पालन करे यानि समाज धर्म ध्वजा का अनुसरण करे। भारतीय इतिहास में मुगलकाल एक ऐसा ही चुनौती भरा कालखण्ड था। अराजकता, अत्याचार, तलवार के बल पर मतांतरण और महिलाओं के साथ दुराचार चरम पर था। इन मुगलिया अत्याचारों से लड़ने में अखाड़ों ने महती भूमिका निभायी थी। जब औरंगजेब ने वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा का केशवराय मंदिर तुड़वाया, वीर छत्रपति शिवाजी के राज्य को हड़पने का प्रयास किया, हिन्दुओं पर जजिया कर लगाया तो इन अखाड़ों ने ही मुखर होकर अपनी धर्म रक्षा के लिए विरोध किया था। प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 एक ऐसा आयोजन है जो श्रद्धा, आस्था, और भारतीय संस्कृति का परिचायक है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि विश्वभर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक यात्रा है। यह मेला भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का ऐसा विशाल दृश्य प्रस्तुत करता है जो अनंत काल तक लोगों के दिलों में बसेगा। महाकुंभ मेले में देशभर के प्रमुख अखाड़ों की भागीदारी होती है, जो इस आयोजन की शोभा को और बढ़ाते हैं। महाकुंभ मेला में चारों दिशाओं से श्रद्धालु एकत्रित होते हैं, जो पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान कर अपने पापों से मुक्ति की आशा रखते हैं। इस महोत्सव में संगम पर स्नान करना और साधु-संतों का दर्शन करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

महाकुंभ की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता

महाकुंभ मेला न केवल धार्मिक आस्था का संगम है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपराओं का भी प्रतीक है। यहाँ विभिन्न संप्रदायों के साधु-संतों का मिलन होता है और धर्म की ध्वजा लहराते हुए वे अपने अनुयायियों को सत्मार्ग पर चलने का संदेश देते हैं। महाकुंभ मेले में सनातन धर्म के विभिन्न अखाड़ों के साधु, संत, नागा संन्यासी, और महामंडलेश्वर अपने शिविरों में प्रवास करते हैं और यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं के मार्गदर्शक भी होते हैं।

कुंभ मेले का पौराणिक इतिहास

कुंभ मेले की उत्पत्ति समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी हुई है। मान्यता है कि देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया, जिससे अमृत कलश प्रकट हुआ। अमृत को लेकर देवताओं और असुरों के बीच युद्ध छिड़ गया। इस संघर्ष के दौरान भगवान विष्णु ने अपने वाहन गरुड़ को अमृत के घड़े की सुरक्षा का दायित्व सौंपा। गरुड़ जब अमृत कलश लेकर आकाश मार्ग से उड़ान भर रहे थे, तब अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी पर चार स्थानों–प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, और नासिक–पर गिरीं। ये स्थान तब से पवित्र माने जाते हैं, और यही कारण है कि हर 12 साल में इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कहा जाता है कि देवताओं और असुरों के बीच 12 दिवसीय युद्ध हुआ, जो मानव समय के अनुसार 12 वर्षों के बराबर है। इसी पौराणिक संदर्भ के कारण हर 12 वर्ष में कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है, जो आध्यात्मिकता, आस्था और भारतीय संस्कृति का अद्वितीय संगम है।

यीशु के जन्म प्रकाश का प्रतीक क्रिसमस

क्रिसमस ईसाईयों और इसाई धर्म का प्रमख त्योहार होता है. ईसाई धर्म के लोग हर साल 25 दिसंबर को बड़े उत्साह के साथ इस त्योहार को मनाते हैं। हर साल 25 दिसंबर को गिरिजाघरों में क्रिसमस बेल की गूंज सूनाई देती है। साथ ही क्रिसमस पर हर गिरिजाघर लाइटों और अन्य सजावट की चीजों से सजा होता है। क्रिसमस पर ईसाई धर्म के लोग अपने घरों में केक काटते हैं और एक दूसरे का मुंह मीठा करते हैं।

ईसाई धर्म की कथाओं के मुताबिक, क्रिसमस पर प्रभु यीशु मसीह जन्मे थे। ईसाई धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, प्रभु यीशु बैथलहम में मैरी और जोसेफके घर जन्मे थे। पहली बार 221 ई. में सेक्सटस जूलियस अफ्रीकानस ने ये फैसला किया था कि 25 दिसंबर को जीसस क्राइस्ट का जन्मदिन मनाया जाएगा। तब से ही 25 दिसंबर को विश्व भर में क्रिसमस मानाया जाता है।



क्रिसमस से सैंटा क्लॉज कनेक्शन

सैंटा क्लॉज का असली नाम सांता निकोलस है। इस कहानी की शुरुआत 280 ई. में होती है. सांता अपनी मिसेज क्लॉज के साथ उत्तरी ध्रुव पर निवास करते थे. वो बहुत खुशमिजाज व्यक्ति थे। उनका मन दया का सागर था. सांता निकोलस लोगों और बिमारों की सहायता के लिए घुमा करते थे। यही नहीं उन्होंने गरीबों और वंचितों की सहायता में अपनी पूरी संपत्ति का उपयोग कर दिया।

सांता ने अपनी पूरी संपत्ति अपनी तीन बहनों के दहेज में दे दी। उन्होंने उत्तरी ध्रुव पर निवास करने वाले लोगों की खूब सहायता की वो लोगों को गिफ्ट दिया करते थे। माना जाता है कि वो एक महान और दया से भरे हुए व्यक्ति थे। इसी वजह से सैंटा का क्रिसमस से जुड़ाव बताया जाता है। प्रभु यीशु ने भी सबकी मदद की थी। सूली पर पर चढ़ते वक्त भी वो सिर्फलोगों के लिए दुआ मांग रहे थे।

QUIZ TIME

1) एम्नियोसेन्टेसिस किसकी विधि का नाम है?

2) हाल ही में अडानी समूह किस देश के दार एस सलाम बंदरगाह का प्रबंधन करेगा?

3) प्रति वर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कब मनाया जाता है?

4) बाबरनामा का अंग्रेजी अनुवाद किसने किया था?

5) ओडिशा के मगुनी चरण कुआं का संबंध किससे है जिनका हाल ही में हुआ?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गर्भ में शिशु के स्वास्थ्य की पहचानों का पता लगाने की विधि (2) तंजानिया (3) 31 मई (4) जॉन लेडन और विलियम एर्स्किन (5) कठपुतली नाच

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य · (भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 272 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

आज का पंचांग

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : सिंह, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

सूर्योदय : 07:47, चन्द्रोदयः 23:29, चन्द्रास्तः 11:36, अयन दक्षिणायन, ऋतुः ?? हेमंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : पौष (महा), पक्ष : कृष्ण,तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : उत्तरफाल्गुनी, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : वणिज (12:21 तक),द्वितीय करण : विष्टि भद्रा (25:12 तक)।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:04 से 12:47, राहुकाल : 16:30 से 18:00, यमगण्ड : 13:46 से 15:06, दुर्मुहूर्त : 07:04 से 07:47, अमृत काल : 23:11 से 24:57, त्रिपुष्कर योग : 30:14 से 31:04, रवि योग : 07:04 से 30:14, विजय मुहूर्त : 14:12 से 14:55, गोधूलि मुहूर्त :17:44 से 18:11, सायाह्न सन्ध्या : 17:47 से 19:062, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:52।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा। आपके जन समर्थन में इजाफा होगा।

वृष : आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके परिवार में वरिष्ठ सदस्यों में किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए आध्यात्म कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको कोई भी अच्छा मौका अपने हाथ से जाने नहीं देना है।

कर्क : आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी सोच समझ से सभी काम पूरे होंगे। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

सिंह: आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने दैनिक खर्चों पर पूरा ध्यान दें।

तुला: आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको अपनी दैनिक गतिविधियों पर पूरा ध्यान देना होगा।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए बिजनेस में चल रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा।

धनु: आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है, जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा।

मकर: आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों पर पूरा ध्यान दें।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में बेहतर रहने वाला है। आपको उनमें अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।

मीन: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है।

■ न्यूज गैलरी

विष्णु के सुशासन का असर एक कॉल से मिल रहा समाधान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में अब एक फोन से समस्याओं का निराकरण हो रहा है। तिल्दा स्थित पुरानी बस्ती निवासी श्री दोगेंद्र पथकर ने तीन महीने से केवाईसी अपडेट नहीं होने को लेकर शिकायत की थी. उन्होंने बताया कि केवाईसी अपडेट ना होने से उन्हें राशन भी मिलने में परेशानी हो रही है. जिसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्तिथ जन समस्या निवारण कॉल सेंटर मे की. जिसके बाद सम्बंधित विभाग को मामले की जानकारी दी गई. जिसके बाद विभागीय अधिकारियो ने मामले की जानकारी ली साथ ही आवेदक का कार्य भी करवाया. साथ ही आवेदक को इसकी जानकारी भी दी. आवेदक श्री पथकर ने खुशी जाहिर की और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है।

दो माह से नहीं मिलने वाला राशन एक फोन कॉल पर मिला

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में अब एक फोन से समस्याओं का निराकरण हो रहा है। रायपुर निवासी श्री हेमलाल चक्रधारी ने शासकीय राशन दुकान संचालक द्वारा दो माह से राशन नहीं देने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि वे जब भी राशन के लिए शासकीय राशन दुकान जाते हैं तो दुकान संचालक राशन समाप्त होने की बात कहकर राशन नहीं देता है। इसको लेकर उन्होंने संबंधित विभाग में भी शिकायत की लेकिन वहां से समस्या का निराकरण नहीं हुआ। जिसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्तिथ जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में की। जिसके बाद सम्बंधित विभाग को मामले की जानकारी दी गई।

अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने दस्तावेजों का परीक्षण कल

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित अभ्यर्थियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में अभ्यर्थियों के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण में संलग्न समस्त दस्तावेजो का परीक्षण रायपुर नगर निगम मुख्यालय स्थित तृतीय तल के सभा कक्ष में दिनांक 23 दिसम्बर 2024 सोमवार को 11:00 बजे से किया जायेगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े निजी स्कूल के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं

शिक्षा व्यक्तित्व विकास में सहायक: मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े रायपुर के एक निजी स्कूल के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। ऐसे आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होता है। मंच पर सबके सामने प्रस्तुति देने से बच्चों के अंदर की झिझक दूर होती है व रचनात्मकता के साथ आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, क्योंकि यह हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने सपनों को साकार करने में मदद करती है।

शिक्षा से हमें न केवल ज्ञान प्राप्त होता है बल्कि यह हमें सोंच, समझ और विश्लेषण करने की क्षमता को भी बढ़ाती है। यह हमें अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद करती है। इस अवसर पर विद्यार्थी, उनके अभिभावक और विद्यालय परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री साव डागा महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में हुए शामिल

आत्मविश्वास और उत्साह से मेहनत करने में मिलती है सफलता : साव

रायपुर/नवप्रदेश। अपनी मंजिल तय करते वक्त खुद को किसी सीमा में न बांधें, आत्मविश्वास के साथ शत प्रतिशत मेहनत करें। जो युवा आत्मविश्वास और उत्साह से भरा होता है वही सफल होता है और इतिहास बनाता है। असफलता से कभी निराश नहीं होना चाहिए, प्रयत्न करने से सफलता अवश्य मिलती है। उक्त बातें उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने डागा कन्या महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में कही।

उप मुख्यमंत्री श्री साव आज राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के लिए वार्षिक उत्सव का अलग महत्व होता है। कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं के प्रदर्शन का अवसर मिलता है एवं उनमें आत्म विश्वास की वृद्धि होती है।

इस दौरान कार्यकम की अध्यक्षता राष्ट्रीय विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी ने की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता घई के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन दास डागा मदन लाल तालेडा, सचिव श्री अनिल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री राज किशोर नत्थानी, श्री देवीचंद श्रीमाल, श्री रूपचंद श्रीमाल, श्री सुरेश शुक्ला, डागा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संगीता घई के साथ अन्य प्राध्यापकगण के अलावा कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थी। कार्यकम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

गरिमापूर्ण मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

कलेक्टोरेट परिसर में सुबह 8 बजे होगा ध्वजारोहण

■ कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ली तैयारियों के संबंध में बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 गरिमापूर्ण आयोजित करने के लिए कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग के उत्कृष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार करें। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ध्वजारोहण, मंच, पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि समारोह स्थल पर परेड कार्यक्रम, भाग लेने वाली टुकड़ियों का निर्धारण एवं रिहर्सल, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों तथा उत्कृष्ठ झांकी को पुरस्कार वितरण के साथ ही कार्यक्रम के उद्घोषक का निर्धारण किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार पार्किंग एवं ट्रेफिक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली झांकियों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति का निर्देश दिया।

तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे के किनारे सर्विस रोड में कब्जे को हटाकर चौड़ीकरण करने के आयुक्त ने निर्देश दिए

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर में तेलीबांधा एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे किनारे की ओर सर्विस रोड में अभियान चलाकर जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिको को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने अवैध कब्जे हटाकर मार्ग चैडीकरण अभियान पूर्वक करवाने के निर्देष दिये। आयुक्त ने अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता श्री विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता श्री राजेष राठौर, उपायुक्त स्वास्थ्य श्री रमाकांत साहू, जोन 3 कमिष्नर श्री विवेकानंद दुबे, जोन 9 कमिष्नर श्री संतोष पाण्डेय, जोन 10 कमिष्नर श्री राकेष शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री अंषुल शर्मा, श्री पदमाकर श्रीवास, श्री रधुमणी प्रधान, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, सहायक अभियंता श्री योगेष कडु सहित निगम जोन 3 व 9 के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में तेलीबांधा एक्सप्रेस वे मार्ग के नीचे किनारे की ओर सर्विस रोड का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। सर्विस रोड को अत्यंत सकरा पाकर आयुक्त ने जिला प्रषासन के मार्गदर्षन में पुलिस प्रषासन, यातायात पुलिस के साथ मिलकर सर्विस रोड में अभियान चलाकर अवैध कब्जो को सर्विस रोड से जनहित में जनसुविधा हेतु मुक्त करने एवं मार्ग का चैडीकरण करने की कार्यवाही करने के निर्देष दिये। ताकि नागरिको को व्यस्त मार्ग में सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके।

`कचरा प्रतिदिन नियमित सकरी भेजने एवं स्वच्छता कायम रखने के निर्देश दिये

रायपुर। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर में न्यू शांति नगर क्षेत्र में कुनकुरी सदन के पीछे नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के सेकेण्डरी कलेक्षन पाइंट का निरीक्षण कर वहां का कचरा प्रतिदिन नियमित सकरी प्लांट में भेजा जाना सुनिष्चित करने एवं स्वच्छता कायम रखने के निर्देष दिये है।

वीडियो ब्राड कॉस्टिंग, चार्जिंग की समस्या के त्वरित निदान के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम उपायुक्त श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने नगर निगम जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत रायपुर में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट क्रमांक 7 की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उपायुक्त ने एमएमयू में प्रचार - प्रसार के लिए जिंगल और वीडियो ब्रॉड कास्टिंग में आ रही समस्या सहित चार्जिंग समस्या के त्वरित तकनीकी निदान के सम्बन्ध में स्थल पर सम्बन्धित वेंडर को आवश्यक निर्देश दिए।

मिट्टी, मुरूम एवं रेत के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन मंगुेली द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ धड़-पकड़ एवं सख्त कार्रवाई का अभियान जारी है। बीते दिन शुक्रवार को मिट्टी, मुरूम और रेत का अवैध परिवहन के मामले में पांच वाहनों को जब्त किया गया है।

जिला खनिज अधिकारी श्रीमती ज्योति मिश्रा ने बताया कि प्रातः कालीन कार्रवाई के दौरान दो वाहनों को थाना जरहागांव मुंगेली को सुपुर्द कर दिया है। इनमें वाहन क्रमांक सीजी 10 आर 0491 (चालक विकास कुमार साहू) और वाहन क्रमांक सीजी 11 एजी 0749 (चालक सुनील कुमार) द्वारा मुरूम और रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था।

इसके अलावा तीन अन्य वाहनों को खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में जब्त किया गया। इन वाहनों को रक्षित केंद्र, पुलिस लाइन मुंगेली की सुरक्षा में रखा गया है। इन वाहन क्रमांक सीजी 28 एच 3430 (चालक करण यादव), सीजी 22 एबी 3446 (चालक विजय साहू), और सीजी 07 एवी 2935 (चालक राजकुमार यादव) द्वारा मिट्टी और मुरूम का अवैध परिवहन किया जा रहा था।

सभी जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन की यह सख्त कार्रवाई खनिजों के अवैध दोहन और परिवहन पर कड़ाई से रोक लगाने के उद्देश्य से की जा रही है। कलेक्टर श्री राहुल देव ने खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों को सख्त चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की सूचना जिला प्रशासन को देने की अपील की है।

नगर निगम रायपुर महालक्ष्मी मार्केट पंडरी को सुव्यवस्थित बनाने शीघ्र कार्यवाही करेगा

जोन 3 अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू निगम अधिकारियों ने व्यापारियों सहित किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा पंडरी के महालक्ष्मी मार्केट परिसर को रायपुर विकास प्राधिकरण के साथ समन्वय कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शीघ्र सुव्यवस्थित बनाने का कार्य 15 वें वित्त आयोग मद राषि से जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव एवं रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के मार्गदर्षन में राजधानी शहर रायपुर को सुन्दर सुव्यवस्थित विकसित बनाने कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग की लोककल्याणकारी मंषा के अनुरूप रायपुर जिला प्रषासन के दिषा निर्देषों में नगर निगम द्वारा जनहित में जनसुविधाओं का विस्तार करने हेतु राजधानी शहर में अनेक कार्य किये जा रहे है। इस क्रम में महालक्ष्मी मार्केट पंडरी को व्यापारियों के अनुरोध पर पायलट प्रोजेक्ट तैयार कर शीघ्र सुव्यवस्थित किया जायेगा। पायलट प्रोजेक्ट की योजना को गति प्रदान करने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा के निर्देषानुसार महालक्ष्मी मार्केट का जोन 3 जोन कमिष्नर श्री विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता श्री सुषील मोडेस्टस, कार्यपालन अभियंता श्री अंषुल शर्मा सीनियर, श्री अंषुल शर्मा जुनियर, रायपुर थोक कपडा व्यापारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष श्री सरल मोदी सहित पदाधिकारियों एवं नगर निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू की विषेष उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया।

सुशासन ...

नगर निगम कोरबा अंतर्गत दर्री जोन के वार्ड क्रमांक 45 में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

विष्णुदेव सरकार में दौड़ा कोरबा के विकास का पहिया : उद्योग मंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज शनिवार को नगर निगम क्षेत्र कोरबा अंतर्गत दर्री जोन के वार्ड क्रमांक 45 सियाहीमुड़ी में चार वार्डों के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विष्णुदेव सरकार नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। शहरों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी. जनभावना के अनुरूप तमाम विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की शासन द्वारा सुगम, सुचिता और सुशासन के साथ नैतिक मूल्यों का निर्वहन करते हुए जन सरोकार के कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य की जनता से किये गये हर वादे को प्राथमिकता देते हुए शिद्दत के साथ पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नैतिक मूल्यों का निर्वहन करते हुए बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा नगर निगम के दर्री जोन के वार्डों की पिछले कुछ वर्षों में बदहाली किसी से नहीं छिपी थी। लेकिन अब आप लोगों को चिंता करने की कोई जरुरत नहीं है। सिंचाई कॉलोनी वार्ड क्रमांक 43 में चिल्ड्रन पार्क के विकास की लंबे समय से की जा रही थी, जिसका आज भूमि पूजन किया गया। वार्ड क्रमांक 45 की दो सड़कों का निर्माण होगा।हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी कोरबा प्रवास पर आए थे, इस अवसर पर जिले के कुल 623 करोड़ के विभिन्न कार्यों की आधारशिला रखी थी। कोरबा नगर निगम क्षेत्र को कई बड़ी सौगात मिली है। विष्णु देव सरकार में कोरबा का विकास का पहिया तेजी से चल रहा है। वार्ड के लोगों की जो भी मांग है वह हर हाल में पूरी होगी, चिंता करने की जरुरत नहीं है।

इन कार्यों का किया गया भूमि पूजन

मंत्री श्री देवांगन ने वार्ड क्रमांक 43 सिंचाई कॉलोनी में चिल्ड्रन पार्क निर्माण कार्य लागत 10 लाख,वार्ड क्रमांक 43 कल्मीडुगु के सामने मंच निर्माण 5 लाख, वार्ड क्रमांक 45 स्याहीमुड़ी में कोमल खड़िया के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 14 लाख, वार्ड क्रमांक 50 अयोध्या पुरी मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष व पेवर ब्लॉक कार्य 14 लाख कुल 43 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया।

बायपास के लिए प्रस्ताव देने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र में कृष्ण कुंज क्षेत्र के समीप उपलब्ध रिक्त शासकीय भूमि का सदूपयोग कर उसपर मार्ग निर्माण कर तेलीबांधा से अवंति विहार कालोनी तक बायपास मार्ग बनाने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देष दिये है । आयुक्त ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, उपायुक्त रमाकांत साहू , जोन 3 कमिष्नर विवेकानंद दुबे, जोन 9 कमिष्नर संतोष पाण्डेय, जोन 10 कमिश्नर राकेष शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान, पदमाकर श्रीवास, अंषुल शर्मा, सहायक अभियंता योगेष कडु एवं जोन 3 एवं 9 के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर के तेलीबांधा क्षेत्र में कृष्ण कुंज योजना क्षेत्र के समीप उपलब्ध रिक्त शासकीय भूमि का अवलोकन किया।

न्यूज गैलरी

भाजपा ने की नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की घोषणा

कांकेर मंडल अध्यक्ष बने दिनेश रजक

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने जिला के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षो का घोषणा कर दिया है।कांकेर दिनेश रजक कांकेर ग्रामीण - कमलेश उसेंडी सरोना टेकेश्वर सिन्हा धनेलिकन्हार डाकेश साहू हाराडुला हेम मंडावी दुर्गकौंडल बिदे सिंह कल्लो आमाबेड़ा मनोहर यादव बांदे सुनीता मण्डल कोरर - पीयूष कश्यप नरहरपुर संतोष भास्कर कापसी अजय बछार पखांजूर दीपंकर रॉय कोयलीबेड़ा लछू राम गावड़े अंतागढ़ महेश उइके को बनाया गया है।

सुशासन का एक साल थीम पर बांटे सहायक उपकरण

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शासन के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। जिला कार्यालय परिसर में आज कलेक्टर एवं मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत मटियारा और जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष श्री रामचरण कोर्राम की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को बैट्रीचलित ट्राईसाइकिल, छड़ी आदि प्रदान किया गया।

उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि बैटरीचलित ट्राईसायकल के वितरण पर कलेक्टर द्वारा संतोष व्यक्त किया गया एवं दिव्यांगजन के कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को बैटरीचलित साइकिल व सहायक उपकरण आदि प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया।

समाज कल्याण विभाग ने किया दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों का सम्मान

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शामन समाज कल्याण विभाग के निर्देशनुसार सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के दस दिव्यांगजन को उनके आवेदन के आवेद शाल-जीफ्ल, फूल माला से कलेक्टर महोदय कांकेर श्रीनीलेश कुमार क्षीर, जनप्रतिनिधिगण जी भरत मटियारा पूर्व मतस्या बोर्ड अध्यक्ष, श्रीराम चरण कोर्राम , सम्मानित किया गया एवं सहायक उपकरण बैट्री ट्राई साइकिल, छड़ी आदि वितरण प्रदाय किये गये। साथ ही शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधिनार्थ विद्यालय कोदाभाट कांकेर में 52 दिव्यांग छात्रों को तिलक लगाकर उपहार भेंट किया गया एवं दिव्यांग शिक्षको का सम्मान किया गया ।

विजय दिवस एवं गौरव माह के उपलक्ष्य में जिले के भूतपूर्व सैनिक जुटे

भूतपूर्व सैनिकों व परिजनों की बेहतरी के लिए जिला प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा : कलेक्टर

■ शहीदों के परिजनों को शॉल एवं सम्मान पत्र भेंटकर किया सम्मानित

कांकेर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का सम्मेलन आज कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सभी सैनिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का ध्वज प्रतीक लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिकों की मुस्तैदी, सजगता और कठोर सेवा की वजह से देश सुरक्षित रहता है। यहां सभाकक्ष में कुछ ऐसे पूर्व सैनिक भी मौजूद हैं, जिन्होंने 1971 और कारगिल युद्ध में हिस्सा लिया है, जो इस जिले के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने आगे कहा कि जिले में निवासरत भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के कल्याण एवं बेहतरी के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद और प्रयास करेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले की सैनिकों की वीरता की कहानी के बारे में आने वाली पीढ़ी को भी जानकारी हो। इसके लिए पुस्तक प्रकाशित की जानी चाहिए, जिससे वे रक्षा क्षेत्र में सेवाएं देने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित हों। इस दौरान कलेक्टर ने सैनिकों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने शहीद स्वर्गीय श्री गणेशराम सेना मेडल की माता श्रीमती जागेश्वरी बाई, शहीद सूबेदार मेजर श्री हरिराम तारम की पत्नी श्रीमती कुन्ती तारम और शहीद श्री मोती राम की पत्नी श्रीमती पद्मावती को शॉल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में सर्वाधिक राशि देने वाले एसपी श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला, जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी और खनिज अधिकारी को प्रतीक-चिन्ह देकर सम्मानित किया।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (आई.एन.) श्री संजय शुक्ला एन.एम. (से.नि.) ने बताया कि हमारी सशस्त्र सेनाएं हमारे देश की रक्षा कठिन परिस्थितियों में करती हैं। देश की रक्षा करते हुए बहुत से जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया या घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार वीर नारियों, घायल सैनिकों तथा उनके परिजनों की सहायता के लिए 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाती है।

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

आपसी रंजिश के चलते आरोपी ने महिला पर डण्डा से वार कर उतारा मौत के घाट

कांकेर/नवप्रदेश। थाना चारामा पुलिस ने हत्या करने की नियत से डण्डा से मारपीट करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार किया है। हत्या का कारण पुरानी आपसी रंजीष के चलते आरोपी ने महिला पर डण्डा से वार कर हत्या करने की बात कबुल किया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 19 दिसंबर 24 को प्रार्थी लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि,भाई हंसाराम मण्डावी बताया कि आपके बड़ी मॉ को तुलसीराम मण्डावी ने कोसुम के डण्डा से सिर में मारा है जिसे उसके सिर में एवं शरीर में चोट लगा है जिसको चारामा अस्पताल में ईलाज के लिये भर्ती किये है। चारामा अस्पताल जाकर देखा तो मेरी बडी मॉ सिर में गंभीर चोट लगा है खुन निकल रहा है बडी मॉ पूछने पर बतायी कि दोपहर 01.30 बजे अपने घर मे चांवल साफकर रही थी उसी समय देवर तुलसी राम मण्डावी आकर पारिवारिक पुरानी बातों को लेकर रोज रोज लडाई झगडा करती हो आज मै तुझे नही छोडूगा जान से मार दुंगा बोलकर अपने साथ मे लाये कोसुम के डण्डा से प्राण घातक हमला कर गंदी गंदी गाली गलौच कर जोर जोर से मारपीट किया है जिससे गंभीर चोट लगा है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. के. ऐलिसेलानके निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्षन में में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंषी के नेतृत्व मेंआरोपी पता तलाष कर आरोपी तुलसी राम मण्डावी पिता सुदधुराम मण्डावी निवासी खैरवाही को हिरासत में लेकर पूछताछ पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दिलेष्वर चन्द्रवंषी सउनि भकेष पटेल आर0 रामेष्वर कोडोपी आर0 अनिल जैन का सराहनीय योगदान रहा है।

संकुल प्राचार्य ने बालक आश्रम किसकोडो का किया निरीक्षण

अंतागढ़/नवप्रदेश। बालक आश्रम किसकोडो, प्राथमिक/माध्यमिक शाला किसकोडो का औचक निरीक्षण आदरणीय श्री संजय कुमार ठाकुर सर खंड शिक्षा अधिकारी ,श्री केके नाग सर बी आरसी सी ,साक्षर भारत कार्यक्रम का नोडल श्रीउईके सर,श्री देहारी सर तथा संकुल प्राचार्य श्री विजय कुमार यादव के द्वारा किया गया सभी संस्था प्रमुख एवं शिक्षक को शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु कम अच्छे बच्चे को चिन्हांकित करते हुए रिमेडियल क्लास लेकर कक्षा अनुरूप लाने को कहा तथा अपार आईडी बच्चों का शत् प्रतिशत बनाने के लिए दिशानिर्देश देते बताया गया और नहीं बनने के कारण सहित सूची संकुल समन्वयक के माध्यम से ब्लाक में जमा, शिक्षक डायरी डेली संधारण अध्यापन के अनुरूप संधारित हो, छात्रवृत्ति, गणवेश वितरण की बच्चों तथा शिक्षक से जानकारी ली गई तथा शाला समय पर उपस्थित हो कर शाला संचालित इत्यादि विषयों पर दिशानिर्देश दिया गया।

नाबालिग को झूठे प्यार में फंसाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। नाबालिग को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 नवंबर 2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग पुत्री घर से बिना बताये की चली गयी है जिसका आस पडोस रिस्तेदारों में पता तलाश किया जिसका कोई पता नही चला है कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 51/24 एवं अपराध क्रमांक 162/2024 धारा 137(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के.ऐलिसेलाके निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा (रा.पु.से.)के मार्गदर्षन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में नाबालिग अपहृता एवं अज्ञात आरोपी का पता तलाष के दौरान अपहृता धमतरी में होना पता चलने पर वरि0 कार्यालय के दिषा निर्देषन पर पुलिस टीम रवाना किया गया था नाबालिक अपहृता एवं संदेही का पता तलाष कर लाल बगीचा धमतरी से नाबालिग बालिका को भूषण सिन्हा पिता दिनेश सिन्हा उम्र 25 साल निवासी चांदनी चैक लोहरसी थाना अर्जुनी जिला धमतरीके कब्जे से बरामद कर दस्तायाब किया गया ।

मामले में अपहृता से पूछताछ करने पर बतायी कि फरवरी 2024 को अपने मामा के घर सगाई में गयी थी जहॉं पर भूषण सिन्हा से परिचय हुआ था भूषण सिन्हा से बातचीत होता था वह बोला तुमको पसंद करता हुॅ शादी करूंगा बोल कर बहला फुसलाकर मना करने के बावजूद जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया है। बतायी कि मामले में अपहृता के कथन पर से अपराध धारा 64,64(2)(ड) बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट का अपराध घटित होना पाये जाने से प्रकरण में 64,64(2)(ड) बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट जोडा गया है प्रकरण में विवेचना के दौरान भूछ्ण सिन्हा पिता दिनेष सिन्हा उम्र 25 साल निवासी चांदनी चैक लोहरसी थाना अर्जुनी जिला धमतरी द्वारा अपराध धारा का घटित करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेष किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंषी सउनि प्रदीप यादव सउनि समसुद्दीन खान ,म0प्र0आर0 ज्योति मिश्रा, म0आर0 अनिता जुर्री दिनेष्वरी निषाद, आर0 रामेष्वर कोडोपी, आर0 बलराम सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा है।

प्रथम पेज का शेष

नान घोटाला : सीबीआई करेगी जांच, साय ...

पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

कुवैत पहुंचे पीएम मोदी, भारतीय ...

चलन में था।

पश्चिम एशियाई देशों पर मोदी सरकार का विशेष फोकस

पीएम मोदी की सरकार में पश्चिम एशिया पर खासा फोकस किया गया है। प्रधानमंत्री के कुवैत दौरे को भी उसी नीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पीएम मोदी अब तक 13 बार विभिन्न अरब देशों की यात्राएं कर चुके हैं, जिनमें यूएई, कतर, सऊदी अरब, ओमान और बहरीन शामिल हैं।

कजान में 9/11 जैसा हमला कई ...

कजान में ड्रोन हमले किए गए हैं। रूसी रक्षा मंत्री ने दावा किया है कि उनके बलों ने 12 यूक्रेनी ड्रोन्स को तबाह किया है। यूक्रेनी मीडिया का दावा है कि बीती रात रूस के रोस्तोव में भी दो तेल डिपो में आग लगने की घटना हुई। यह आग भी कथित यूक्रेनी ड्रोन हमले के चलते लगी।

रूस का आर्थिक पावर हाउस है कजान शहर

बीते अक्तूबर में ही कजान शहर ब्रिक्स सम्मेलन के चलते दुनिया भर में चर्चा में रहा था। रूस ने कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया था। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उस ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। कजान का रूस के इतिहास में अहम स्थान है और ये शहर रूस के उद्योग, संस्कृति और धर्म का प्रमुख केंद्र है। इसे रूस की तीसरी राजधानी या खेल राजधानी भी कहा जाता है। रूस, कजान में कई अंतरराष्ट्रीय खेल कार्यक्रमों की मेजबानी कर चुका है। आर्थिक रूप से कजान एक पावर हाउस है। यह शहर रूस के प्रमुख ट्रक निर्माता कामाज का घर है और यात्री हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर के उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कजान के इंजीनियरिंग, कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग काफी समृद्ध हैं।

अब पूर्वोत्तर में पुलिस के दृष्टिकोण में बदलाव...

के 72वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ये बात कही।

केंद्र ने पूर्वोत्तर के विकास पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल संपर्क के लिए 81,000 करोड़ रुपये और सड़क नेटवर्क के लिए 41,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार इस क्षेत्र में जैविक खेती पर ध्यान केंद्रित कर रही है। शाह ने कहा कि केंद्र ने इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पहले ही राष्ट्रीय जैविक निगम लिमिटेड का गठन किया है। मैं सभी मुख्यमंत्रियों (पूर्वोत्तर में) से आग्रह करता हूं कि वे जैविक उत्पादों की पैकेजिंग, विपणन और निर्यात के लिए एनओसीएल के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करें।

आप का दलित छात्रों ..

को संबोधित करते हुए आप संयोजक केजरीवाल ने डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान किया। उन्होंने कहा कि जो दलित छात्र विदेश में पढ़ना चाहते हैं उनका सारा खर्चा हमारी सरकारी उठाएगी। इसके लिए हम डॉ. अंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप शुरू करेंगे। दलित समाज का कोई भी बच्चा पैसे की कमी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित ना रहे, इसके लिए डॉ. अंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप दी जाएगी। दलित समाज के बच्चों का विदेश में पढ़ने का सपना होगा साकार। आप ने नई योजना की घोषणा के साथ भाजपा पर बोला हमला

आप ने डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान करते हुए भाजपा पर तंज कसा है। एक्स अकाउंट पर भाजपा वालों, तुम बाबा साहेब को गाली दो, मैं उन्हें सम्मान दूंगा। बाबा साहेब को यह मेरी श्रद्धांजलि है। अरविंद केजरीवाल ने भी इस पोस्ट को अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया है।

रक्तदान शिविर आयोजित

अंतागढ़/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। दिनांक 23 दिसंबर 2024 दिन सोमवार को 11:00 बजे से 4 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित रहेगा ।कृपया अधिक से अधिक रक्तदान कर शिविर को सफल बनावे ।

South East Central Railway

सं: एस/एपी/2024-25 दिनांक 13.12.2024

ADDITIONAL E-AUCTION DATE IN MONTH OF Dec-24 IN NAGPUR DIVISION

Additional E-auction date fixed on 30.12.2024 in Nagpur Division.

नागपुर मंडल के दिसम्बर-24 में होने वाले स्क्रैप ई-नीलामी की अतिरिक्त दिनांक

नागपुर मंडल में ई-स्क्रैप नीलामी की अतिरिक्त दिनांक 30.12.2024 को निर्धारित किया गया है।

उप सामग्री सामग्री प्रबंधक-।। कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

CPR/10/PR/392 South East Central Railway @secrail

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हिना बानो (HINA BANO) पति मोहम्मद फरीद (MOHAMMED FARID) निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम हिना बानो (HEENA BANO) निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय /अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम हीना बानो HEENA BANO W/O MOHAMMAD FARID के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

HEENA BANO W/O MOHAMMAD FARID
निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नसीम बानो (NASEEM BANO) पति मोहम्मद हारून (MOHAMMED HAROON) निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम नसीमा बानो (NASEEMA BANO) निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय /अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम नसीमा बानो NASEEMA BANO W/O MOHAMMAD HAROON के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

NASEEMA BANO W/O MOHAMMAD HAROON
निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद हारून (MOHAMMED HAROON) S/O ABDUL KARIM निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम मोहम्मद हारून (MOHAMMAD HAROON) S/O ABDUL KARIM निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय /अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम मोहम्मद हारून (MOHAMMAD HAROON) S/O ABDUL KARIM नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

MOHAMMAD HAROON S/O ABDUL KARIM
निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर

केनरा बैंक Canara Bank — सिंडिकेट Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 10.01.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **10.01.2025** को **12.30** बजे से दोपहर **2.30** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 09.01.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 10.01.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1. मेसर्स कॉर्पस टेक्निका, प्रोप. विशाख बसु, 2. श्रीमती अंजना बसु, दोनों का पता- फ्लैट नं. 116, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, जुनवानी रोड, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई-490020.	प्रथम तल, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, मॉडल टाउन के पास जुनवानी, गली नं. 1ए के बाजू में, स्मृति नगर, भिलाई-490020. निर्मित क्षेत्रफल 799.95 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. 116 के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. 115, दक्षिण- सड़क/खुला आसमान, पूर्व- फ्लैट नं. 117, पश्चिम- खुला आसमान।	07.02.2024 / 12.04.2024 / ₹ 31,51,922.06 07.02.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 19,10,000/- / ₹ 1,91,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Bhilai KPS Branch (Mo. 7588001823)
1. श्री अभय कुमार सिंह श्री लेदर कॉम्प्लेक्स, फूल चौक, हनुमान मंदिर के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर 492001 (ऋणी), 2. अर्चना सिंह पति- अभय कुमार सिंह, श्री लेदर कॉम्प्लेक्स, फूल चौक, हनुमान मंदिर के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर 492001 (जमानतदार)	फ्लैट नं. 408, चौथी मंजिल, खसरा नं. 204/4 (पुराना) एवं 204/26 (नया) का भाग, प.ह.नं. 114, आरआईसी- रायपुर-1, माइलस्टोन अपार्टमेंट, अमलीडीह, वार्ड नं. 46, रायपुर। चौहद्दीः उत्तर- सेन्ट्रल बैंक खुला आसमान, दक्षिण- फ्लैट नं. 401, पूर्व- सेन्ट्रल बैंक खुला आसमान, पश्चिम- कॉरीडोर,	07.03.2022 / 01.08.2022 / ₹ 47,10,037.00 17.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 17,10,000/- / ₹ 1,71,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 02 Raipur Phool Chowk Branch (Mo. 7880132368)
1. मेसर्स इयकदाना रेस्टोरेन्ट प्रोपराईटर श्री फिरोज इब्राहिम शेख (ऋणी), मकान नं. 107/23, कुंदरापारा, गुढ़ियारी, वृंदावनगढ़, रायपुर, 2. श्री मोहम्मद साबिर खान (जमानतदार), मकान नं. 51, वार्ड 14, मुसलमान मोहल्ला, ग्राम- थान खमरिया, तहसील- थान खमरिया, जिला-बेमेतरा-491338.	खसरा नं. 555/3, पीसी.नं. 07, ग्राम- थान खमरिया, तहसील थान खमरिया, जिला- बेमेतरा, छ.ग., क्षेत्रफल- 23672 वर्गफीट में स्थित परिवर्तित भूमि एवं आवासीय भवन के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- खसरा नं. 532, दक्षिण- खसरा नं. 555/2, पूर्व- खसरा नं. 532, 553, पश्चिम- खसरा नं. 552/2.	13.11.2018 / 05.02.2019 / ₹ 35,34,814.00 13.10.2018 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 66,00,000/- / ₹ 6,60,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Raipur GE Road Branch (Mo. 9326911967)
मेसर्स ए.डी. एसोसिएटस, श्रीमती आशी दुबे, दुकान नं. 5, चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी, भिलाई-490020 एवं श्रीमती आशी दुबे पत्नी रजनीश कांत दुबे, दुकान नं. 5, चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी, भिलाई- 490020	खसरा नंबर 326/1, 330, 331, 334, 335, 39/1,340/1, 342, 341/1, 341/2, 343/1, 343/2, 344/1, 344/2, 345, 346, 347/1, 347/2, 348, 349, 350, 340/2, चौहान ग्रीन वैली कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के ग्राउंड फ्लोर, चौहान ग्रीन वैली के ब्लॉक डी 1, सेमी बिल्ट यूटिलिटी शॉप नंबर 113, चौहान टाउन, ग्राम- खपरी, पी.सी. नंबर 08/11 तहसील व जिला- दुर्ग। जिसका सुपर बिल्ट अप एरिया 200 वर्ग फीट में स्थित भूमि के उस टुकड़े और पार्सल में एक अविभाजित आनुपातिक हिस्सा है, जिसमें भूमिस्वामी भूमि शामिल हैं। चौहद्दीः उत्तर- सीढ़ियां, दक्षिण- यूटिलिटी दुकान नं. 112, पूर्व- अन्य भूमि, पश्चिम- सड़क।	06.05.2024 / 31.07.2024 / ₹ 17,90,397.08 06.05.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 8,85,000/- / ₹ 88,500/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 04 Bhilai Smriti Nagar Branch (Mo. 9172646466)

EMD Deposit Details : EMD amount of 10% of the Reserve Price is to be deposited in E-Wallet of M/s PSB Alliance Private Limited (baanknet) portal directly or by generating the Challan therein to deposit the EMD through RTGS/NEFT in the account details as mentioned in the said challan on or before 09/01/2025.

ई-नीलामी की शर्तेंः- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com.** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **09.01.2025,** सुबह **10.30** से सायं **4.30** बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के **प्राधिकृत अधिकारी** से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com** अथवा **Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 22.12.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 21.12.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

मारपीट के दो फरार अपराधी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। मारपीट के मामले मे फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है । 12 अक्टूबर को प्रार्थी अंकित अग्रवाल खैरागढ़ ने उसके साथ लक्की उर्फ रिजवान और राजा सोलंकी खैरागढ़ द्वारा मारपीट कर धारदार हथियार से हमला करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज कराया था । मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2),118(1) 3(5) बी0एन0एस0 दर्ज कर किया था। मामला दर्ज होने के चलते घटना के बाद से दोनों आरोपी लगातार फरार थे तलाश मे जूटी पुलिस को दोनो आरोपियों के चोरी छिपे घर मे आने और फिर से फरार होने की तैयारी की सूचना के बाद पुलिस टीम ने आरोपियों के घर मे दबिश देकर आरोपी राजा सोलंकी और रिजवान सोलंकी को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त हथियार को जप्त किया ।

गुरु घासीदास के मानवता और भाईचारे का संदेश आज भी हैं सार्थक – योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। क्षेत्र के ग्राम गुनरबोड में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर अतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम भाजपा नेता ने गुरुगद्दी व जैतखंभ की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर भाजपा नेता ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। बाबा जी का संदेश हैं की मनखे-मनखे एक समान, इससे बढ़कर दूसरा कोई संदेश नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के मानवता और भाईचारे का संदेश दिया हैं जो आज भी सार्थक है। उन्होंने कहा कि बाबा के सत्य के रास्ते में चलने का संदेश दिया है। जैतखाम में सफेद ध्वजा शांति भाईचारे का प्रतीक है। गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना सतनाम के सिद्धांत पर की, जिसका अर्थ हैं सत्य और समानता।

व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हमारी सरकार ने नीति बनाई

भावना बोहरा ने विधानसभा में आदिवासियों को वन आवासीय पट्टा, किसानों को कृषि पम्प के संबंध में पूछा प्रश्न

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आदिवासी परिवारों को वन आवासीय पट्टा, किसानों को कृषि पम्प एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना साथी छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के संबंध में प्रश्न पूछा। भावना बोहरा ने कहा कि हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी परिवारों के कल्याण हेतु भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है वहीं कृषकों को हर सुविधा उपलब्ध हो और योजनाओं का लाभ उन्हें निरन्तर मिलता रहे इसके लिए विधानसभा में इन प्रश्नों को मैनें प्रमुखता से रखा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने एवं व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने नई औद्योगिक नीति बनाई है जिसके संबंध में अधिक से अधिक जानकारी हमारे व्यापारी भाईओं को मिल सके इसके संबंध में भी आज विधानसभा में मैनें प्रश्न पूछा।

छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक नीति के संबंध में प्रश्न करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पूछा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024-2030 में क्क्र2क्क सेक्टर के लिए नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पॉलिसी क्या है? इसके साथ ही नई औद्योगिक नीति के तहत स्थापित किये जा रहे औद्योगिक पार्क, इंजीनियरिंग पार्क, आई. टी. पार्क, फूड पार्क आदि जिनके उत्पादों का उपयोग पूँजीगत स्थापना के लिए BwB सेक्टर के लिए किया जायेगा, उनके लिए नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पॉलिसी क्या है? वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी ने बताया की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत राज्य में स्थापित होने वाले उद्यमों को नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति दिये जाने का प्रावधान किया गया है। BwB का प्रावधान क्रियान्वयन नियमावली में उपलब्ध होता है। क्रियान्वयन नियमावली तैयार कर जारी किये जाने की प्रक्रिया में है। नई औद्योगिक नीति के तहत स्थापित किये जा रहे पात्र उद्यमों/सेवा उद्यमों को नियमानुसार नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पात्रता होगी। BwB का प्रावधान क्रियान्वयन नियमावली में उपलब्ध होता है। क्रियान्वयन नियमावली तैयार कर जारी किये जाने की प्रक्रिया में है।

नई औद्योगिक नीति के संबंध में पूछा प्रश्न

छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक नीति के संबंध में प्रश्न करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पूछा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024-2030 में क्क्र2क्क सेक्टर के लिए नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पॉलिसी क्या है? इसके साथ ही नई औद्योगिक नीति के तहत स्थापित किये जा रहे औद्योगिक पार्क, इंजीनियरिंग पार्क, आई. टी. पार्क, फूड पार्क आदि जिनके उत्पादों का उपयोग पूँजीगत स्थापना के लिए BwB सेक्टर के लिए किया जायेगा, उनके लिए नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पॉलिसी क्या है? वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी ने बताया की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत राज्य में स्थापित होने वाले उद्यमों को नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

विधायक रोहित साहू के प्रयासों से मिली अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति

104 करोड़ रुपये के विकास कार्यों से होगा गरियाबंद जिले की सड़कों का कायाकल्प

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों से विधानसभा सहित गरियाबंद जिले के अनेक मार्गो के नवीनीकरण, पीएम जनमन की सड़कों, अन्य मरम्मत कार्य, पुल निर्माण और पेंच वर्क के लिए लगभग 104 करोड़ रूपये राशि की मंजूरी मिली है। उक्त कार्यों में *सड़क नवीनीकरण कार्य तहत अकलवारा से फिंगेश्वरी 96.32 लाख रुपये, दादरगाँव से छतरमड़ई 53.53 लाख रूपये ,कांटाखुसरी से राजपुर व्हाया धरमपुर 42.01 लाख रूपये,मोंगरा से बिरनीबाहरा 109.22 लाख रूपये ,परसदाखुर्द से पिपरहट्टा 29.39 लाख रुपये,पाटसिवनी से जामली 61.08 लाख रूपये,रक्सी से नवाडीह (केंवटीझर) 62.38 लाख रूपये ,कोकड़ी से भिलाई 67.62 लाख रूपये,लोहारी से गोड़लबाय 142.90 लाख रूपये,महेन्द्रगढ़ से सातधार 72.24 लाख रूपये,डड़ईपानी से धवलपुर 145.32 लाख रूपये,मैनपुर से गोबरा 298.89 लाख रूपये,सिहार से जिड़ार 48.42 लाख रूपये,गरीबा से गोना 292.27 लाख रूपये,ध्रुवापारा नाला से स्टेट हाइवे 42.16 लाख रूपये ,ऊपरपीटा से दहीगाँव 32.56 लाख रूपये,बारूला से कौंदकेरा 36.99 लाख रूपये,बारूला से पोटिया 127.79 लाख रूपये,कसेरु से आमझर 119.96 लाख रूपये की सड़क शामिल हैं। पीएम जनमन योजना के तहत वर्ष 2023-24 के कार्यों में छुईहा से कसेरूडीह व्हाया कमारपारा 180.54 लाख रूपये,बनगंवा से कमारपारा रोड 33.19 लाख रूपये,रक्सा से कमारपारा 87.07 लाख रूपये,कुंडेल कमारपारा से कसेरूडीह 177.44 लाख रूपये,गुंडरदेही से बमहनदेही 81.7 लाख रूपये,खैरझिटी से कमारपारा भेंडरी 95.13 लाख रूपये,फिंगेश्वरी से तालाबपारा 45.94 लाख रूपये,अकलवारा से कमारपारा 72.06 लाख रूपये,मड़ेली से कमारपारा 46.28 लाख रूपये,नवापारा बी से कमारपारा 106.3 लाख रूपये,फुलझर से खदराही 163.67 लाख रूपये,रवेली से कमारटोला 86.46 लाख रूपये,रवेली जरगांव से कमारपारा 37.08 लाख रूपये,रवेली जरगांव से खपरापारा 64.50 लाख रूपयेघटकर्रा स्कूल से कमारपारा 40.89 लाख रूपये,रामनगर पारा से कमारपारा 37.37 लाख रूपये,सेम्हरा से स्कूलपारा छतरपुर 200.39 लाख रूपये,राजपुर छतरपुर से कमारपारा,134.41 लाख रूपये,हीराबतर से कोकड़ाछेरा 95 लाख रूपये, बनवापारा से बांजीबहलीपारा 70.52 लाख रूपये,बुरजाबहाल से कमारपारा 102.05 लाख रूपये, बनवापारा से खासरपारा 111.26 लाख रूपये, बुरजाबहाल से बंदपारा 109.65 लाख रूपये,बनवापारा बस्ती से खरकारपारा 50.39 लाख रूपये,बुरजाबहाल से कंडियापारा कमारपारा 81.11 लाख रूपये,तुहामेटा से भालूकोना 103.58 लाख रूपये,जिड़ार से जरहीडीह (डोंगरीपारा) 114.21 लाख रूपये,जाड़ापदर से कमारपारा 181.93 लाख रूपये,विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र व जिले के विकास के लिए हमारा जो संकल्प था उन संकल्पों को पूर्ण करने सतत प्रयासरत हैं और आगे भी जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य होंगे।

पीएम मोदी ने भारत को नई दिशा दी

रिटायर्ड शिक्षक ने थामा भाजपा का दामन, विधायक दिपेश साहू ने भाजपा गमछा पहनाकर किया स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज बेमेतरा के रिटायर्ड शिक्षक अर्जुन सिँह ठाकुर विधायक दीपेश साहू समक्ष भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के लक्ष्य के साथ सर्वजन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यों से भारत को एक नई दिशा दी हैं। हमारा भारत विश्व में अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा हैं। छत्तीसगढ़ की जनता ने भी भाजपा की इसी नीतियों को देखते हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई हैं। आज बेमेतरा शहर के रिटायर्ड शिक्षक अर्जुन सिँह ठाकुर भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिनका मैं भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। भाजपा प्रवेश के बाद मीडिया से बात करते हुए रिटायर्ड शिक्षक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेश की जनता उत्साहित हैं। आज महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं प्रत्येक व्यक्ति व वर्ग के लिए डबल इंजन की भाजपा सरकार एक विजन के साथ कर रही हैं, जहां छत्तीसगढ़ के सर्वांगिण विकास के साथ जनहित के लिए योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा हैं।

भाजपा के राजिम विधानसभा अंतर्गत चार मंडल अध्यक्ष निर्वाचित

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा में संगठन चुनाव जारी है। बुध अध्यक्ष के बाद अब मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन भी हो गया है। गुरूवार को भाजपा ने राजिम विधानसभा अंतर्गत चार मंडल गरियाबंद, छुरा, कोपरा और राजिम का मंडल अध्यक्ष निर्वाचन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति और रायशुमारी के बाद गरियाबंद में सुमीत पारख, छुरा में खोमन चंद्राकर, कोपरा में गोपी ध्रुव और राजिम में रिकेश साहू मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव पर्यवेक्षक व प्रदेश प्रवक्ता श्रीचंदसुंदरानी के उपस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। इस दौरान पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भी उनके साथ मौजुद रहे। निर्वाचन उपरांत चुनाव अधिकारी गरियाबंद योगेश शर्मा, छुरा नरोत्तम साहू, कोपरा चंद्रशेखर सोनवानी तथा राजिम में गोवर्धन सिंह मांझी ने उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष की भाजपा संगठन की ओर से बधाई और शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि है। मंडल अध्यक्ष की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। आप सभी पूर्ण निष्ठा से काम करेंगे।

इधर नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सुमीत पारख गरियाबंद, खोमन चंद्राकर, गोपी ध्रुव कोपरा तथा राजिम रिकेश साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन ने हमे महती जिम्मेदारी है। भाजपा का मंडल और बुथ काफी महत्वपूर्ण होता है। मंडल अध्यक्ष के रूप में पार्टी संगठन को मजबुत करने, कार्यकर्ताओ को एकजुट रखने और केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का प्रचार प्रसार करने, आम जनता को सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे।

चाकूबाजी का फरार अपराधी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। ग्रामीण पर चाकूबाजी कर पुलिस मे मामला दर्ज होने के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने छह माह के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा है । थाना क्षेत्र के बाजार अतरिया मे 31 जूलाई को प्राथी हीरालाल वर्मा ने पुलिस मे शिकायत दर्ज कराते बताया था कि उसके साथ नथेला मंदिर के पास आरोपी मुकेश विश्वकर्मा एवं हिरेन्द्र साहू ने गालीगलौच कर मारपीट करते पास रखे चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था ।

सुमित पारख बनाए गए गरियाबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल गरियाबंद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमित पारख को मनोनीत किया गया है। भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को मंडल अध्यक्ष चुनाव पूर्व विधायक एवं गरियाबंद जिला चुनाव प्रभारी श्रीचंद सुंदरानी, मंडल चुनाव प्रभारी योगेश शर्मा, सह प्रभारी प्रकाश यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, महामंत्री अनिल चंद्राकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भाजपा मंडल गरियाबंद के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुमित पारख को बनाए जाने पर भाजपा नेता डॉ. आशीष शर्मा, प्रशांत मानिकपुरी, जीवन एस साहू, परस देवांगन, आशु डडसेना, रितेश यादव, लोकेश सिन्हा, अतुल गुप्ता, उमेंद्र सिन्हा, राज यादव, टिकेश पटेल सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

कटंगीकला में प्राशा भवन का लोकार्पण कर किया विकासकार्यों का भूमिपूजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के कटंगीकला मे मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण एवं विभिन्न कार्यो का भुमिपूजन शाला परिसर मे जिपं सभापति घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य सरपंच तुलाराम साहू की अध्यक्षता जनपद सदस्य दुरपती वर्मा ,गोरेलाल वर्मा, शुकलाराम वर्मा के विशेष आतिथ्य मे हूआ । लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते जिपं सभापति घम्मन साहू ने कहा कि गांव विकास के लिए हर सभी प्रतिबद्ध है । ग्राम विकास मे कोई क मी नही आने दी जाएगी । साहू ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार किसान, गांव, गरीब, युवाओं सहित महिलाओं के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर रही है । इसका सीधा लाभ प्रदेश के अंतिम छोर के लोगो तक पहुँचने लगा है । महतारी वंदन से महिलाओं की स्थिति मे सुधार हूआ है । तो पूरे देश मे सबसे ज्यादा धान का दाम छग मे सरकार दे रही है । शिक्षकों की मांग पर जिपं सभापति घम्मन साहू ने पूर्व माशा मे टाइल्स लगाने डेढ़ लाख रू की राशि प्रदान किए जाने की घोषणा करते कहा कि जल्द ही इसकी स्वीकृति के बाद कार्य पूर्ण कराया जाएगा ।

भारत स्काऊट गाइड के तीन दिवसीय शिविर का विक्रमपुर में हुआ शुभारंभ

खैरागढ़/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की तीन दिवसीय द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन ब्लाक के ग्राम विक्रमपुर मे किया गया है । शिविर का शुभारम्भ खैरागढ़ बीईओं नीलम राजपूत पदेन सहायक आयुक्त ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पाहार , दीप प्रज्वलित कर किया । इससे पूर्व भारत स्काउट गाइड का झंडा रोहन कर, प्रार्थना प्रस्तुति तथा झंडे की सलामी ली गयी । शिविर मे शामिल स्काउट एव गाइड के छात्र छात्राओ को बीईओं नीलम राजपूत ने संबोधित करते स्काउट्स एवं गाइड के महत्व को निरूपित करते कहा कि यह विश्व स्तर की समाजसेवी संस्था है जो स्कूली छात्र छात्राओ मे चरित्र निर्माण, सामूहिक नेतृत्व, जिम्मेदार नागरिक और अनुशासन की भावना विकसित करती है । छात्र छात्राओ मे जीवन कौशल का विकास सीखने का अच्छा मंच प्रदान करता है । इससे पूर्व विकास खंड सचिव सुनील कुमार गुणी, जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा ने स्काउट गाइड शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी । वर्मा ने प्रथम द्वितीय सोपान के पश्चात राज्यपाल प्रमाण पत्र हेतु कौशल परीक्षा आयोजन करने की जानकारी दी । भारत स्काउट्स एवं गाईड छत्तीसगढ़ इकाई के आजीवन सदस्य व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह ने अपने उदबोधन मे कैपिंग का महत्व छात्र छात्राओ को गांठ बांधना, सामुदायिक सेवा की भावना, प्रकृति प्रेम की भावना, सभी प्राणियों के प्रति दया करुणा, मिल जुलकर रहने क्षमता और लचीला पन विकसित करने के लिए भारत स्काउट्स एव गाइड को बेहतरीन साधन बताया ।

विरोध जताएंगे... निकाय आरक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा दुर्व्यव्हार के खिलाफ कांग्रेस ने किया निंदा प्रस्ताव

24 को काली पटटी लगाकर कलेक्ट्रेट के सामने करेंगे प्रदर्शन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में नगरीय निकाय के पार्षदों के आरक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा पर कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष आकाशदीप सिंह के साथ दुर्व्यव्हार किए जाने को लेकर कांग्रेस ने बैठक कर निंदा प्रस्ताव पारित किया है । कलेक्टर के कथित दूर्व्यव्हार को लेकर कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे ने बताया कि गूरूवार को कलेक्टर सभाकक्ष मे जिले के छूईखदान और गंडई नगरपंचायत क्षेत्र के पार्षदों का वर्गवार आरक्षण था । जिला प्रशासन ने सम्मान के साथ राजनितिक दलो के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था । आरक्षण प्रक्रिया शुरू होने के दौरान ही खैरागढ़ ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष आकाश दीप सिंह ने आरक्षण की बनाई गई व्यवस्था मे सुधार का सुझाव दिया था । कांग्रेसियों का आरोप है कि इस दौरान सुझाव पर ही कलेक्टर वर्मा नाराज हो गए और सुझाव मानने की बजाय सिंह को बाहर जाने कह दिया । जिलाध्यक्ष

गजेन्द्र ठाकरे ने कहा कि सम्मान के साथ बुलाने के बाद इस तरह के अपमानित करने पर कांग्रेस ने शुक्रवार को बैठक आयोजित कर जिला कलेक्टर के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया ।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे ने कहा कि कलेक्टर द्वारा जनप्रतिनिधि का अपमान करना खेदजनक है । इसके विरोध मे निंदा प्रस्ताव पास करने के बाद आगामी 24 दिसंबर को जिला कांग्रेस विधायक यशोदा वर्मा की अगुवाई में काली पटटी लगाकर जिला कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर घेराव करेगा । इस दौरान राज्यपाल के नाम कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को हटाए जाने और आगामी निर्वाचन कार्यो से दूर रखने का मांगपत्र भी सौंपा जाएगा । राज्यपाल के नाम ज्ञापन के बाद राज्य निर्वाचन और केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को भी इसकी शिकायत की जाएगी । आगामी सात दिनों मे ज्ञापनों पर कार्यवाही नही हूई तो कांग्रेस जिला मुख्यालय सहित जिलेभर मे उग्र आंदोलन का सहारा लेगी । इस दौरान नपाउपाध्यक्ष रज्जाक खान, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ग्र्रामीण अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, सेवादल अध्यक्ष देवराज किशोर दास महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती रिंकु महोबिया , युंकाजिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, प्रमोद सिंह, हेमंत वैष्णव सुनील पांडे सहित कांग्रेसी मौजूद रहे ।

बुलाक साहू बने साजा भाजपा मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

साजा/नवप्रदेश। भाजपा पार्टी द्वारा मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई हैं। जिसके तहत साजा विधानसभा के ब्लाक मुख्यालय के साजा मंडल में बुलाक साहू की नियुक्ति अध्यक्ष पद पर की गई। बुलाक साहू ने मंडल अध्यक्ष नियुक्ति होते ही क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू के साजा निवास पहुंच कर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सांसद विजय बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व विधायक लाभचंद बाफ्ना, जि.पं.अ. सुनीता हीरा लाल साहू एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। बुलाक साहू के मंडल अध्यक्ष बनने पर निर्वाचन अधिकारी प्रमेश्वर वर्मा मंडल अध्यक्ष बल्लू राम साहू, बिसरु साहू, रोहित सिंह ठाकुर, लाल शौर्यजीत सिंह, मुलचंद शर्मा, धर्मचंद जैन, परमानंद यदु, लुकराम साहू, हनुमंत साहू, पुरन साहू, लेखु राम साहू,युवराज, प्रमोद, प्रहलाद वर्मा, नारद साहू, ओमकार साहू, गोविंद साहू, गज्जू साहू, मुकेश, ललीत साहू, योगी राम सहित सैंकडो कार्यकर्ता रेस्ट हाउस पहुंच कर बधाई दिये।

सिम्स के एमआरडी में बने तीन नए काउंटर से मरीजों को राहत, इमरजेंसी केस के लिए डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ तैनात

सिम्स में ई-हॉस्पिटल की तर्ज पर मरीजों को मिल रहा बेहतर स्वास्थ्य लाभ

■ एमआरडी से भीड़ कम करने दवा काउंटर बाहर शिफ्ट, दवा वितरण केंद्र में टोकन सिस्टम से मिल रही दवाइंया

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आर्युविज्ञान संस्थान सिम्स में एमआरडी के तीन नए काउंटर खुल जाने से मरीजों को राहत मिल रही है। वही सिम्स के नये एमआरडी काउंटर में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन मरीजों का हो रहा है। एक काउंटर आयुष्मान का भी बनाया गया है। ताकि मरीजों को इलाज के समय किसी परेशानी का सामना करना ना पड़े। सिम्स में एमआरडी के पास ही एक डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की भी ड्यूटी लगाई गई है,ताकि इमरजेंसी केस आने पर तत्काल मरीज की प्रारंभिक जांच व इलाज हो सके। सिम्स में मरीजों को बेहतर जांच के साथ इलाज की सविधा मिलने के साथ ही समय की भी बचत हो रही है। बिलासपुर संभाग के सबसे बड़े सिम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए पर्ची कटवाने के लिए लंबी लाइन में खड़े होने की मजबूरी अब समाप्त हो गई है।सिम्स में एमआरडी की भीड़ को कम करने के लिए दवा काउंटर को बंद केंटीन में शिफ्ट कर दिया गया है। दवा लेने के लिए मरीजों को कोई दिक्कत न हो, इसलिए यहां टोकन डिस्प्ले सिस्टम शुरू कर दिया गया है। इस व्यवस्था से मरीजों को लाइन लगाने और धक्के खाने से छुटकारा मिल रहा है। साथ ही उनका समय भी बच रहा है। इस नई व्यवस्था से दवा काउंटर के पास टोकन नंबर दिखाने वाली एक स्क्रीन भी लगाई गई है।मरीज डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाई की पर्ची सीधे टोकन काउंटर में जमा कर रहा है। यहां से उसे टोकन नंबर दिया जा रहा है। स्क्रीन में टोकन नंबर डिस्प्ले होते ही दवा काउंटर में दिखाने पर उसे दवाई दे दी जा रही है। गौरतलब हो कि कलेक्टर अवनीश कुमार शरण सहित सचिव से हाईकोर्ट में जवाब तलब किया गया था। इसके बाद कलेक्टर ने सिम्स की व्यवस्था सुधारने लगातार अस्पताल का निरीक्षण किया।

आभा ऐप से समय की हो रही बचत

आभा एप पर ओपीडी के लिए रजिस्ट्रेशन कराते ही टोकन नंबर मिलता है। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर इसके लिए अलग से काउंटर बने हैं, जहां टोकन नंबर देते ही स्टाफ ओडी स्लिप दे देंगे। जिससे लोगों को समय की भी बचत होगी। उन्होंने बताया कि कतार से बचने के लिए मोबाइल में अब आभा एप इंस्टॉल करते ही मोबाइल नंबर से लॉगिन कर लगाया गया क्यूआर कोड लोग स्कैन करेंगे।स्कैन करने के बाद आभा आईडी चुनेंगे, आईडी चुनने के बाद डिटेल देख लेंगे

और डिटेल कंफर्म करने के बाद शेयर बटन पर क्लिक करेंगे। शेयर करते ही सभी जानकारी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ऑटोमेटिक शेयर हो जाएगी। जहां से ओडी स्लिप लेकर संबंधित डॉक्टर के काउंटर पर इलाज होगा।

मरीजों को मिल रही राहत

सिम्स में एमआरडी में मरीजों की लंबी कतार लगती थी वही दवा वितरण काउंटर में भी भीड़ बढ़ जाने से अव्यवस्था बनी रहती थी। साथ ही मरीजों व परिजनों में विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती थी।अब बाहर केंटीन वाली जगह पर दवा काउंटर वितरण केंद्र बनाया गया है। जहां टोकन सिस्टम से मरीज व परिजन दवा ले रहे है। पुराने एमआरडी काउंटर में एक आयुष्मान का भी काउंटर खोला गया है।

डॉ.लखन सिंह
चिकित्सा अधीक्षक, सिम्स

■ न्यूज गैलरी

कोटा क्षेत्र में बीमारी फैलाने वाले वेलकम डिस्टेलरी की जांच और कार्रवाई हो: अटल

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा प्रश्न

काल में कहा कि कोटा विधानसभा के ग्राम छेरका बाधा में स्थापित वेलकम डिस्टलरी से कोटा क्षेत्र के 30 से 40 किमी के ग्रामों वाले प्रदूषण और दुर्गंध से बीमार हो रहे हैं। स्कूल के बच्चों को उल्टियां हो रही हैं। किसानों का फसल बर्बाद हो रहा है, किसानों के बोर से प्रदूषित जल निकल रहा है। अपिष्ट पदार्थ को अरपा नदी में बहाया जा रहा है ग्रामवासियों द्वारा वेलकम डिस्टेलरी की जांच की लगातार मांग और शिकायत किया जा रहा है पर प्रशासन द्वारा केवल आर्थिक दंड लेकर शिकायत को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया जा रहा है, जिससे कोटा के आस पास के ग्रामवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। कोटा विधायक श्रीवास्तव ने विधानसभा में मांग किया कि वेलकम डिस्टलरी की विधायक दल के साथ जांच किया जाए और आवश्यकता होने पर वेलकम डिस्टेलरी को बंद करने की कार्यवाही किया जाए। कोटा विधायक के मांग को पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विधायक रामकुमार यादव द्वारा समर्थन देकर जांच की मांग की।

पुलिस ने 102 वाहन चालकों के खिलाफ की कार्रवाई, वसूला 33700 रुपए जुर्माना

शहर के मुख्य स्थानों में देर रात पुलिस की चेकिंग से मचा हड़कंप

बिलासपुर/नवप्रदेश। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 5 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं शहर के मुख्य स्थानों में सरप्राइज चेकिंग अभियान में 102 वाहनों पर कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी, बिना नंबर, गलत तरीके से लिखे गये नंबर प्लेट, प्रेशर हार्न, संदेहास्पद वाहन, बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म एवं संदिग्धों की जाँच की गई। ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से 33,700 रुपए अर्थदण्ड भी वसूला गया। पुलिस के अनुसार आज पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) बिलासपुर राजेन्द्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को हतोत्साहित करने हेतु नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाइन) निमितेश सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक

(कोतवाली) अक्षय सभद्रा (भापुसे), नगर पुलिस अधीक्षक (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक (चकरभाठा) डी आर टण्डन, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (कोटा) नुपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में बिलासपुर के प्रमुख चौराहों में, सभी ग्रामीण थानों में सरप्राइज चेकिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में शाम 6 बजे से 8 बजे तक तथा शहरी क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक सरप्राइज वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

तीन सवारी व बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

चेकिंग के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी, बिना नंबर, गलत तरीके से लिखे गये नंबर प्लेट, प्रेशर हार्न, संदेहास्पद वाहन, बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म एवं संदिग्धों की जाँच कर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 102 वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर कुल 33,700 रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। इसके साथ शराब पीकर वाहन चलाने वाले 05 लोगों पर भी मोटर वाहन अधिनियम कीं धारा 185 के अंतर्गत कार्यवाही की गई, जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

सोनी, सिंधी व ब्राह्मण समाज की एकतरफा जीत, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

बिलासपुर/नवप्रदेश। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में चल रहे सोसाइटी प्रीमियर लीग सीजन- 5 मैं पांचवें दिन 5 मैच खेले गए। पहले मैच में सिंधी समाज ने मोना पंजाबी समाज की टीम को हराकर आसानी से सात विकेट से अपना मैच जीत लिया। दूसरे मैच में सोनी समाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वस्त्रकार समाज को 22 रन मे समेट दिया और आसान मैच जीत लिया। यह दोनों टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। तीसरा मैच ब्राह्मण और अग्रवाल समाज के टीम के बीच खेला गया। जिसमें ब्राह्मण समाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 34 रनों से यह हमें जीत लिया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आज की प्रतियोगिता में गुरमीत सिंह भाटिया ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष प्रिंस भटिया ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। आज का पहला मैच सिंधी मोना पंजाबी के टीम के बीच हुआ। मोना पंजाबी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48 रन बनाए। सिंधी समाज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आसानी से बिना विकेट खोए 7विकेट से मैच जीत लिया। तीसरा मैच ब्राह्मण समाज तथा अग्रवाल समाज के बीच खेलें गए मैच में ब्राह्मण समाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अग्रवाल समाज को 34 रनों से हरा दिया।

एमडी पदस्थ नहीं होने से माटी कला के शिल्पकार और कर्मचारी परेशान

रतनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अंतर्गत संचालित ग्लेजिंग यूनिटों के सैकड़ो शिल्पकार मानदेय नहीं मिलने के कारण परेशान है क्योंकि बोर्ड में कई महीनो से प्रबंध संचालक ही राज्य सरकार द्वारा पदस्थ नहीं किया गया है इसलिए वित्तीय स्वीकृति के अभाव में शिल्पकारों के साथ ही यूनिटों में कार्यरत कर्मचारियों और उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट है बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ने राज्य शासन से प्रबंध संचालक पदस्थ करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ सर्व कुम्हार समाज के प्रदेश महासचिव जागेश्वर प्रसाद कुंभकार ने विगत दिनों माटी कला बोर्ड के कर्मचारी श्री साकेत राजपुरिया के कार्यों की जांच के मांग के संबंध में जांच बयान जारी किया था अपने उस बयान का खंडन करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिस समय थार गाड़ी ग्लेजिंग यूनिट के कार्य प्रदर्शनी कैमरे की खरीदी जिस समय बोर्ड में हुई उस समय साकेत राजपुरिया बोर्ड में पदस्थ नहीं थे विभाग में समस्त प्रकार के कार्य प्रबंध संचालक के अनुमोदन उपरांत ही किए जाते हैं वर्तमान में माटी कला बोर्ड में हुए कर्मचारियों की सैलरी पूर्व प्रबंधक संचालक के निर्देश अनुसार कम हुई है तथा कर्मचारियों की छटनी भी प्रबंध संचालक के निर्देशन में हुई है साकेत राजपुरिया द्वारा माटी कला बोर्ड में उनकी पदस्तीकरण के दौरान किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नहीं की गई है,इसका मैं खंडन करता हूं साथ ही छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड गठन वर्ष 2012 से वर्ष 2024 मार्च तक के कार्यों की जांच की मांग भी समाज करता है मेरा व्यक्तिगत उद्देश्य साकेत राजपुरिया के कार्यों के जांच से नहीं है बल्कि छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के कार्यों से है उस समय श्री साकेत राजपुरिया पदस्थ नहीं थे उनकी न्युक्ति 11 जुलाई 2024 को प्रबंधक के पद पर पदस्ति माटी कला बोर्ड में हुई है। छत्तीसगढ़ सर्व कुमार समाज के प्रदेश महासचिव जागेश्वर प्रसाद कुंभकार ने स्वयं के बयान पर खंडन करते हुए श्री साकेत राजपुरिया को हटाने की बयानी को निराधार बताया यह स्पष्ट किया है की सेवानिवृत्ति से पहले तत्कालीन बोर्ड के प्रबंध संचालक रहे सुधाकर खालको एवं बोर्ड में पूर्व में पदस्थ अधिकारियों के समस्त कार्यों और वित्तीय और अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।

चक्रधरपुर-लोटापहाड़ रुट में मेगा ब्लॉक, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के चक्रधरपुर-लोटापहाड़ रेलवे स्टेशनों के बीच एफओबी गर्डर लांचिंग हेतु मेगा ब्लॉक लिया जायेगा। जिसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। **रद्द होने वाली गाडियाँ-** 24 दिसम्बर को बिलासपुर एवं टाटा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । **देरी से चलने वाली गाडियाँ-** 23 दिसम्बर को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।

सीपत मंडल में पार्टी को बनाएं मजबूत: शर्मा

■ दीपक शर्मा सीपत भाजपा मंडल के अध्यक्ष मनोनीत

सीपत/नवप्रदेश। स्थानीय विश्रामगृह में शनिवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष नियुक्ति की प्रक्रिया हुई। चुनाव अधिकारी यदुराम साहू ने प्रदेश संगठन से आए लिफाफे खोलकर सीपत मंडल अध्यक्ष के रूप में दीपक शर्मा के नाम की घोषणा की। भाजपा नेता दिलेन्द्र कौशिल ने कहा कि भाजपा सामूहिकता में विश्वास करती है। हम सभी को युवावों को साथ लेकर कंधे से कंधे मिलाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। सभी मिलकर पीएम मोदी व सीएम विष्णु के हाथ को मजबूत करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजयधर दीवान, जिला उपाध्यक्ष तिलकराम साहू जिला पंचायत सदस्य नूरी कौशील, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनहरण लाल यादव, प्रणव शर्मा, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रामप्यारी यादव , नागेश्वरी साहू, महामंत्री रामनाथ यादव, महिला अध्यक्ष कल्याणी साहू उपस्थित रहे। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने सभी का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि पार्टी की रीति नीति को संगठन के माध्यम से बूथ स्तर तक ले जाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। सभी के सहयोग से पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सेवा तन, मन व धन से करूंगा। सीपत मंडल क्षेत्र में हमारी भूमिका और हमारे पार्टी का अस्तित्व हमेशा बरकरार रखेंगे।

धरमलाल ने विस में उठाया मुद्दा, स्वास्थ्य मंत्री ने सभी बातों को किया स्वीकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने ध्यानाकर्षण के जरिये सदन में सीजीएमएससी द्वारा मोक्षित कार्पोरेशन से की गई 660 करोड़ की रिएजेंट खरीदी मे हो रही अनियमितता का मामला उठाया और जल्द ही इस मामले पर कार्यवाही कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि इस बात को महालेखाकार ने भी स्वीकार किया है कि 660 करोड़ रू से अधिक दवाईयों की खरिदी में अनियमितता हुई है । श्री कौशिक ने बताया कि ध्यानकर्षण के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी बातों को स्वीकार किया और सभी तथ्य को सही बताया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मोक्षित कंपनी के द्वारा 15 दिन के अंदर में आनन फानन में बिना डिमांड के सप्लाई की गयी, जहां आवश्यकता नहीं थी वहां भी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाइयां भेजा गयी और दवाईया सभी बेकार हो गए, कुछ दवाईयों को वापस मंगाया गया इन सारे प्रकरण के लिये पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक द्वारा जांच की मांग की गयी जिसमें

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल द्वारा ई.ओ.डब्लयू द्वारा जांच कराने का सदन के अंदर घोषणा कर कहा कि कि पिछली सरकार में सुनियोजित रूप से भ्रष्टाचार हुआ. बिना जरूरी, बिना डिमांड के रिएजेंट सप्लाई की गई. 28 करोड़ की रिएजेंट खराब हो चुकी है, और भी खराब होने की आशंका है। उन्होंने इस मामले पर जल्द से

छात्र- छात्राओं ने किया विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं. विधायक बिल्हा के नेतृत्व में विधानसभा बिल्हा क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला/ हाई स्कूल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र- छात्राओं ने विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। विधानसभा भ्रमण के दौरान छात्रों ने विधानसभा कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाक़ात की।

दुर्ग में आज राज्य स्तरीय लाठी प्रतियोगिता

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रथम राज्य स्तरीय ओपन लाठी प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग जिले के अजंता पैलेस जूनवानी भिलाई में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में

छत्तीसगढ़ के लगभग 10 जिलों के 300 प्रतिभागी 6 वर्ष से 25 वर्ष तक के सभी वर्ग कैटेगरी के बच्चे भाग लेकर अपने प्रतिभा का परिचय देंगे इसमें तीन वर्ग में पट्टा बाज़ी डेमोंसट्रेशन एवं लाठी फाइट होगी ।यह खेल लाठी स्पोर्ट्स आफ छत्तीसगढ़ से एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है इस खेल में बिलासपुर जिले से पांच खिलाड़ी शिवानी बुधौलिया सोमेश्वरी साहू इच्छा नेताम अन्वेषा धीवर एवं शुभांशु साहू है बिलासपुर जिले से सचिव एवं कोच ठाकुर कर्ण सिंह जा रहे हैं इस प्रतियोगिता में जाने के लिए छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य एवं पार्षद रविन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है पांचो खिलाड़ी कल 21 दिसंबर को गोंडवाना सुपर फास्ट ट्रेन से सुबह 5.50 में दुर्ग के लिए रवाना होंगे।

योजना

जल जीवन मिशन से देवरी गांव को मिला शुद्ध पेयजल

महिलाओं को दूरदराज से पानी लाने की समस्या से मिली निजात

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकासखंड तखतपुर के ग्राम पंचायत पोंगरिहा का आश्रित ग्राम देवरी है जो कि जिला मुख्यालय से लगभग 32 किमी की दूरी पर स्थित है। यह गांव अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, यह छोटासा ग्राम है जिसमें 115 परिवार रहते हैं। जल जीवन मिशन आने के पहले गांव के लोगों को शुद्ध पेय जल सम्बंधित समस्या हमेशा बनी रहती थी। देवरी के लोगों को पीने के पानी के लिए हैण्डपंप पर निर्भर रहना पड़ता था और बरसात में गंदा पानी निकलने कि समस्या और गर्मी के दिनों में भूजल स्तर में गिरावट की समस्या के कारण हैण्डपंप से भी पानी नहीं मिल पाता था। परन्तु अब जल जीवन मिशन के तहत गांव में 40 हजार लीटर क्षमता वाली उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण किया गया है, एवं 1980 मीटर यू.पी.व्ही.सी. पाईप लाइन ग्राम में बिछाया गया है। अब देवरी के लोगों को पेयजल संबंधित समस्या से निजात मिल गई है। इसी तरह हितग्राही मनीराम कहते है कि योजना आने से पहले उन्हें पानी भरने के लिए दूसरे मोहल्ले जाना पड़ता था। वहां लोगों की भारी भीड़ हुआ करता था जिसके कारण पानी भरने में बहुत मशक्कत करनी पड़ती था। उन्हें दूर से बार-बार पानी ढोने से बहुत थकान हो

जाता था। लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना से उन्हें घर पर ही शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है जिससे वे बहुत खुश हैं। देवरी ग्रामवासियों का कहना है कि जल जीवन मिशन ने देवरी के लोगों के जीवन स्तर में काफी परिवर्तन लाया है, जहां लोग पहले पेयजल के लिए अपना मुख्य कार्य भी छोड़ देते थे परंतु अब घर पर नल से जल मिल जाने से लोग अपने मुख्य कार्य जैसे कृषि एवं अन्य व्यवसाय आदि पर ध्यान दे पाते है जिससे लोगों के आर्थिक स्थिति में सुधार संभव हुआ, यहां के लोग घर पर जल मिलने से काफी खुश हैं। ग्रामवासियों ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद किया।

हैंडपंप से छुटकारा

जल जीवन मिशन योजना से लाभान्वित हितग्राही मंजिती कौशिक बताती हैं कि पहले उन्हें पानी के लिए केवल हैण्डपंप पर निर्भर रहना पड़ता था। पानी भरते वक्त अपनी बारी के इंतजार में बहुत समय व्यतित हो जाता था जिससे घरेलु कामों एवं किसानी के कामों से पिछड़ जाती थी। कई ऐसे महत्वपूर्ण काम समय के कमी के कारण चुक जाता था। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब घर पर ही टेपनल लगाये जाने से पानी भरने हैण्डपंप पर निर्भर नहीं होना पड़ता, अब सारा काम सही समय पर हो जाता है।

न्यूज गैलरी

नगर पंचायत लखनपुर के वार्डो का आरक्षण

लखनपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन चुनाव के मद्देनजर नगर लखनपुर में वार्ड पार्षदों के लिए आरक्षण की सूची जिला कलेक्टर के सम्मुख जारी कर दी गई है। जिसमें नगर पंचायत लखनपुर अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 01 में आदीवासी पुरुष, 02 पिछड़ा वर्ग पुरुष, 03 सामान्य पुरुष, 04 पिछड़ा वर्ग पुरुष, 05 आदीवासी पुरुष, 06 सामान्य पुरुष, 07 सामान्य महिला, 08 सामान्य महिला, 09 पिछड़ा महिला, 10 सामान्य पुरुष, 11 सामान्य पुरुष, 12 सामान्य पुरुष ,13 आदीवासी महिला ,14 सामान्य पुरुष, 15 अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित हुई है। अब नगरवासियों की नजर अध्यक्ष पद के आरक्षण पर टिकी हुई है जबकि आरक्षण प्रदेश स्तर से होना है।

कुएं में गिरने से युवक की मौत

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम लहपटरा में एक युवक के कुआं में डुबने से मौत हो गई। युवक अजय कुमार दुबे ग्राम रामपुर खास पारा अपने छोटे भाई प्रेम कुमार दुबे के साथ अल्टो कार से जिला सूरजपुर बटालियन फिजिकल टेस्ट के लिए गए हुए थे। गृहग्राम वापसी के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित टोल टेक्स नाका पार करने के बाद ग्राम लहपटरा के समीप अचानक कार रोक कर अजय दुबे सड़क में पीछे की ओर भागने लगा। बड़ा भाई प्रेम दुबे भी अपने छोटे भाई को वापस लौटाने पीछे दौड़ने लगा लेकिन घूप स्याह अंधेरे में अजय दुबे कहीं गुम हो गया। तलाश जारी रहा। ग्रामीणो ने गांव के समीप कुएं में युवक के शव को देखा जिसकी सूचना थाना में दी। पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए युवक के शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच करने जुटी है।

प्रधानमंत्री की गारंटी कृषक उन्नति योजना

बलरामपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के द्वारा राज्य के किसानों से 3100 रुपए क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है। मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए राज्य शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत् किसानों को आदान सहायता राशि का अंतरण उनके बैंक खातों किया जाता है। किसान हितैषी मुख्यमंत्री श्री साय की सरकार द्वारा राज्य में किसानों से अपने वायदे के मुताबिक प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करने के साथ ही दो साल के धान का बकाया बोनस की राशि का भुगतान भी किया गया है। श्री साय की सरकार, खेती-किसानी और किसानों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। योजनांतर्गत मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में किसान अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं। जिले के विकासखंड बलरामपुर के ग्राम सागरपुर के कृषक विश्वनाथ दास बताते हैं कि उनके पास 5.25 एकड़ कृषि भूमि है।

सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर छात्रावासों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

छात्रों ने सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर अपने विचार रखे

बलरामपुर/नवप्रदेश। जनादेश परब और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले के छात्रावास में खेलकूद, वाद विवाद अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में समर्पण, उत्साह को बढ़ावा देना है। ऐसे आयोजन छात्रों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर अपने विचार भी साझा किए और खेलकूद के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर और जनपद पंचायत बलरामपुर के द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दौड़ का आयोजन किया गया। सुशासन दौड़ कलेक्टर बंगला (पुराना बस स्टैंड) से प्रारंभ होकर शासकीय कन्या महाविद्यालय बलरामपुर में समाप्त हुआ। सुशासन दौड़ को मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित ने हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत

रणवीर साय व रक्षित निरीक्षक विमलेश देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दौड़ के पश्चात शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित ने सुशासन दिवस के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराते हुए शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। श्री दीक्षित ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए युवाओं का सुशासन में योगदान देने प्रेरित किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मौलिक सिद्धांतो की चर्चा करते हुए शिक्षा के माध्यम से सुशासन स्थापना की प्रेरणा दी। जनपद सीईओ रणवीर साय ने छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासन द्वारा चलाई जा रही शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, विज्ञान आदि क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के प्राचार्य प्रो. एन.के. देवांगन ने विद्यार्थियों को अपने अधिकार का सदुपयोग एवं कर्तव्य पालन करके शासन-प्रशासन में भागीदार बनने की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छात्र वर्ग में प्रथम स्थान अनीश सिंह, द्वितीय स्थान धीरज सिंह व तृतीय स्थान अंकित सिंह ने प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में अनामिका प्रथम, ममता द्वितीय एवं कुंती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में पुलिस-यातायात विभाग व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्टर-सीईओ ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

पांचवीं की छात्रा ने 13 का पहाड़ा सुनाया कलेक्टर खुश

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने विकासखंड रामचंद्रपुर का सघन दौरा किया। उन्होंने प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिलापंचायत सीईओ विकासखंड रामचन्द्रपुर के ग्राम चिनिया के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला तथा आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बच्चों की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। कलेक्टर ने छात्रों से उनके पढ़ाई के सम्बंध में पूछा, इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर द्वारा पूछे गए सवालों का

जवाब दिया।पाँचवी की छात्रा सरस्वती ने कलेक्टर को 13 का पहाड़ा भी सुनाया। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद करते हुए पूछा कि भविष्य में क्या बनना चाहते है। बच्चो ने बड़े ही सहजता के साथ बताया कि उच्च शिक्षा ग्रहण कर टीचर, डॉक्टर, नर्स बन जनसेवा क्षेत्र में कार्य करना चाहते है। कलेक्टर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने रसोईघर का भी अवलोकन कर प्रतिदिवस दी जा रही भोजन की जानकारी ली तथा बच्चों को मीनू के आधार पर भोजन देने के निर्देश दिए । कलेक्टर और सीईओ ने परिसर में ही संचालित आगंनबाडी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए कहा कि बच्चें नियमित रूप से आंगनबाड़ी आयें यह सुनिश्चित करें । उन्होंने बच्चों को मिलने वाले नाश्ते और भोजन के बारे में पूछा एवं बच्चों को पोषण आहार देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं की भी जानकारी ली तथा उन्हें भी नियमित रूप से गर्म एवं पौष्टिक भोजन देने को कहा। कलेक्टर कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ जमील ने विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत आरोग्य आयुष्मान मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामचंद्रपुर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र छतवा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति, मरीजों की भर्ती, ओपीडी, संस्थागत प्रसव, पंजीयन रजिस्टर, टीकाकरण कक्ष, दवाइयों की उपलब्धता, जांच, उपचार की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके साथ उन्होंने भर्ती हुए मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। भर्ती हुए मरीजों ने कलेक्टर को समय पर भोजन एवं डॉक्टरों द्वारा नियत समय में जांच करने की बात बतायी। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेंद्र प्रधान,

हाइवा की चपेट में आने में आने से स्कूली छात्रा की मौत

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के पास तेज रफ्तार हाईवा ने सायकल से स्कूल जा रही 9वीं की छात्रा को चपेट में ले लिया। जिससे 13 वर्षीय छात्रा दुर्गा पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्गा शासकीय कन्या शाला में कक्षा 9वीं की छात्रा थी। पुलिस मामला दर्ज कर कार्यवाही कर रही है। ग्राम सुरीघाट की रहने वाली दुर्गा पटेल रोज की तरह 11 बजे अपनी साइकिल पर सवार होकर स्कूल जा रही थी। आत्मानंद स्कूल के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाईवा क्रमांक सीजी 10 आर 1315 ने उसे टक्कर मार दी और कुचलते हुए निकल गया। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने हाईवा चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया। पुलिस ने चालक के खिलाफधारा 106/1 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच में पता चला है कि ट्रक चालक

मध्यप्रदेश का निवासी है, जबकि वाहन मालिक बिलासपुर का रहने वाला है जो कि अभी तक थाने में उपस्थित नहीं हुआ हैं। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नगर में अव्यवस्थित यातायात के चलते आये दिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुराना बस स्टैण्ड, बालानी चौक, पड़ाव चौक, सदर बाजार, लोरमी रोड तिराहा के पास आये दिन भीड़ रहती है। बालानी चौक एवं सदर बाजार में समय-समय पर ट्रेफिक्र जाम की स्थिति बनती रहती है। बाईपास लोरमी तिराहा एवं बिलासपुर रोड पर भारी वाहन तेज रफ्तार में दौड़ते रहती है। जिसके चलते दुर्घटना

बाबा गुरु घासीदास की शोभा यात्रा निकाली

मुंगेली/नवप्रदेश। गुरु घासीदास की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ ने किया। गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या को भव्य सतनाम शोभा यात्रा निकाली गई, जो नगर के सतनाम भवन दाउपारा से शुरू हुई। यात्रा दाऊपारा, पुल पारा, बडा बाजार, नंदी चौक, हेमू चौक, पड़ाव चौक, बालानी चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए सतनाम भवन पहुंची। यहां यात्रा का समापन हुआ।

शुरुआत में मुंगेली सतनाम भवन में पूर्व कैबिनेट मंत्री जगत गुरु रुद्र कुमार व गुरु गोसाई गुरुद्वारा खपरीपुरी धाम ने मुंगेली सतनाम भवन पहुंचे। उन्होंने पूजा अर्चना की और शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसका जगह-जगह स्वागत हुआ। इस अवसर पर युवाओं ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किए। हिंदू धर्म संस्कृति जागरण मंच ने मुंगेली थाना सीटी कोतवाली के पास आतिशबाजी कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

आयोजन सतनाम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास खाण्डेकर के नेतृत्व में किया

गया। पंथी प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान भटगांव की टीम ने हासिल किया। उन्हें 11 हजार नगद व शील्ड दिया गया।

द्वितीय ठाकुर देवा पथरिया की टीम रही। तृतीय गुरुवाईनडबरी ने हासिल किया। उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने पुरस्कृत किया। वहीं, अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप मे 500 रुपए दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में समाज प्रमुख सतनाम महासंघ के विकास खांडेकर, पूर्व विधायक चंद्रभान बारामते, पूर्व विधायक चुरामन मंगेशकर, मानिक सोनवानी, संजीत बनर्जी, दिलीप बंजारा, शिवकुमार बंजारा, मोहित बंजारा, जीतराय खांडेकर, कुंज बिहारी डहरिया, अजय पात्रे, लुखचंद खांडे, सतानद घृतलहरे, विशिष्ट खांडेकर, फलित जांगड़े, डेविड बंजारा, परमेश्वर राय आदि ने सहयोग

कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज राजेन्द्र कटारा ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 02 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए जिले में निम्न तिथियों को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर श्री कटारा द्वारा जारी आदेश में 14 जनवरी 2025 दिन मंगलवार को मकर संक्रांति/पोंगल, 03 सितम्बर 2025 दिन बुधवार को ढोल ग्यारस (करमा) तथा 21 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश कोषागार/उप कोषागारों तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

मिट्टी, मुरूम व रेत के अवैध परिवहन, 5 हाइवा जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मिट्टी, मुरूम एवं रेत के अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर 05 वाहनों को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

जिला खनिज अधिकारी श्रीमती ज्योति मिश्रा ने बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 10 आर 0491 वाहन चालक विकास कुमार साहू एवं वाहन क्रमांक सीजी 11 एजी 0749 वाहन चालक सुनील कुमार द्वारा मुरूम एवं रेत अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिसे थाने में रखी गई है। इसी तरह वाहन क्रमांक सीजी 28 एच 3430

चालक करण यादव, वाहन क्रमांक सीजी 22 एबी 3446 वाहन चालक विजय साहू एवं वाहन क्रमांक सीजी 07 एवी 2935 चालक राजकुमार यादव द्वारा मिट्टी एवं मुरूम का अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिसे खनिज एवं राजस्व विभाग के द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर तीन वाहनों को रक्षित केंद्र पुलिस लाइन मुंगेली की सुरक्षा में रखी गई है और खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

शहीदों के परिजनों को शाल, श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस प्रशासन द्वारा कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन हाल में शहीदों के परिजनों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में शहीदों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने शहीद धनंजय सिंह, छत्रधारी जांगड़े, आनंद सिंह राठौर, संतोष पहारे, नरेन्द्र साहू, प्लाटून कमांडर राजकुमार कश्यप के परिवारजनों को शाल, श्रीफ्ल एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में

कलेक्टर ने ''अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों'' गाना के जरिये शहीदों के त्याग, बलिदान एवं शौर्य गाथा को याद किया। उन्होंने कहा कि वीर जवानों की गाथा इतिहास में अमिट है।

शहीदों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और हमें उनके शहादत को याद करते हुए देश की सुरक्षा, एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए प्रेरणा लेना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि देश की सेवा में जो बलिदान शहीदों ने दिया है, उनका योगदान अविस्मरणीय है। हमें शहीदों के सम्मान में ऐसे कार्य करने चाहिए जो हमारे समाज को एकता, प्रेम और देशभक्ति के सूत्र में बांधे। कार्यक्रम में पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति गीत-संगीत की प्रस्तुतियां दी गई। शहीद राजकमल कश्यप के पिता राधेश्याम कश्यप ने वीर शहीदों की स्मृतियों में आयोजित कार्यक्रम के लिए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। शहीद चक्रधारी की पुत्री अंजलि जांगड़े ने अपने पिता के त्याग और बलिदान को याद करते हुए सभी लोगों को देश सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं विवेक शुक्ला, अपर कलेक्टर जीएल यादव एवं मेनका प्रधान, उप पुलिस अधीक्षक एसआर घृतलहरे सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी और मीडिया के

आयोजन

छत्तीसगढ़िया क्लाउड जशपुर एवं महिला काव्य मंच का आयोजन

कविता उत्सव में कवियों ने अपनी रचनाओं से भरा जोश, नई किरण का फैलाया उजाला

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़िया क्लाउड जशपुर एवं महिला काव्य मंच के सौजन्य से आयोजित कविता उत्सव 2024 में जशपुर के साहित्यिक धुंध में छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों की प्रस्तुति ने नई किरण का उजाला फैलाया, जिसमें मनेन्द्रगढ़ के साहित्यकारों ने अंचल की रचना धर्मिता को प्रतिबिंबित किया। राम भजन राय शासकीय महाविद्यालय जशपुर के सभागार में साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति में आयोजित कविता उत्सव 2024 में छत्तीसगढ़ के साहित्यिक परिवेश में एक नया अध्याय और जोड़ दिया। कलाकारों साहित्यकारों एवं सांस्कृतिक जगत से जुड़े रचना कर्मियों के मध्य मनेन्द्रगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार बीरेंद्र श्रीवास्तव की कविता शहर में तब्दील होता गांव ने श्रोताओं को सांस बांधे सुनने के लिए बाध्य कर दिया। पुलिस अधीक्षक एवं साहित्यकार शशि मोहन सिंह की कविता लाहौर कराची जाएगे ने श्रोताओं में इतना जोश भर दिया कि लोग भारत माता की जय के नारे से सभागार को भाव विभोर कर दिया। मनेन्द्रगढ़ के मंच साहित्य के धुरंधर कवि गौरव अग्रवाल ने मंच पर राम राज्य की ऐसी छवि पेश की जिसने साहित्यिक धरातल पर एक नई सोच को अंजाम दिया।अपनी विशिष्ट पहचान की झगराखंड की साहित्यकार अनामिका चक्रवर्ती की

कविताओं ने मंच पर ऐसा समां बांधा कि साहित्य की यह कविता उत्सव जशपुर के स्थानीय आयोजन की सार्थकता का संदेश दे गई. जशपुर की कवियित्री ममता सिन्हा ने अपनी प्रस्तुति में बहुत मार्मिक शब्दों में तुकबंदी में अपनी कविता पढ़ी 'होना चाहिए' शुरू कहीं से हो बातें, खत्म, मुस्कुराहटों पर होना चाहिए और चलो कुछ आज करते हैं, चलो कुछ आज करते हैं। ममता सिन्हा की कविताओं में श्रोताओं के लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संदेश निहित है। कार्यक्रम में कीर्ति किरण, वरिष्ठ कवि वाचस्पति मिश्रा, सीमा गुप्ता, नीलकमल, जितेंद्र, वृंदा भगत, ज्योति, मीरा आदि के साथ बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ की साहित्यिक धुंध में नया उजाला फैलाने की कोशिश करने वाले छत्तीसगढ़िया क्लाउड के डॉ. आनंद कुमार पांडे एवं महिला काव्य मंच की अध्यक्ष अनीता गुप्ता को इस सफल आयोजन के लिए मंच अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

रचनाकारों की उपस्थिति ने बढ़ाई मंच की गरिमा

अंबिकापुर के साहित्यकार जितेंद्र गुप्ता के संचालन में मंच पर उपस्थित रचनाकारों में आईपीएस शशि मोहन के साथ उनकी अर्धांगिनी रेखा सिंह जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष जुल्फिकार सिद्दीकी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अभय राम वैरागी की उपस्थिति ने जहां मंच को गरिमा प्रदान की। वहीं साहित्यिक प्रस्तुति में इस मंच पर राजेंद्र प्रेमी, मिलन मलरिहा,सहित महिला रचनाकारों में अनीता गुप्ता, डॉ. कुसुम माधुरी, सरिता नायक, सरस्वती चौहान, मधु बाजपेई एवं वसफ़ी सिद्दीकी के गीतों और कविताओं की प्रस्तुति ने मंच को ऊंचाइयां पर ला खड़ा किया।

ग्राम बेंदरची में 51 लाख की लागत से बनने वाले मिनी स्टेडियम निर्माण का किया भूमिपूजन

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से कबीरधाम जिले के युवाओं के सपने सकार हो रहे है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से आज ग्राम बेंदरची में 51 लाख रुपये की लागत से मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन किया गया। यह मिनी स्टेडियम क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देगा और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करेगा। इस स्टेडियम के निर्माण से युवाओं को खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मौका मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, श्री नितेश अग्रवाल, श्री कैलाश चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और खिलाड़ी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण जगी है। उनके अथक प्रयासों से आज ग्राम बेंदरची में 51 लाख रुपये की लागत से मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन हुआ। यह मिनी स्टेडियम न केवल क्षेत्र में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि युवाओं को बेहतर खेल सुविधाओं के साथ अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर भी प्रदान करेगा। इस परियोजना के निर्माण से खिलाड़ी अपनी क्षमताओं को साबित कर सकेंगे और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल कौशल को प्रदर्शित करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। इस कदम से जिले के खेल माहौल में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और भविष्य में कई उभरते हुए खिलाड़ियों का मार्ग प्रशस्त होगा।

मिनी स्टेडियम के निर्माण हो जाने से विभिन्न खेलों के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे युवाओं को अपनी खेल क्षमताओं को निखारने का मौका मिलेगा। मिनी स्टेडियम के निर्माण से युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा, जो उनके करियर की दिशा तय करने में मदद कर सकता है। इससे शारीरिक फिटनेस भी बेहतर होगी। खेलों को बढ़ावा देने से समाज में एक सकारात्मक वातावरण बनेगा और युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क, और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होंगे।मिनी स्टेडियम का निर्माण युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

खेल गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

ग्रामीण इलाकों में अब तक खेल गतिविधियों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी चुनौती रही है। इन मिनी स्टेडियमों के बनने से न केवल स्थानीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकेंगी, बल्कि बच्चों और युवाओं को पेशेवर स्तर पर प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। स्टेडियम स्थानीय युवाओं को फिटनेस, फुटबॉल, कबड्डी, क्रिकेट जैसे खेलों में प्रशिक्षित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाएंगे।

जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 3 लाख 28 हजार 795 मीट्रिक टन कह धान खरीदी

धमतरी/नवप्रदेश। खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में जिले में समर्थन मूल्य पर 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति / आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक पंजीकृत एक लाख 28 हजार 370 किसानों में से 74 हजार 881 किसानों का कुल 3 लाख 28 हजार 795 मे.टन धान की खरीदी की गई है। खरीदी की गई धान का मूल्य 757.41 करोड़ रूपये है, जिसका सबंधित कृषकों को लगातार प्रतिदिन भुगतान किया जा रहा है।

खाद्य अधिकारी श्री कोर्राम ने बताया कि जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सुव्यस्थित रूप से की जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों/बिचौलियों के द्वारा धान के अवैध भण्डारण / परिवहन

कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है, जिसके रोकथाम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारियों का ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। गठित ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध धान भण्डारण / परिवहन करने वालों के विरूद्ध दिनांक 14 नवम्बर से 19 दिसम्बर तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत् लगातार कार्यवाही कर 71 प्रकरण दर्ज कर कुल 510.74 में टन अवैध धान जप्त किया गया है।खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान के मिलिंग हेतु जिले में कुल 200 राईस मिलों का पंजीयन किया गया है, जिनके द्वारा अभी तक 45 हजार 874 मे.टन धान का उठाव सीधे समीति/उपार्जन केन्द्र से किया गया है तथा जिले के 4 संग्रहण केन्द्र के लिए एक लाख आठ हजार 470 मे.टन धान का परिवहन आदेश जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध 81 हजार 13 मे. टन धान का उठाव उपार्जन केन्द्र से कर संग्रहण केन्द्र में जमा किया गया है. इस प्रकार कुल एक लाख 26 हजार 887 मे.टन धान का उठाव उपार्जन केन्द्रों से किया जा चुका है और 2 लाख एक हजार 908 मे.टन धान उपार्जन केन्द्र में शेष है।

न्यूज गैलरी

सोना वर्मा को खरोरा के मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई

बीजापुर/नवप्रदेश। मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर की विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई वहीं पटाखे पूछने शुरू हो गए हैं और साथी मिठाइयां बाँटने लगे हैं खरोरा नगर पंचायत में भी खुशी की लहर दौड़ गई और देखते ही देखते कार्यकर्ताओं का हुजूम लग गया है वही कार्यकर्ताओं के द्वारा है श्रीमती वर्मा को बधाई देने का ताँता लगा रहा कार्यकर्ताओं में विशिष्ट रूप से गुलाबसिंह टिकरिहा नीलमबूज़ चंद्राकर सूरज सोनी नरेन्द्र सिंह ठाकुर दाऊ लाला विकास ठाकुर आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई ! और बहुत से कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे इस बात को बताना लाज़मी होगा इसके पूर्व श्री मति सोना वर्मा जिला पंचायत सदस्य रहीं हैं और संगठन में महिला मोर्चा की जिला महामंत्री भी रह चुकी हैं अतः सोना वर्मा को अपनी वारिस्टता पूरा सम्मान मिला है जिससे की आने वाला समय में मंडल को संचालित करने में और कार्यकर्ताओं को संगठित करने में सहयोग प्रदान होगा खरोरा में मंडल अध्यक्ष महिला पहली बार बनाया गया है इस लिए भी कार्यकर्ताओं में खुशियाली है।

मिश्रीलाल पटेल बने भोथली भाजपा मंडल के अध्यक्ष

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के धमतरी जिला के भारतीय जनता पार्टी भोथली मंडल के मिश्रीलाल पटेल अध्यक्ष नियुक्त होने पर नगरी सिहावा क्षेत्र के समाजिक बंधु,व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया। जानकारी के अनुसार मिश्रीलाल पटेल कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी के जिला अध्यक्ष है भोथली भाजपा मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति होने पर भारतीय जनता पार्टी धमतरी जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज संरक्षक अमरसिंह पटेल,कोसरिया मरार पटेल समाज राजा लतखोर पटेल,खुटैत नारायण पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल,डामे पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, संगठन मंत्री नरेश कौशल, कार्यकारणी सदस्य बेदन पटेल,नरेश पटेल, नरेंद्र पटेल, प्रभाकर पटेल,कमल पटेल, रूपेश कुमार पटेल, रुपधर पटेल,मनोज पटेल, सहित नगरी सिहावा क्षेत्र के समाजिक बंधुओं ने बधाई प्रेषित किया।

वॉक इन इंटरव्यू 26 दिसम्बर को

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सेकेण्डरी स्तर कक्षा नवमीं से बारहवीं हेतु धमतरी और नगरी विकासखण्ड में रिक्त स्पेशल एजुकेटर के पदों की एक निश्चित मानदेय पर भर्ती किया जाना है। कलेक्टर एवं मिशन संचालक सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर स्वीकृत पद हेतु आगामी 26 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा।

जनादेश परब : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में आयोजित गौ-पूजन और नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर

सुशासन के एक वर्ष: गौ-पूजन और नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविरों के माध्यम से नई पहल

कवर्धा/नवप्रदेश। जनादेश परब और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में गौवंश संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से भव्य गौ-पूजन कार्यक्रम और निःशुल्क बहुद्देशीय पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में समाजसेवियों, गौशाला समितियों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम ÷प्रशासन गांव की ओर÷ अभियान का हिस्सा भी है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं और सेवाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम छपरी बोड़ला के श्री राधा माधव गौ सेवा समिति में गौ-पूजन का आयोजन ग्राम छपरी स्थित श्री राधा माधव गौ सेवा समिति द्वारा आयोजित गौ-पूजन कार्यक्रम में समाजसेवी और समिति अध्यक्ष श्री राजेश माखीजानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

गौशाला समिति की बैठक में गौवंश संरक्षण और संवर्धन की महत्ता पर चर्चा की गई। पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. एस.के. मिश्रा के मार्गदर्शन में गौसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले दानदाताओं को श्रीफल और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। गौशाला के पशुओं की देखभाल करने वाले सेवकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। निःशुल्क बहुद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर में पशुओं का उपचार और औषधि वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम रमतला पंडरिया में मां बम्हनदेई गोपाल गौ सेवा समिति की अनूठी पहल देखने को मिली। यहां रमतला स्थित मां बम्हनदेई गोपाल गौ सेवा समिति में गौ-पूजन के साथ-साथ गौशाला समिति की बैठक आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष श्री मयाराम यादव और अन्य सदस्यों ने गौवंश संरक्षण पर विचार साझा किए।

पशुपालन विभाग पंडरिया की टीम ने निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का संचालन किया, जिसमें पशुओं का उपचार और औषधि वितरण किया गया। गौसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सेवकों और दानदाताओं को सम्मानित किया गया। गौवंश संरक्षण की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया गया और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन की सराहना की गई। ग्राम लोहरा पंडरिया में श्री केशव गौशाला में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर पटेल द्वारा गौ-पूजन से किया गया। गौशाला समिति की बैठक में सदस्यों ने गौवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए विचार प्रस्तुत किए। समिति अध्यक्ष श्री महेशी राम पटेल और सचिव श्री राजेंद्र पटेल की उपस्थिति में दानदाताओं और सेवा प्रदाताओं को सम्मानित किया गया। श्री पटेल ने गौ उत्पादों की उपयोगिता और महत्व पर व्याख्यान दिया।

पुत्र की हत्या करने वाला पिता गिरफ्तार

नशेड़ी पुत्र से परेशान पिता ने की पुत्र की हत्या

बेमेतरा/नवप्रदेश। मृतक आनंद सेन पिता सतानंद सेन उम्र 35 साल साकिन तेलगा चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा अपनी पत्नी को 1 वर्ष पूर्व लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करने से वह अपने दो बच्चों को साथ लेकर अपने मायके ग्राम देवबलौदा थाना कुम्हारी जिला दुर्ग में रहती हां। मृतक आनंद सेन अपने माता पिता एवं छोटा भाई उमेश्वर सेन से अलग रहता था, जो हमेशा गांव से बाहर रायपुर, दुर्ग में रहकर नाई कार्य करता था। समय समय पर अपने गांव ग्राम तेलगा आना जाना करता था जब भी वह गांव आता था, तो अपने माता पिता एवं परिवार के सदस्यों को लडाई झगडा कर मारपीट करने उतारू हो जाता था। 17 दिसंबर शाम के समय अपने गांव तेलगा आया था और अपने माता पिता एवं छोटे भाई व घर के अन्य सदस्यो को शराब के नशे में गाली गलौच कर मारपीट करने उतारू हो गया था और रात्रि के समय अपने कमरा में सो गया था। मृतक के कृत्य से उसके पिता आरोपी सतानंद सेन एवं परिवार के लोग काफी परेशान थे जिसके कारण मृतक के पिता आरोपी सतानंद सेन ने मृतक को सोते समय रात्रि करीबन 10.30 बजे लोहे का टंगिया से प्राण घातक हमला कर उसके सिर में कई बार मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया गया की प्रार्थी उमेश्वर सेन उम्र 32 साल साकिन तेलगा पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला के रिपोर्ट पर धारा 103 (1) बीएनएस सदर का अपराध एंव मर्ग सदर कायम कर जांच, विवेचना में लिया गया। प्रकरण में एफएसल टीम के साथ घटना स्थल निरीक्षण कर शव पंचनामा कार्यवाही कर मृतक के शव का पीएम कराया गया।

तिलका पारा में मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

केवल और केवल नवागढ़ की प्रगति और उन्नति है लक्ष्य-विकास दीवान

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर के तिलका पारा में बाबा गुरु घासीदास जयंती धुमधाम से मनाई गई। गुरु गद्दी व जतखाम की पूजा अर्चना के पश्चात पंथी नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़कर हिस्सा लिया। आसपास से आई हुई टोलियों ने लोक नृत्य पंथी अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया।

इसी बीच नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान भी जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गद्दी व जतखाम का पूजा अर्चना कर नगर के समृद्धि व खुशहाली का कामना की। दीवान ने कहा कि बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का आदर्श प्रस्तुत करके समाज में भेदभाव, छुआछूत और अन्य कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका अद्वितीय योगदान आज भी हमें एकता व सामाजिक न्याय के लिए प्रेरित करता ह।

दीवान ने कहा कि नवागढ़ के विकास के लिए हम सभी एक हं, आपसी मतभेदों को दूर कर हम लोगों को केवल और केवल नवागढ़ के प्रगति और उन्नति के लिए काम करना ह। कुछ बाहरी तत्व हमारे बीच फूट डालने की कोशिश कर रहे हं उनसे सचेत रहने की आवश्यकता ह।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग ने ने गुरु घासीदास बाबा जी के योगदान और उनकी शिक्षाओं को याद किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए अपने प्रयासों को और अधिक समर्पित करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्य करें।

कालेज में पहली बार हुआ खेल का आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। शासकीय शहीद वेंकटराव स्नातकोतर महाविद्यालय बीजापुर में 2 दिन का खेल का आयोजन किया गया।आपको बता दे कि पी जी कालेज बीजापुर में पहली बार महाविद्यालय में वार्षिक कलेंडर पर खेल का आयोजन हुई है।जिसको लेकर विधार्थियों में बड़ी हर्ष का विषय देखा जा रहा हैं।उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के शैक्षणिक कलेंडर की तर्ज पर वार्षिक कलेंडर की शुरुआत हुई।

प्रकाश के युवा अध्यक्ष बनने से भाजपा से जुड़ेंगे युवा

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा का संगठन महापर्व चल रहा है इसी क्रम में संगठन का महत्वपूर्ण दायित्व एक युवा को मिलना बहुत ही ख़ुशी की बात है गरियाबंद भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री सुमित पारख के बनने से नगर के युवाओं में एक अलग ही उत्साह है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत में युवाओं का योगदान काफ़ी महत्वपूर्ण रहेगा ।इसलिए ही उन्होंने कि राजनीति में एक लाख युवा को जोड़ने का संकल्प लिया है और लगता है उनका संकल्प जल्द ही पूरा होगा , बहुत सारे युवा साथियों ने भाजपा प्रवेश की मंशा ज़ाहिर की है और युवा अध्यक्ष मिलने से एक युवा टीम की उम्मीद है लेकिन संगठन में अनुभवी कार्यकर्ताओं का भी साथ मिलेगा साथ मिलकर भाजपा संगठन को और मज़बूत बनाएँगे , क्यों की कुछ समय पश्चात नगरीय निकाय चुनाव है और चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होती है संगठन के अनुभवी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन और युवा कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता से पालिका चुनाव में पूरे 15 वार्ड में कमल खिलाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे।

पेंशनर्स डे के वार्षिक महोत्सव आयोजित

■ **मुख्य अतिथि पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा**

बीजापुर/नवप्रदेश। डा. डी पी मनहर जी की अध्यक्षता में बड़े हर्षोल्लास के साथ 23 वी वार्षिक प्रांतीय पेंशनर्स डे एवं सम्मान समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ सर्व प्रथम पेंशनरों द्वारा बाजा गाजे के साथ छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिंदाबाद, जिंदाबाद। 17 दिसंबर पेंशनर्स डे जिंदाबाद, जिंदाबाद।हमारी चट्टानी एकता जिंदाबाद, विधायक महोदय बंगला होते हुए मंगल भवन वापस लौटे तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा पेंशनधारी कल्याण संघ 1881 का ध्वजारोहण किया गया और सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना की गई। उसके बाद मुख्य अतिथि महोदय जी का फूल मालाऔ से भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात श्रीमती बी पुष्पाराव, श्रीमती जे परते, श्रीमती चंद्रकांता राव, श्रीमती चंद्रावती सापड़ी ने स्वागत गीत गाया। श्री एस पी विश्व कर्मा जी जिला अध्यक्ष कोंडागांव द्वारा स्वागत गीत के साथ गुटबाजी में न फंसों ऐ भैया, गुटबाजी बेमानी है गीत गाकर संघ को मजबूत बनाने पर बल दिया भारत टेक्नो इंग्लिश मीडिया स्कूल बीजापुर के छात्र छात्राओं द्वारा हिंदी और छत्तीसगढ़ी डांस किया, छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से लोगों का मन जीत लिया, खूब तालिया बटोरी और प्रोत्साहन स्वरूप खूब धन प्राप्त किए प्रति वर्ष 17 दिसंबर को ही क्यों पेंशनर्स डे मनाया जाता है? इस संबंध में वक्ताओं में उप प्रांताध्यक्षों में श्री के के द्विवेदी जी जगदलपुर, श्री कृपाशंकर मिश्रा जी धमतरी, डा आर एम चावड़ा जी एवं प्रांताध्यक्ष डा डी पी मनहर जी ने पेंशनरों के हित में सारगर्भित शब्दों में जानकारियां दी गई। तत्पश्चात प्रांताध्यक्ष डा डी पी मनहर जी ने छै सूत्रीय मांग पत्र का जिक्र करते हुए मांग पूर्ण करने माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम का ज्ञापन मुख्य अतिथि माननीय महेश गागड़ा जी पूर्व वन मंत्री को ज्ञापन सौंपा मुख्य अतिथि ने पेंशनरों की जायज मांगों को पूर्ण करने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को अवगत कराने की बात कही साथ ही पेंशनरों को स्वस्थ रहने, दीर्घायु होने की मंगलकामनाएं दी।

सुशासन... 29 आगंतुकों का किया गया नि :शुल्क प्रकृति परीक्षण

आयुष स्वास्थ्य शिविर में 402 मरीजों का हुआ निशुल्क इलाज

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देश एवं ज़िला आयुर्वेद अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में 20 दिसम्बर दिन शुक्रवार को निःशुल्क एकदिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला जिसमें निःशुल्क आयुर्वेद एवम् होम्योपैथी शिविर का आयोजन वार्ड क्रमाक 04 गांधी चौक गंडई पंडरिया में किया गया । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन,युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, लियाक़त अली खान, सूरज नामदेव, नारायण शर्मा एवं नगर के वरिष्ठजनों द्वारा भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात किया।

जनप्रतिनिधियो ने अपने अनुभव से कहा कि आयुर्वेद एक प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है जो किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं करता है रोग ठीक होने में समय लगता है पर रोग समूल ठीक करता है यह भारतीय चिकित्सा पद्धति रोग चिकित्सा के साथ-साथ स्वस्थ रहने की भी शिक्षा देती है आजकल जगह-जगह आयुष ग्राम , आयुर्वेद औषधालय व आयुष शिविर आयुष विभाग के द्वारा प्रचार-प्रसार होने से आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के प्रयासों को लोगो ने खूब सराहा । इस शिविर में कुल 402 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें लोगों को निःशुल्क आयुर्वेद / होम्योपैथी औषधि प्रदान किया गया । शिविर में आए जनप्रतिनिधियों एवं आगंतुकों का कुल 29 लोगों का निःशुल्क प्रकृति परीक्षण किया गया ।

इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ नरोत्तम नेताम (एम.डी. आयुर्वेद), डॉ बी. एस. मार्को, डॉ रणजीत सिंह देशमुख, डॉ श्रुति जैन, डॉ शिल्पी सिंह होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, आदिवासी युवा छात्र संगठन छत्तीसगढ़ से डॉ शेषनारायण ध्रुव, डॉ अनिमेष सिंह, डॉ रूपसिंह मरावी, हरीश जायसवाल, राजेंद्र साहू, लीला राम साहू, दिनेश कुमार कोसरे, राजेश कुमार जांगड़े, संगीता बघेल आयुर्वेद फर्मेसिस्ट, शत्रुहन यादव, शत्रुहन राम धुर्वे, बेनी माधव दास, रूपेश चंद्राकर औषधालय सेवक, नरेश नेताम, पुरुषोत्तम यादव, राजेश यादव इत्यादि ने अपनी सेवाए दी।

कल तीनों विधानसभाओं में आयोजित होंगे कार्यक्रम

■ **कुरूद विधानसभा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 40 जोड़ों का होगा सामुहिक विवाह**

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धमतरी जिले के तीनो विधानसभा मुख्यालयों में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित करने हेतु 23 दिसम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि धमतरी विधानसभा में विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे नगरपालिक निगम सामुदायिक भवन, कुरूद विधानसभा में नया कृषि उपज कुरूद तथा विधानसभा नगरी में स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर नगरी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही कुरूद विधानसभा में सुशासन कार्यक्रम के साथ-साथ 40 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह भी सम्पन्न होगा। इसके साथ ही बिटिया सम्मान, आधार कैम्प, सुकन्या समृद्धि खाता खोलने हेतु कैम्प, प्रश्नोत्तरी, सफ्लता की कहानी आदि।

न्यूज गैलरी

बिजली वितरण कंपनियां राज्यों पर वित्तीय रूप से बोझ बनीं

नई दिल्ली। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न सुधार प्रयासों के बावजूद डिस्कॉम राज्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। हालात बदलने के लिए, आरबीआई ने उत्पादकता में सुधार, ट्रांसमिशन और वितरण घाटे को कम करने और बिजली आपूर्ति की वास्तविक लागत के साथ टैरिफ को एडजस्ट करने जैसे उपायों के महत्व पर जोर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) राज्यों के लिए वित्तीय रूप से भारी बोझ बनी हुई हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्य डिस्कॉम का कुल संचित घाटा 2022-23 तक 6.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 2.4 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, बिजली वितरण कंपनियाँ (डिस्कॉम) राज्यों पर वित्तीय रूप से बोझ बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न सुधार प्रयासों के बावजूद डिस्कॉम राज्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। हालात बदलने के लिए, आरबीआई ने उत्पादकता में सुधार, ट्रांसमिशन और वितरण घाटे को कम करने और बिजली आपूर्ति की वास्तविक लागत के साथ टैरिफ को एडजस्ट करने जैसे उपायों के महत्व पर जोर दिया। आरबीआई की रिपोर्ट में पाया गया है कि राज्यों ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने में प्रगति की है।

मन्नापुरम पर 20 लाख का दंड; इंडसइंड पर 27.30 लाख जुर्माना

न्यूज डेस्क। आरबीआई ने जमा पर ब्याज दरों के नियमों के उल्लंघन के मामले में इंडसइंड बैंक पर 27.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2023 तक निरीक्षण किया था। इसमें उसे बैंक की गलती मिली। इसके बाद कारण बताओ नोटिस भेजा। इसके बाद इंडसइंड बैंक पर जुर्माना लगाने का फैसला किया गया। अपने ग्राहक को जानो यानी केवाईसी से जुड़े नियमों के उल्लंघन के मामले में आरबीआई ने मन्नापुरम पर 20 लाख रुपये का दंड लगाया है। मन्नापुरम की 31 मार्च, 2023 तक जांच की गई थी। इस जांच में केंद्रीय बैंक को खामी मिली। कंपनी ग्राहकों के पैन कार्ड का सत्यापन करने में विफल रही जिसके बाद उस पर जुर्माना लगाया गया है। बिहार बिजनेस कनेक्ट इन्वेस्टर समिट में अदाणी समूह के निदेशक प्रणव अदाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देखरेख में विकास का नया मॉडल तैयार हुआ है। प्रणव ने कहा कि हमने तीन क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स, गैस डिस्ट्रीब्यूशन और एग्री-लॉजिस्टिक्स में, अब तक लगभग 850 करोड़ रुपये का निवेश किया है और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से करीब 25,000 लोगों को रोजगार दिया है। अब हम इन क्षेत्रों में 2,300 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल हमारी भंडारण और प्रबंधन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ईवी, सीजीडी और सीबीजी क्षेत्रों में भी उपस्थिति बेहतर होगी। साथ ही इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 27,000 अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

24 हजार करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दे केंद्र सरकार

बिजनेस डेस्क। राजस्थान के जैसलमेर में बजट से पहले बैठक में केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने राज्य की नकदी की कमी को दूर करने के लिए 24,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने अधिक केंद्रीय वित्तपोषण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। केरल ने शुक्रवार को अधिक केंद्रीय वित्तपोषण की आवश्यकता पर जोर देते हुए राज्य की नकदी की कमी को दूर करने के लिए 24,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की मांग की, इसके साथ ही वायनाड में राहत कार्यों के लिए 2,000 करोड़ रुपये की मांग की है। राजस्थान के जैसलमेर में बजट पूर्व बैठक में केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने राज्यों को जीएसटी मुआवजा योजना जारी रखने की भी मांग की, जब तक कि प्रणालीगत मुद्दे पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते और जीएसटी राजस्व का मूल वादा पूरा नहीं हो जाता। इस बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, अन्य राज्यों के वित्त मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने कहा, हम मौजूदा नकदी संकट से निपटने के लिए 24,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की मांग दोहराते हैं।

भारत की आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने

350 मिलियन डॉलर के ऋण के लिए केंद्र सरकार व एडीबी के बीच समझौता

नई दिल्ली। भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने शुक्रवार को स्ट्रेंथेनिंग मल्टीमॉडल एंड इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम (स्माइल) प्रोग्राम के दूसरे उपप्रोग्राम के तहत घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार करने को 350 मिलियन डॉलर के ऋण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, स्माइल कार्यक्रम भारत में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में व्यापक सुधार करने में सरकार का समर्थन करने के लिए एक प्रोग्रामेटिक नीति-आधारित ऋण (पीबीएल) है।इस दृष्टिकोण में दो उपकार्यक्रम शामिल हैं। इनका उद्देश्य भारत के विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार करना और इसकी आपूर्ति श्रृंखलाओं के लचीलेपन में सुधार करना है।मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत सरकार और एडीबी के बीच सहयोग लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में विकास और नवाचार को बढ़ावा देने, भारत के व्यापक आर्थिक विकास लक्ष्यों का समर्थन करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।ऋण समझौते पर हस्ताक्षर करने वालों में वित्त मंत्रालय का आर्थिक मामलों का विभाग (डीईए), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और एडीबी शामिल थे। स्माइल कार्यक्रम राष्ट्रीय, राज्य और शहर स्तर पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे के विकास के लिए संस्थागत आधारों को मजबूत करने के माध्यम से लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने के लिए एक व्यापक नीति ढांचे का संचालन करता है।यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और बड़े निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने, बाहरी व्यापार लॉजिस्टिक्स में दक्षता में सुधार करने और कुशल और

कम-उत्सर्जन लॉजिस्टिक्स के लिए स्मार्ट सिस्टम अपनाने के लिए वेयरहाउसिंग और अन्य लॉजिस्टिक्स संपत्तियों को मानकीकृत करने में भी मदद करता है।मंत्रालय के अनुसार, भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का विकास इसके विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। रणनीतिक नीति सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और डिजिटल एकीकरण के माध्यम से, चल रहे सुधार लॉजिस्टिक्स परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार हैं। इस परिवर्तन से लागत कम होने, दक्षता में सुधार, रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा होने और लैंगिक समावेशन को बढ़ावा मिलने-स्थायी आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

गुरुवार को, सरकार और एडीबी ने महाराष्ट्र में स्थानीय समुदायों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों की लचीलापन बढ़ाने के लिए तटीय और नदी तट सुरक्षा प्रदान करने के लिए 42 मिलियन डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए। एडीबी द्वारा प्रदान किया जाने वाला कर्ज महाराष्ट्र की तटरेखा को बहाल करने और स्थिर करने और तटीय समुदायों की आजीविका की रक्षा करने में मदद करेगा।

एमएसपी में बढ़ोतरी सरकार के उस फैसले के अनुसार की गई है

कैबिनेट में 2025 सीजन के लिए कोपरा का एमएसपी बढ़ाकर की 12,100 रुपये प्रति क्विंटल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बड़ा फैसला लिया है। समिति ने शुक्रवार को 2025 विपणन सत्र के लिए उचित औसत गुणवत्ता वाले मिलिंग कोपरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाकर 11,582 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा का एमएसपी बढ़ाकर 12,100 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, एमएसपी में बढ़ोतरी सरकार के उस फैसले के अनुसार की गई है, जिसके तहत फसलों के लिए एमएसपी अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय किया जाएगा।

बयान में कहा गया है, सरकार ने विपणन सत्र 2014 के लिए मिलिंग कोपरा और बॉल कोपरा के एमएसपी को 5,250 रुपये प्रति क्विंटल और 5,500 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर विपणन सत्र 2025 के लिए

11,582 रुपये प्रति क्विंटल और 12,100 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। यह क्रमशः 121 प्रतिशत और 120 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

उच्च एमएसपी से न केवल नारियल उत्पादकों को बेहतर लाभ सुनिश्चित होगा, बल्कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए किसानों को कोपरा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा।बयान में कहा गया है कि मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत कोपरा और छिलका रहित नारियल की खरीद के लिए, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) केंद्रीय नोडल एजेंसियों (सीएनए) के रूप में कार्य करना जारी रखेंगे। केंद्र की खरीद का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिले और उपभोक्ताओं, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों को सस्ती कीमत पर वितरण हो।केंद्र सरकार खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता के लिए बफर स्टॉक रखती है। इसी तरह, केंद्र सरकार एफसीआई और राज्य एजेंसियों के माध्यम से धान, मोटे अनाज और गेहूं को मूल्य समर्थन देती है।निर्दिष्ट केंद्रों पर बिक्री के लिए पेश किए गए निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप सभी खाद्य अनाज (गेहूं और धान) को सार्वजनिक खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाता है, जिसमें घोषित बोनस भी शामिल होता है। किसानों के पास अपनी उपज को एफसीआई/राज्य एजेंसियों को एमएसपी पर या खुले बाजार में बेचने का विकल्प होता है, जो उनके लिए फायदेमंद हो।

क्रिसमस से पहले शेयर बाजार में मंदी

बैलेंस निवेश रणनीति अपनाने का सही समय



मुंबई। वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच इस हफ्ते भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में 5 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसके लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में कटौती के लिए सतर्कता बरतना भी एक बड़ा कारण रहा। इसके परिणामस्वरूप विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली की गई। इस सप्ताह पांच में से तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में 1,000 से अधिक अंकों की गिरावट आई और बीएसई में लिस्टेड फर्मों से लगभग 17 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण खत्म हो गया। बाजार के जानकारों के अनुसार, यह इक्विटी बाजारों के लिए एक बेहद खराब सप्ताह रहा, क्योंकि प्रमुख सूचकांकों में तेज गिरावट आई, जिससे पिछले चार हफ्तों की बढ़त खत्म हो गई। एंजेल वन के ओशो कृष्णन ने कहा, बेंचमार्क सूचकांक में इस गिरावट के साथ पिछले सप्ताह के बंद आंकड़े से लगभग 1,200 अंक नीचे आ गया। परिणामस्वरूप, यह सप्ताह 200 सरल मूविंग एवरेज (एसएमए) से नीचे समाप्त हुआ, जो लगभग 5 प्रतिशत की कुल हानि को दर्शाता है। निफ्टी50 में तेज गिरावट देखी गई, सूचकांक ने सभी समर्थन स्तरों को तोड़ दिया। इस नीचे की ओर गति ने सूचकांक को अपने सबसे हालिया स्विंग लो के करीब पहुंचा दिया है, जो बाजार में अस्थिरता का संकेत देता है। कृष्णन ने आगे कहा, तकनीकी दृष्टिकोण से, निफ्टी सूचकांक 200 एसएमए के महत्वपूर्ण क्षेत्र से नीचे फिसल गया, इसलिए अगला संभावित समर्थन हाल ही में 23,200-23,100 के आसपास के स्विंग लो के आसपास देखा जा सकता है।

यूबीआई का वित्तीय जागरूकता और कृषि ऋण शिविर आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है। इससे लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। ऐसे में देश के किसानों को सही समय पर खाद, बीज और अन्य सामान मिल सके इसमें बैंकिंग सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बैंकों का उद्देश्य किसानों का हित होता है। इसी कड़ी में क्रमशः चेतमा, गेवरा, चांपा एवं पोंडी शाखा में वित्तीय जागरुकता एवं कृषि ऋण शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और भारतीय आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार और आजीविका प्रदान करता है। छोटे किसानों की खेती में, कृषि उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना एक चुनौती बनी हुई है। इसके लिए आधुनिक निवेश वस्तुओं की आसान पहुंच और फिर सबसे अधिक पारिश्रमिक बाजारों में उन उपजों को

बेचने के लिए उपयक्त उपायों की आवश्यकता है। मूल्य श्रृंखला के साथ उचित लागत पर संस्थागत ऋण एक ऐसा उत्प्रेरक साधन है, जो कई जीविका किसानों को व्यावसायिक किसानों में परिवर्तित करके इस प्रक्रिया को सगुम बना सकता है। फिर वे फल और सब्जियों जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती से अपने कृषि कार्यों में विविधता ला सकते हैं और डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्य, शहद, मधुमक्खी पालन, के साथ ही साथ महिलाओं को सशक्त बनाने महिला स्वयं सहायता समूहों आदि जैसे संबद्ध गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

55वीं जीएसटी परिषद बैठक : स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम, एटीएफ, सिन टैक्स पर सबकी निगाहें

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक शुरू होने जा रही है, जिसमें स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर प्रस्तावित दर कटौती और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) को जीएसटी के दायरे में शामिल करने पर चर्चा होगी।

जीएसटी परिषद बैठक के दौरान करीब 150 वस्तुओं की दरों में संशोधन पर भी विचार-विमर्श करेगी, जिससे केंद्र को करीब 22,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।जीएसटी परिषद के लिए एक महत्वपूर्ण एजेंडा टर्म स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर प्रस्तावित दर कटौती है।जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर

जीएसटी छूट/कटौती उद्योग की लंबे समय से लंबित मांग है, क्योंकि इससे बीमाकर्ताओं और पॉलिसीधारकों दोनों पर कर का बोझ कम होगा।बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अगुवाई में मंत्रियों के समूह (जीओएम) के ज्यादातर पैनल सदस्यों ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर पूरी छूट की वकालत की, जबकि कुछ पैनल सदस्यों ने मौजूदा 18 प्रतिशत से दर को घटाकर 5 प्रतिशत करने का सुझाव दिया।इसके अलावा, 5 लाख रुपये तक का कवरेज देने वाली बीमा पॉलिसियों को भी जीएसटी से राहत मिल सकती है।एक अन्य प्रमुख एजेंडा यह तय करना है कि फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म द्वारा डिलीवरी शुल्क पर 5 प्रतिशत जीएसटी 2022 से लागू किया जाएगा या नहीं। वर्तमान में, फूड डिलीवरी कंपनियां डिलीवरी शुल्क पर जीएसटी का भुगतान नहीं करती हैं।इसके अलावा, जीएसटी परिषद द्वारा विमानन टरबाइन ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने के मुद्दे पर विचार किए जाने की संभावना है।वर्तमान में, एटीएफ पर 11 प्रतिशत का केंद्रीय उत्पाद शुल्क लगाया जाता है। क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत इसमें 2 प्रतिशत की रियायत भी है।इसके अलावा, जीओएम की ओर से हाल ही में तंबाकू और सॉफ्ट ड्रिंक पर सिन टैक्स लगाने का प्रस्ताव है।जानकारों के अनुसार, ऐसी श्रेणी के निर्माण से यह कड़ा संदेश जाएगा कि भारत अस्वस्थ आदतों पर आधारित उद्योगों के मुनाफे पर अपने लोगों की भलाई को प्राथमिकता देता है। इसके अतिरिक्त, सिन गुड्स को टारगेट करते हुए 35 प्रतिशत का नया स्लैब पेश किए जाने की संभावना है।

पिछले 10 वर्षों में एमसीजी पर एक भी टेस्ट नहीं हारा भारत

***बुमराह हासिल कर सकते हैं एक और उपलब्धि**

स्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय टीम ने इस मैदान पर 2014 से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल तीन मुकाबले खेले हैं और उसे दो में जीत मिली है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। वहीं, पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम पिछले 10 वर्षों में एमसीजी पर भारत के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी है। भारतीय टीम पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को पीछे छोड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में उतरेगी। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 1-1 की बराबरी पर चल रही है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था और अब रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की नजरें 26 दिसंबर से होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान मेलबर्न पर जीत दर्ज कर सीरीज में बढ़त हासिल करने पर टिकी होंगी। भारत को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनानी है तो उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दोनों मुकाबले जीतने होंगे। इस सीरीज में एक और हार उसके लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल के दरवाजे बंद कर देगी। भारत ने विपरीत परिस्थितियों में जिस तरह तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ कराया उससे टीम के हौसले बढ़े हुए होंगे। भारत अगर चौथा मैच जीतने में सफल

रही तो सीरीज गंवाने से बच जाएगी और 2-1 की बढ़त हासिल कर लेगी। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया पर भारी है। पिछले 10 वर्षों में टेस्ट में यह ग्राउंड भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर 2014 से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल तीन मुकाबले खेले हैं और उसे दो में जीत मिली है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। वहीं, पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम पिछले 10 वर्षों में एमसीजी पर भारत के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी है। यह आंकड़े भारत के लिए राहत देने वाले हैं क्योंकि टीम की नजरें बढ़त हासिल करने पर टिकी हुई हैं। पिछले 10 वर्षों में भले ही एमसीजी में भारत ने सफलताएं हासिल की है, लेकिन ओवरऑल इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का ही दबदबा रहा है। 1948 से 2020 तक भारत ने इस ग्राउंड पर 14 टेस्ट मैच खेले हैं और उसे चार में ही जीत मिली है, जबकि आठ मुकाबले भारत ने गंवाए हैं और दो ड्रॉ रहे हैं। वहीं, सिर्फ चार ही भारतीय कप्तान ऐसे हैं जिन्होंने एमसीजी में टेस्ट मैच जीते हैं और रोहित के पास इस सूची में शामिल होने का मौका रहेगा। एमसीजी में अब तक बिशन सिंह बेदी, सुनील गावस्कर, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे ने ही अपनी कप्तानी में भारत को टेस्ट में जीत दिलाई है। भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास भी एमसीजी में उपलब्धि हासिल करने का मौका रहेगा। बुमराह और अनिल कुंबले एमसीजी में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दोनों के नाम फिलहाल इस मैदान पर एक समान 15-15 विकेट हैं।

रियल कबड्डी लीग करेगा दुबई में ऐतिहासिक प्रदर्शनी मैच का आयोजन

मुंबई। यह प्रदर्शनी मैच कबड्डी के लिए एक महत्वपूर्ण माईलस्टोन है क्योंकि इससे कबड्डी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर और बढ़ावा मिलेगा। युवा, ग्रामीण प्रतिभाओं को वैश्विक दर्शकों के सामने पेश करके आरकेएल दुनिया भर में इस खेल को लेकर उत्साह पैदा करने की कोशिश करेगा। रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) 15 दिसंबर को अपने पहले अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच का आयोजन करेगा। मैच में देश के के कई राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगे। 15 दिसंबर को दुबई के अल अहली स्पोर्ट्स क्लब में मैच का आयोजन होगा जिसमें दो टीमें, इंडियन वॉरियर्स और गल्फ ग्लेडिएटर्स हिस्सा लेंगी। मैच का आयोजन दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल की मदद से किया जाएगा।

आरकेएल के को-फाउंडर लविश चौधरी ने अपने उत्साह को

साझा करते हुए कहा कि आरकेएल का मकसद युवा, ग्रामीण क्षेत्रों की उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और एक मंच मुहैया कराना है। आरकेएल के फाउंडर शुभम चौधरी ने कहा, ÷इस प्रदर्शनी मैच से हमें खाड़ी देशों में कबड्डी खेल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी और मुझे विश्वास है कि लोग इस खेल को पसंद करेंगे। यह प्रदर्शनी मैच कबड्डी के लिए एक महत्वपूर्ण माईलस्टोन है क्योंकि इससे कबड्डी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर और बढ़ावा मिलेगा। युवा, ग्रामीण प्रतिभाओं को वैश्विक दर्शकों के सामने पेश करके आरकेएल दुनिया भर में इस खेल को लेकर उत्साह पैदा करने की कोशिश करेगा। रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) भारत के अपने खेल कबड्डी को बढ़ावा देने वाला एक मंच है। अपनी स्थापना के बाद से, आरकेएल ने इस खेल को ग्रामीण परिदृश्य से वैश्विक खेल पटल पर स्थापित करने के लिए काम किया है। भारत में अब तक इसके तीन सफल सीजन आयोजित किए जा चुके हैं।

न्यूज़ गैलरी

स्कूलों में 23 से शीतकालीन अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में शीतलहर का दौर शुरू गया है। दिसंबर से जनवरी तक पड़ने वाली ठंड का असर स्कूली बच्चों में देखने को मिल रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की परेशानी को देखते हुए ज्यादातर स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां शुरू हो गई है। देश के कई राज्यों में शीतकालीन छुट्टियों का ऐलान कर दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ में 23 से 28 दिसंबर तक 6 दिन की छुट्टी घोषित की गई है। 29 तारीख को रविवार है जिस कारण स्कूल बंद रहेंगे। इसके बाद स्कूल 30 दिसंबर से खुल जाएंगे। साथ ही पहाड़ी राज्य में तो सर्दी का सितम शुरू हो चुका है। कश्मीर सफेद चादर से ढक चुका है। ऐसे में वहां अच्छी खासी ठंड ने दस्तक दे दी है।

रील वाली मैडम से मचा हड़कंप

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले से टीचर मैडम के कारनामे का वीडियो सामने आया है। जो प्रतिदिन पढ़ाने की जगह रील बनाने में व्यस्त रहती है। जब स्कूली बच्चे इसका विरोध करते है तो टीसी काटने की धमकी देती है। बता दें कि बच्चों का वीडियो सामने आने के बाद जिला शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। जांच कार्रवाई होने की बात कही जा रही है।

टीटीई की संदेहास्पद हालत में मौत

दुर्ग/रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग से विशाखापटनम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में ड्यूटी पर तैनात टीटीई राजेंद्र कुमार निर्मलकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। राजेंद्र कुमार निर्मलकर, जो भाटापारा के निवासी थे, वंदे भारत एक्सप्रेस में तैनात थे और उनकी मौत ट्रेन के सफर के दौरान हुई। ट्रेन जब टिटलागढ़, ओडिशा पहुंची, तो मृतक के शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, उनकी मौत के कारण संदिग्ध हैं, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हार्डवेयर दुकान से डेढ़ लाख पार

रायपुर/नवप्रदेश। दंतेश्वरी हार्डवेयर दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने गल्ला में रखे डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अविनाश अग्रवाल 46 वर्ष मोनेट रोड मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी का दंतेश्वरी हार्डवेयर नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से लाखों के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू शिक्षक कालोनी नेवरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 35 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जितेन्द्र कुमार बघेल 27 वर्ष न्यू शिक्षक कालोनी नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 35 हजार रुपए सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए माल की कीमत करीब 3 लाख 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज जांच में लिया है।

मुनाफा का झांसा, 24 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। इंडिया न्यूज पेपर का लिंक भेजकर 24 लाख 95 हजार रुपए से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तेजस्वी वर्मा 33 वर्ष मिलन चौक संजयनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात नंबर से इंडिया न्यूज पेपर नामक लिंक आया और अच्छी कमाई का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने अपने खाता में 24 लाख 95 हजार 267 रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक चालक सरिया लेकर फरार

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रक चालक 5 टन एमटी सरिया लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र राय 53 वर्ष बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि उसके ट्रक क्रमांक सीजी 17 केजे 6107 को ड्राइवर सरोफ खान 54 वर्ष चलाता है। बताया जाता है कि चालक ने ट्रक में 5 टन एमटी सरिया लोड कर ट्रक लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पूर्व पीएम बाजपेयी को समर्पित रहेगा राज्य स्थापना का 25वां साल

अधोसंरचना विकास के लिए होंगे कई काम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार का द्वितीय अनुपूरक बजट विधानसभा में पारित हुआ। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किए गए 805 करोड़ 71 लाख 74 हजार 286 रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट आज विधानसभा में पारित किया गया। पारित हुए अनुपूरक बजट को मिलाकर चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के बजट का आकार कुल 01 लाख 55 हजार 580 करोड़ रुपए का हो गया है। इसमें मुख्य बजट के रूप में पारित 1 लाख 47 हजार 446 करोड़, प्रथम अनुपूरक बजट में 7 हजार 329 करोड़ रुपए और द्वितीय अनुपूरक बजट का 805 करोड़ 71 लाख 74 हजार 286 रुपए शामिल है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। सरकार बनने के 12 दिनों बाद ही मोदी की

गारंटी के अनुरूप सरकार ने 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल के बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए का भुगतान किया। शपथ ग्रहण के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास देने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय को अमल में लाते हुए 8 लाख हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए पहली किस्त जारी की जा चुकी है। चौधरी ने कहा कि वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में 5 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होती थी। हमारी सरकार ने खरीफ वर्ष 2023 में रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रुपए भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक मजदूर योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि का भुगतान सरकार जल्द करेगी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के जवाब में कहा कि हम लोग सरकार बनने के तीसरे महीने से ही महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दे रहे हैं। यह योजना राज्य की महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेगी। इस योजना की लाभार्थी महिलाओं को ग्रामीण विकास बैंक द्वारा महतारी सशक्तिकरण योजना के माध्यम से 9 प्रतिशत ब्याज पर 25 हजार रुपए का लोन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वनांचलों में तेन्दूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए किया गया है। राज्य के साढ़े 12 लाख परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को राजमोहिनी देवी तेन्दूपत्ता सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत बीमा का लाभ मिल रहा है। उनके लिए चरण पादुका योजना दोबारा शुरू कर रहे हैं।

महानदी के 'रेत योद्धा' रात में माफिया का राज, दिन में प्रशासन की नजरअंदाजी

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। रात के सन्नाटे में गरियाबंद के कुरुसकेरा, कोपरा, फिंगेश्वर और चैबेबांधा रेत घाटों पर चैन माउंटेन मशीनों का शोर एक नई कहानी सुनाता है। यह कहानी है माफिया के बढ़ते साहस, जनप्रतिनिधियों की साझेदारी, और प्रशासनिक नाकामी की। हर रात, महानदी के सीने से रेत का अवैध खनन बिना रोक-टोक जारी है।

कभी क्षेत्र के जीवन की धारा थी, अब संकट में है। पानी का स्तर गिर रहा है, और पारिस्थितिकी असंतुलित हो रही है।

मामला मेरे संज्ञान में आया है। अगर इस तरह का कोई भी कार्य यदि हो रहा है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
फागुलाल नागेश, जिला खनिज अधिकारी गरियाबंद

माफिया का 'ऑल-नाइट बिजनेस'

इन घाटों पर चैन माउंटेन मशीनें ऐसी चलती हैं जैसे किसी बड़े सरकारी प्रोजेक्ट पर काम हो रहा हो। लेकिन असल में, यह सरकार को चूना लगाने का खेल है। हर हाइवा पर 5,000 से 6,000 रुपये वसूले जाते हैं, और इस पैसे का कोई रिकॉर्ड नहीं। रेत माफिया के पास अपने सेटअप की पूरी प्लानिंग है। एक चैन माउंटेन मशीन का मासिक किराया 3 लाख रुपये होता है, लेकिन रातभर में 50 से 100 हाइवा की लोडिंग से यह पैसा एक दिन में ही कमा लिया जाता है।

रेत का खेल और राजनीति का मेल

अवैध रेत खनन केवल माफियाओं तक सीमित नहीं है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि राजिम के एक बड़े जनप्रतिनिधि ने 90 लाख रुपये में चैन माउंटेन मशीन और हाइवा खरीदकर इसे अपना कारोबार बना लिया है। उनकी योजना चुनावी फंडिंग के लिए इन रेत घाटों का दोहन करना है। यह मामला पार्टी आलाकमान और संगठन तक भी पहुंचा, जिसके बाद अब यह खनन उनके खास आदमियों की निगरानी में जारी है।

प्रशासन का डायलॉग मोड

कभी-कभी प्रशासन रेत माफियाओं को रोकने की कोशिश करता था, लेकिन उनके पास जो इकलौता वाहन था, वह अब पुराना हो चुका है और शासन ने वापस ले लिया। अब अधिकारी सिर्फ कागजों पर कार्रवाई की बातें करते हैं और गाड़ी मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

पर्यावरण का दर्द और सरकार का घाटा

अवैध खनन से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकार को रोजाना लाखों रुपये की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। महानदी, जो

रेत घाट पैसा बोलता है

स्थानीय जनप्रतिनिधियों का संरक्षण और प्रशासन की निष्क्रियता ने रेत माफियाओं के लिए माहौल को अनुकूल बना दिया है। सूत्र बताते है कि इस खेल में होने वाले मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा ऊपर तक पहुंचाया जाता है। यही कारण है कि कार्रवाई केवल दिखावा बनकर रह गई है।

निष्कर्ष माफिया का राज और प्रशासन का मूक समर्थन

गरियाबंद के रेत घाटों पर चल रही यह रात की हलचल साफ दिखाती है कि कानून और नियमों का कोई डर नहीं। रेत माफियाओं का यह रेत साम्राज्य स्थानीय नेताओं और प्रशासनिक तंत्र की अनदेखी के कारण दिन-ब-दिन मजबूत होता जा रहा है।

दो माह में अवैध मादक पदार्थों के सौदागरों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

कवर्धा/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप नशे के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों के व्यापार, उपयोग और वितरण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कबीरधाम पुलिस सतत प्रयासरत है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में जिले में मादक पदार्थों, सट्टा, जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे की गिरफ्त से बचाना और युवाओं को इस खतरे से दूर रखना है।

विगत लगभग 2 माह में कबीरधाम पुलिस द्वारा गांजा और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ कई प्रभावी कार्यवाहियां की गई हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर गांजा, अवैध शराब और अन्य नशीले पदार्थों की जब्ती की गई है। इन कार्यवाहियों से न केवल अपराधियों पर लगाम लगी है, बल्कि समाज को नशे के खतरे से बचाने में भी सफलता मिली है। इस दिशा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल, और संबंधित अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 20 दिसंबर को थाना कुण्डा और पाण्डातराई पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई कर मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

थाना कुण्डा की कार्रवाई

मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रापा से कुण्डा की ओर एक व्यक्ति गांजा लेकर जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में कुण्डा पुलिस और जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम पेंड्रीकला में घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 8.1 किलोग्राम गांजा (कीमत 80,000) तथा एक विवो मोबाइल फोन (कीमत 7,000) बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र चंद्रवंशी (पिता आजू राम चंद्रवंशी, उम्र 32 वर्ष, निवासी भरेली, थाना पांडातराई) के रूप में हुई।

इस कार्रवाई में निरीक्षक आशीष कंसारी (साइबर सेल), उपनिरीक्षक विनोद खंडे, प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा, आरक्षक विकास वास्तव, जयंत पटेल, एवं जोगी सिडार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी दिन थाना पाण्डातराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खरहट्टा में गांजे का अवैध व्यापार हो रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी जन्मेजय पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने रूपेश चंद्रवंशी (पिता रामफल चंद्रवंशी, उम्र 34 वर्ष, निवासी खरहट्टा) को गिरफ्तार किया।

जंगल में शिकार करने वाले आरोपी पहुंचे जेल

रायपुर/नवप्रदेश। वनमंडलाधिकारी कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम मोहनपुर के निवासी प्रताप वल्द मेहतर नेताम के निवास पर सर्च वारंट जारी कर जांच समिति के द्वारा दबिश दी गई। तलाशी के दौरान प्रताप वल्द मेहतर नेताम के घर के अंदर से जंगली जानवर का मांस, जबड़े के टुकड़े, मांस को काटने-फाड़ने और छोटे-छोटे टुकड़े करने के लिए प्रयुक्त औजार पैंसुल बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान प्रताप के द्वारा बताया गया कि मेरे साथ मुंशी वल्द जनार्दन यादव, अनिल वल्द गोकर्ण नेताम तथा एक अन्य विश्वनाथ वल्द महावीर ने जंगली जानवर की शिकार को अंजाम देने के लिए वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के मोहनपुर परिसर से लगे जंगल पी.एफ.258 में करंट तार बिछाकर जंगली जानवर (नीलगाय) का शिकार किया तथा टांगिया और पेन्सुल की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़े कर आपस में बांट लिया। शिकार में प्रयुक्त टांगिया को अनिल की निशानदेही पर उसके घर से बरामद किया गया। जांच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर जंगल के भीतर से उन स्थानों को दिखाया गया जहां पर आरोपियों ने करंट फैलाने के लिए प्रयुक्त तार को छुपाया था। उस रास्ते को दिखाया गया जिस रास्ते पर वह करंट तार बिछा कर शिकार किया गया। उन जगहों की भी शिनाख्त की गई जिस स्थान पर उन्होंने जानवर को काटा था और टुकड़े कर आपस में बांटा था। संरक्षित वन क्षेत्र में करंट तार बीछाकर शिकार करने के अपराध में आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत पी.ओ.आर जारी कर दिनांक 19.12.2024 को प्रताप वल्द मेहतर नेताम, मुंशी वल्द जनार्दन यादव, अनिल वल्द गोकर्ण नेताम को गिरफ्तार कर जिला जेल कवर्धा में जुडिशल रिमांड में भेजा गया है एवं अन्य विश्वनाथ वल्द महावीर की गिरफ्तारी अभी शेष है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

बीएसयूपी कालोनी में पकड़ाए 15 संदिग्ध

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने आज सुबह-सुबह बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए सरप्राइज चेकिंग किया. सुबह 5 बजे जिले के 3 एडिशनल एसपी, 3 सीएसपी, 4 थाना प्रभारी और 150 पुलिस बल ने एक साथ मुजगहन थाना क्षेत्र के बीएसयूपी कॉलोनी में दबिश दी, जिससे अपराधी काप उठे. पुलिस ने यहां चाकूबाजी, नशीली दवाई की बिक्री करने वाले कई संदिग्धों और फरार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी. इस दौरान पुलिस ने 15 संदिग्धों को हिरासत में लिया है.दरअसल, पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि कॉलोनी बहुत से लोग सूने मकानों के ताले तोड़कर वहां कब्जा कर रह रहे हैं, जो छत्तीसगढ़ के बाहर से हैं और बिना किसी पहचान पत्र के निवास कर रहे हैं. इनमें से कुछ लोग नशीले पदार्थों की बिक्री करते हैं।

एनएच गोयल वल्र्ड स्कूल में अभिव्यक्ति का आयोजन 23 को

रायपुर/नवप्रदेश। संस्थापक दिवस समारोह के अवसर पर एनएच गोयल वल्र्ड स्कूल 23 दिसंबर को शाम साढ़े चार बजे से देर रात तक अभिव्यक्ति 2024 का आयोजन करेगा। उक्त कार्यक्रम का मुख्य विषय नृत्यांजन है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में स्कूल के प्राचार्य अविनाश पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि एनएच गोयल वल्र्ड स्कूल में विश्व भर में होने वाले सांस्कृतिक आयोजनों की झलक स्टालों के माध्यम से मिलेगी।

कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन : अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सियासत में और बागी नेताओं की कांग्रेस पार्टी में वापसी की चर्चा जोरों पर है। इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन हो चुकी है। कांग्रेस के नेता अपने कार्यकर्ताओं को संभाल नहीं पा रहे हैं, मतभेद की स्थिति है. कांग्रेस पार्टी को जनता ने स्पष्ट रूप से नकार दिया है. आने वाले दिनों में भी स्थिति और स्पष्ट नजर आ रही है. भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने

कहा कि बीजेपी संविधान के हिसाब से चलती है. सुव्यवस्थित से तरीके से सर्वानुमति बनाकर करने का काम हो रहा है. प्राथमिक सदस्यता और सक्रिय सदस्यता के लिए भी अभियान चलाए गए. एक-एक बूथ में कमेटी, बूथ के बाद मंडलों और जिलों की रचना हुई है. जिले के बाद प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होगा. बता दें कि हाल ही में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की राष्ट्रिय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को पत्र लिखकर विलय का प्रस्ताव भेजा था. पत्र में लिखा कि प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की गठित पार्टी की विचारधारा कांग्रेस की है. पार्टी की कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि पार्टी का कांग्रेस में विलय हो. सभी पदाधिकारी और सदस्य कांग्रेस में प्रवेश करना चाहते हैं. डॉ. रेणु जोगी ने प्रवेश कराने का अनुरोध किया है।

पाली धान खरीदी केंद्र का संभागायुक्त कांवरे ने किया निरीक्षण

केंद्र में हुई धान खरीदी, उठाव एवं बारदाना की उपलब्धता के सम्बंध में ली जानकारी

कोरबा/नवप्रदेश। संभागायुक्त बिलासपुर महादेव कांवरे ने आज कोरबा जिले के पाली धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में धान की नमी परीक्षण का अवलोकन कर सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। कमिश्नर ने केंद्र में अब तक हुए धान खरीदी, धान उठाव, बारदाने की उपलब्धता, किसानों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्था के सम्बंध में प्रबंधक से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए, साथ ही उनकी सहूलियत के लिए केंद्र में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। कांवरे ने केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध माइक्रो एटीएम की के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। जिससे किसान समिति पर ही 10 हजार तक की राशि का आहरण आवश्यकतानुसार कर सकें।

इस अवसर पर एसडीएम पाली श्रीमती सीमा पात्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। पाली धान खरीदी केंद्र में आज तक किसानों से 13753.20 क्विन्टल धान की खरीदी की गई है। 6672 क्विन्टल धान का उठाव कर लिया गया है। शेष भंडारित धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जा रहाहै। केंद्र में 53 हजार बारदाना शेष बचे है जिससे धान खरीदी में किसी प्रकार की समस्या नही होगी।

सशक्तिकरण... **आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियों को दिए पदक**

सीखने के लिए सदैव सतत् इच्छा होनी चाहिए : रमेन डेका

रायपुर/नवप्रदेश। जीवन में आगे बढ़ने के लिए सीखना जरूरी है और सीखने के लिए सदैव एक सतत् इच्छा होनी चाहिए। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती है और सीखने की कोई उम्र नही होती। अच्छे इंसान बनें क्योंकि अच्छे व्यक्ति ही बेहतर समाज का निर्माण करते है। यह उद्गार राज्यपाल रमेन डेका ने आज आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 21 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 18 विद्यार्थियों को रजत पदक सहित 362 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पदक

प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की अधिक संख्या है। यह देख कर उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि महिला सशक्तिकरण दिन न दिन बहुत बेहतर हो रहा है।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन से काम करें तो आप की सफलता निश्चित है। उज्जवल भविष्य के लिए इच्छा शक्ति और अपनी क्षमता के साथ आगे बढ़े। समाज आपकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है उसके लिए काम करें। भारत 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहा है। आप लोगों की मेहनत और योग्यता से भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निजी संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। निजी उच्च शिक्षा संस्थान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के गाइडलाइन का पूर्णतः पालन करें और शिक्षा का स्तर बढ़ाएं। शिक्षा एक नोबल व्यवसाय है। केवल विशाल भवन बनाकर शिक्षा का स्तर नहीं बढ़ाया जा सकता, बल्कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना जरूरी है। शिक्षा केन्द्र को एक व्यवसाय का संस्थान न बनाया जाए। राज्यपाल ने पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि हमेशा श्रेष्ठता की ओर बढ़ते रहें। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर आर. पी. कौशिक ने भी अपना संबोधन दिया। कुलपति डॉ. एस. पी. दुबे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमेन श्री बृजेश चंद्र मिश्रा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं उनके पालकगण उपस्थित थे।

मालगाड़ी से टकराया बाइक सवार, एक की मौत

सूरजपुर/रायपुर नवप्रदेश।। जिले के बतरा रेलवे फाटक के पास दर्दनाक हादसा हुआ है। रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय बाइक सवार दो युवक मालगाड़ी से टकरा गए. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई है. वहीं दूसरा युवक घायल हुआ है।जानकारी के मुताबिक, करंजी चौकी क्षेत्र के बतरा रेलवे ट्रैक से मालगाड़ी के गुजरने का समय था। रेलवे क्रॉसिंग में फाटक नहीं होने से बाइक सवार ट्रैक पार करने लगे। इसी बीच अचानक वे ट्रेन की चपेट में आ गए. हादसे में एक की मौत हुई तो दूसरा घायल हो गया है. यहां फाटक नहीं होने के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है. दर्दनाक हादसे से लोगों में आक्रोश देखने को मिला है. मृतक के नाराज परिजनों को काफी समझाइश दी गई।

चाकू लहराते, धमकी देते सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. सोशल मीडिया पर चाकूबाज युवक खुलेआम गाली-गलौच करते हुए चाकू मारने की धमकी दे रहे हैं. एक बार फिर राजधानी में जेल से छूटकर आए आरोपी ने चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया है. युवक को चाकू मारने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लाइव आकर फिर से चाकू मारने की धमकी दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक: चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654